श्री अभय-जैन ग्रन्थमाला पुष्प १५

समयसुन्दर-कृति-कुसुमाञ्जलि

(कविवर की ५६३ लघु रचनाओं का संग्रह)

भूमिका लेखक

डा० हजारीप्रसादजी द्विवेदी

चरित्र लेखक और संशोधक

महोपाध्याय विनयसागर

संग्राहक और सम्पादक

अगरचन्द नाहटा,

भँवरलाल नाहटा

प्रकाशकः—

नाहटा ब्रदर्स
४ जगमोहन मल्लिक लेन
कलकत्ता ७

चैत्र शुक्ल १३ | प्रथमावृत्ति | मूल्य
वि० स० २०१३ | २००० |
वीर सं० २४८२ | | १०)

मुद्रकः—
जैन प्रिन्टिंग प्रेस, कोटा.

१. जैन साहित्य महारथी स्व० श्री मोहनलाल द० देशाई

समर्पण

जिनके "कविवर समयसुन्दर" निबन्ध ने हमें साहित्यक्षेत्र में
आगे बढ़ने का अवसर दिया, जिनके "जैन गूर्जर कविओ"
भाग १-२-३ व "जैन साहित्य नो संक्षिप्त इतिहास" ग्रन्थ
जैन साहित्य और इतिहास के लिए परम प्रकाश पुञ्ज
हैं, उन्हीं सहृदय, परम अध्यवसायो, शोध निरत,
महान् परिश्रमी और निष्णात साहित्य-महारथी
स्वर्गीय श्री मोहनलाल दलीचन्द देसाई (एड-
वोकेट, बम्बई हाईकोर्ट) महोदय की मधुर
स्मृति में यह सयमसुन्दर कृति
कुसुमाञ्जलि सादर समर्पित है।

अगरचन्द नाहटा,
भँवरलाल नाहटा.

भूमिका

मेरे मित्र श्री अगरचन्दजी नाहटा प्राचीन ग्रन्थों के अन्वेषक की अपेक्षा उद्धारक अधिक हैं, क्योंकि वे केवल पुस्तकों के भाण्डारों में गोते लगाकर सिर्फ पुरानी अज्ञात अपरिचित पुस्तकों और ग्रन्थकारों का पता ही नहीं लगाते हैं बल्कि पता लगाई हुई पुस्तक और लेखकों के अतिरिक्त वक्तव्य विषय का ऐतिहासिक वृत्त एवं सांस्कृतिक महत्त्व बताकर साहित्य प्रेमी जनता को उनके प्रति उत्सुक बनाते हैं और समय समय पर महत्व-पूर्ण ग्रन्थों का संपादन करके उन्हें सर्व-जन-सुलभ भी बनाते हैं। नाहटाजी ने अब तक सैंकड़ों अत्यन्त महत्त्वपूर्ण पुस्तकों का संधान बताया है और विभिन्न पत्र—पत्रिकाओं में सैंकड़ों लेख लिखकर विस्मृत ग्रन्थों तथा ग्रन्थकारों की ओर सहृदयों का ध्यान आकृष्ट किया है। नाहटाजी जैसे परिश्रमी और बहुश्रुत विद्वान हैं वैसे ही उदार और निस्पृह भी। उन्होंने अपने महत्व-पूर्ण लेखों को दोनों हाथ लुटाया है। छोटी-छोटी अपरिचित पत्रिकाएँ भी उनकी कृपा से कभी वञ्चित नहीं रहती हैं। इस अवढर दानी स्वाभाव का फल यह हुआ है कि उनके लेख इतने बिखर गए हैं कि साहित्य के विद्यार्थी के लिए एकत्र करके पढ़ना और लाभ उठाना लगभग असम्भव हो गया है। यदि ये सभी लेख पुस्तक रूप में एकत्र संगृहीत हो जाँय तो बहुत ही अच्छा हो। अस्तु।

उत्तर भारत में ईस्वी सन् की १० वीं शताब्दी के बाद विदेशी आक्रामकों के धक्के बार-बार लगते रहे हैं। इसका नतीजा यह हुआ है कि दसवीं से चौदहवीं शताब्दी तक देशी भाषाओं में जो साहित्य बना वह उचित संरक्षण नहीं पा सका। साधारणतः तीन प्रकार से प्राचीन काल में हस्तलिखित ग्रन्थों का रक्षण होता रहा है—(१) राजशक्ति के आश्रय में, (२) सघटित धर्म-संप्रदाय के संरक्षण में, और (३) लोक-मुख में। जिन प्रदेशों ने परवर्तीकाल में अवधी और ब्रजभाषा का साहित्य लिखा गया, उनमें दुर्भाग्यवश चौदहवीं शताब्दी तक देशी भाषाओं में लिखे गए साहित्य के लिए प्रथम दो आश्रय बहुत कम उपलब्ध हुए। मुगल साम्राज्य की प्रतिष्ठा के बाद देश में शान्ति और सुव्यवस्था कायम हुई और हस्तलिखित ग्रन्थों के संरक्षण का सिलसिला भी जारी हुआ। परन्तु राजपूताने में दोनों प्रकार के आश्रय प्राप्त थे। इसीलिये राजस्थान में देशी भाषा के अनेक ग्रन्थ सुरक्षित रहे। यद्यपि विदेशी आक्रामकों ने राजपूताने पर भी आक्रमण किए परन्तु भौगोलिक कारणों से उस प्रदेश में बहुत-सा साहित्यिक संपत्ति सुरक्षित रह गई। अनेक राजवंशों के पुस्तकालयों में ऐसी पुस्तकें किसी न किसी रूप में सुरक्षित रह गई। किन्तु पुस्तकों के संग्रह और सुरक्षण का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण कार्य जैन-ग्रन्थ-भाण्डारों ने किया है। जैन मुनि लोग सदाचारी और विद्याप्रेमी होते थे। वे स्वयं शास्त्रों का पठन-पाठन करते थे, और लोक-भाषा में काव्य-रचना भी करते थे। इन ग्रन्थ भाण्डारों का इतिहास बड़ा ही मनोरंजक है। काल-क्रम से गृहस्थ भक्तों के चित्त में इन ग्रन्थ भाण्डारों के प्रति कभी कभी मोहान्ध भक्ति भी देखी गई है। कितने ही भाण्डारों के ताले वर्षों से खुले ही नहीं, कितने ही ग्रन्थ भाण्डारों में पुस्तकें रखी-रखी राख हो गई, और जाने कितने बहुमूल्य

ग्रन्थ सदा के लिये लुप्त हो गए। फिर भी इस निष्ठा पूर्वक समाचरित अन्धभक्ति का ही सुफल है कि इन ग्रन्थ-भाण्डारों के ग्रन्थ बिना हेर—फेर के शताब्दियों से ज्यों के त्यों सुरक्षित रह गए हैं। इन ग्रन्थ-भाण्डारों की पूर्ण परीक्षा अभी नहीं हुई है। परन्तु जिन लोगों को भी इन महत्त्वपूर्ण भाण्डारों को देखने का सुअवसर मिला है; वे कुछ न कुछ महत्त्व-पूर्ण ग्रन्थ अवश्य (प्रकाश में) ला सके हैं। नाहटाजी को कई भाण्डारों के देखने का अवसर मिला है और उन्होंने अनेक ग्रन्थ-रत्नों का उद्धार भी किया है। समयसुन्दर कृति 'कुसुमाञ्जलि' भी ऐसी ही खोज का सुफल है। यह ग्रन्थ भाषा, छन्द, शैली और ऐतिहासिक सामग्री की दृष्टि से बहुत महत्व-पूर्ण है। इसमें सन् १६८७ ई० के अकाल का बड़ा ही जीवन्त वर्णन है। यह अकाल गोसाईं तुलसीदास के गोलोकवास के सिर्फ सात वर्ष बाद हुआ था। कवि ने इसका बड़ा ही हृदय-द्रावक और जीवन्त वर्णन किया है। इस ग्रन्थकार के बारे में नाहटाजी ने नागरी-प्रचारिणी पत्रिका के सं० २००६ के प्रथम अंक में जो लिखा था, उससे ज्ञात पड़ता है कि इस ग्रन्थकार की जन्म-भूमि मारवाड़ प्रांत का सांचौर स्थान है। ये पोरवाड़ वंश के रत्न थे और इनका जन्मकाल सम्भवत: सं० १६२० वि० है। अकबर के आमंत्रण पर ये लाहौर में सम्राट से मिलने गए थे। इनके लिखे संस्कृत ग्रन्थों की संख्या पच्चीस है और भाषा में लिखे ग्रन्थों की संख्या भी तेईस है। इन्होंने 'सात छत्तीसियों' की भी रचना की थी। कई अन्य रचनाएं भी इनके नाम पर चलती हैं पर नाहटाजी को उनकी प्रामाणिकता पर सन्देह है। सं० १७०२ में चैत्र शुक्ला त्रयोदशी (महावीर जन्म जयन्ती) के दिन अहमदाबाद में इन्होंने अनशन आराधना पूर्वक शरीर त्याग किया।

इनके द्वारा रचित साहित्य की नामावली देखने से यह स्पष्ट हो जाता है कि वह कितना महत्त्व पूर्ण है । उसमें रास, चौपाई आदि कई ऐसे काव्य रूप मिलते हैं, जो अपभ्रंश-काल से उस समय तक बनते चले आ रहे थे । इनके प्रकाशित होने पर उन छूटी हुई कड़ियों का पता लग सकता है, जो अब तक अज्ञात हैं । नाहटाजी ने जिस ग्रन्थ का संपादन किया है वह इनकी कवित्व-शक्ति की प्रौढ़ता का उदाहरण है । इसकी भाषा में भावों को अभिव्यक्त करने की अद्भुत क्षमता है । कवि का ज्ञान-परिसर बहुत ही विस्तृत है, इसलिये वह किसी भी वर्ण्य विषय को बिना आयास के सहज ही संभाल लेता है ।

इस पुस्तक के छन्दों और रागों से तत्कालीन ब्रजभाषा में प्रचलित पद-शैली के अध्ययन में सहायता मिलेगी । नाथ-पंथी योगियों और निर्गुणियों सन्तों की भाषा और शैली की तुलना की जा सकती है । जान पड़ता है कि इस ग्रन्थ का लेखक निर्गुण भाव से भजन करने वाले सन्तों की साखी तथा सबदी शैली से पूर्णत: परिचित है और सूरदास, तुलसीदास जैसे सगुण भाव से भजन करने वाले भक्त कवियों की पदावली से भी प्रभावित है । कई पदों में सूरदास और तुलसीदास की शैलियों का रस मिलता है । यह ग्रन्थ सन् ई० की सोलहवीं और सत्रहवीं शताब्दी की भाषा और शैली के अध्ययन में बहुत सहायक सिद्ध होगा ।

नाहटाजी ने इस ग्रन्थ का संपादन करके हिन्दी-साहित्य के अध्येताओं के सामने बहुत अच्छी सामग्री प्रस्तुत की है । मैं हृदय से उनके प्रयत्न का अभिनन्दन करता हूँ । भगवान से मेरी प्रार्थना है कि नाहटाजी को दीर्घायुष्य और पूर्ण स्वास्थ्य प्रदान करें; जिससे वे अनेक महत्त्व-पूर्ण ग्रन्थ-रत्नों का उद्धार करते रहें । तथास्तु ।

काशी
११-३-५६

हजारीप्रसाद द्विवेदी

वक्तव्य

महोपाध्याय कविवर समयसुन्दर की लघु रचनाओं का यह संग्रह प्रकाशित करते हुए २८ वर्ष पूर्व की मधुर स्मृतियें उभर आती हैं। वैसे तो कविवर की रचनाओं का रसास्वाद हमें अपने बाल्यकाल में ही मिल गया था, क्योंकि राजस्थान में, विशेषतः बीकानेर में आपके रचित शत्रुञ्जय रास, ज्ञान पञ्चमी और एकादशी के स्तवन, वीर स्तवन (वीर सुणो मोरी वीनती), शत्रुञ्जय आलोयणा स्तवन (कृपानाथ मुझ वीनती अवधार) और कई अन्य स्तवन और सज्झायें जैन जनता के हृदयहार बन रही हैं। इनमें से कई रचनायें तो किसी गच्छ और सम्प्रदाय के भेदभाव बिना समस्त श्वेताम्बर जैन समाज में खूब प्रसिद्ध हैं। हमारे पिताजी प्रातःकाल की सामायिक में आपके रचित शत्रुञ्जय रास, गौतमगीत, नाकोड़ा स्तवन आदि नित्य पाठ किया करते थे और माताजी एवं अन्य परिवार वालों से भी आपकी रचनाओं का मधुर गुञ्जारव हमने बाल्यकाल में सुना है। पर सं० १९८४ की माघ शु० ५ को खरतरगच्छ के बड़े प्रभावशाली और गीतार्थ आचार्य श्रीजिनकृपाचंद्रसूरिजी हमारे पिताश्री और बाबाजी आदि के अनुरोध से बीकानेर पधारे। यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है। हमारी कोटड़ी में ही उनके विराजने से हम भी व्याख्यान, प्रतिक्रमण आदि का लाभ उठाने लगे। इससे पूर्व भी कलकत्ता में सरबसुखजी नाहटा के साथ प्रतिदिन सामायिक में गाते हुए शत्रुञ्जय रास आदि तो हमने कण्ठस्थ कर लिये थे और ज्ञानपञ्चमी-एकादशी के स्तवन आदि भी समय समय पर बोलने और सुनाने के कारण अभ्यस्त हो गये थे। आचार्यश्री के साथ उपाध्याय सुखसागरजी, विनयी राजसागरजी और लघु शिष्य

संवेगसागरजी थे, उनसे भी प्रतिक्रमण आदि में आपके कई स्तवन-सज्झाय सुनते रहते थे। पर एक दिन उनके पास आनन्द-काव्य महोदधि का सातवाँ मौक्तिक देखा, जिसमें जैन-साहित्य महारथी स्व० मोहनलाल दलीचन्द देसाई का "कविवर समय-सुन्दर"† निबन्ध पढ़ने को मिला। इस ग्रन्थ में कविवर का चार प्रत्येकबुद्ध रास भी छपा था। देसाई के उक्त निबन्ध ने हमें एक नई प्रेरणा दी। विचार हुआ कि समयसुन्दर राजस्थान के एक बहुत प्रसिद्ध कवि हैं और बीकानेर की आचार्य खरतर शाखा का उपाश्रय तो समयसुन्दर जी के नाम से ही प्रसिद्ध है। अतः उनके सम्बन्ध में गुजरात के विद्वान ने इतने विस्तार से लिखा है तो राजस्थान में खोज करने पर तो बहुत नई सामग्री मिलेगी। बस, इसी आंतरिक प्रेरणा से हमारी शोध प्रवृत्ति प्रारम्भ हुई। श्रीजिन-कृपाचन्द्रसूरिजी के उपाश्रय में ही हमें आपकी अनेक रचनाएँ मिलीं, जिनमें से चौवीसी को तो हमने अपने 'पूजा संग्रह' के अन्त में सं० १९८५ ही में प्रकाशित करदी थी और बड़े उपाश्रय के ज्ञान-भंडार, जयचंदजी भंडार, श्रीपूज्यजी का संग्रह, यति चुन्नीलालजी भं० अनूप संस्कृत लाइब्रेरी और पार्श्वचंद्रसूरि उपाश्रय भं० व खरतर आचार्य शाखा का भण्डार मुख्यतः इसी दृष्टि से देखने आरम्भ किये कि कविवर की अज्ञात रचनाओं का संग्रह और प्रकाशन किया जाय। ज्यों ज्यों इन संग्रहालयों की हस्तलिखित प्रतियां देखने लगे, त्यों त्यों कविवर को अनेक अज्ञात रचनाएँ मिलने के साथ अन्य भी नई नई सुन्दर सामग्री देखने को मिली उससे हमारा उत्साह बढ़ता चला गया। सबसे पहले महावीर मण्डल के पुस्तकालय में हमें एक ऐसा गुटका मिला जिसमें कविवर की छोटी छोटी पचासों रचनाएँ संगृहीत थीं। साथ ही विनयचन्द्र आदि सुकवियों की मधुर

---

† यह गुजराती साहित्य परिषद् में पहले पढ़ा गया फिर जैन साहित्य संशोधक भा० २ अ० ३-४ में छपा था।

रचनाएँ भी देखने को मिलीं। हमने बड़े उत्साह के साथ उन सब की नकलें करलीं। उस समय की लिखी हुई स्तवन सज्झाय संग्रह की दो कापियां आज भी हमें उस समय की हमारी रुचि और प्रवृत्ति की याद दिला रही हैं। साथ ही दूसरे कवियों की जो छोटी छोटी सुन्दर रचनाएँ हमें मिलीं, उनके नोट्स भी दो छोटी-कॉपियों में लेते रहे, जो अब तक हमारे संग्रह में हैं। कविवर की रचनाएं इतनी अधिक प्रचलित हुई व इतनी बिखरी हुई हैं कि जिस किसी सग्रहालय में हम पहुंचते, वहां कोई न कोई अज्ञात छोटी मोटी रचना मिल ही जाती। इसलिये हमारी शोध प्रवृत्ति को बहुत वेग मिला। बड़े-बड़े ही नहीं, छोटे-छोटे भण्डारों के फुटकर पत्रों और गुटकों को भी हमने इसी लिये छान डाला कि उनमें कविवर की कोई रचना मिल जाय। आशानुरूप हर जगह से कुछ न कुछ मिल ही जाता। इस तरह वर्षों के निरन्तर लगन और श्रम से इस सग्रह को हम तैयार कर सके हैं।

कविवर के सम्बन्ध से ही हमें बड़े बड़े विद्वानों से पत्र व्यवहार करने, मिलने और भण्डारों को देखने का सुयोग मिला। अन्यथा पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थी और व्यापारी घराने में जनमे हुए साधारण व्यक्ति के लिये वैसे सम्पर्कों की कल्पना भी नहीं की जा सकती। इस लिये कविवर का जितना ऋण हमारे पर है, उससे थोड़ा सा उऋण होने का हमारा यह प्रकाशन-प्रयास है। देसाई के उल्लिखित कविवर की कई रचनाओं के सम्बन्ध में हमें उन्हें पूछ-ताछ करना आवश्यक था। इसलिये हमने अपनी जिज्ञासा कई प्रश्नों के रूप में उन्हें लिख भेजी। किसी भी साहित्यिक विद्वान से पत्र व्यवहार करने का हमारा यह पहला मौका था। कई महीनों तक उनका उत्तर नहीं आया तो बड़ा विचार और निरुत्साह होने लगा। पर कई महीनों बाद (ता० १६-१-३० को) उनका एक विस्तृत पत्र आया और फिर तो हमारा और उनका घनिष्ट सम्बन्ध होगया। उनके करीब ५० महत्त्वपूर्ण

पत्र हमारे संग्रह के हजारों पत्रों में निधिरूप हैं। फिर तो देसाईजी ने हमारे यु० जिनचन्द्रसूरि ग्रन्थ की विस्तृत प्रस्तावना लिखी। वे बीकानेर भी आये और कई दिन हमारे यहां रहे। तत्पूर्व और तब सैंकड़ों अज्ञात ग्रन्थों की जानकारी हमने शताधिक पृष्ठों की उन्हें दी, जिसका उपयोग उन्होंने 'जैनगूर्जर कविओ' के तीसरे भाग में किया है। इसी तरह पं० लालचन्द भगवानदास गाँधी, बड़ौदा इन्स्ट्रीच्यूट के बड़े विद्वान हैं; उन्होंने जैसलमेर भांडागारीय सूची में समयसुन्दरजी की रचनाओं की सूची दी है, उसमें से कई रचनाएँ हमें कहीं नहीं मिली थीं। इसलिये उनसे भी सर्व प्रथम (ता० २७-१२-२६ के हमारे पत्र का उत्तर ता० १-२-३० को मिला) पत्र व्यवहार कवि की उन रचनाओं के लिये ही हुआ। कलकत्ते के अद्वितीय संग्राहक स्व० पूर्णचन्द्रजी नाहर से भी हमारा सम्बन्ध कविवर की आलोयणा छत्तीसी को लेकर हुआ। हम कविवर की अज्ञात रचनाओं की जानकारी के लिए उनके यहाँ पहुंचे तो आलोयणा छत्तीसी का नाम उनकी सूची में पाप छत्तीसी लिखा देखकर दोनों रचनाओंकी अभिन्नता की जांच करने के लिए उसकी प्रति निकलवाई। तभी से उनसे हमारा मधुर सम्बन्ध दिनों दिन बढ़ता गया। वे कई बार हमारे इस प्रारम्भिक सम्पर्क की याद दिलाते हुए कहा करते थे कि हमारा और आपका सम्बन्ध उस "पाप छत्तीसी" के प्रसङ्ग से हुआ है। ये थोड़े से उदाहरण हैं, जिनसे पाठक समझ सकेंगे कि कविवर की रचनाओं की शोध के द्वारा ही हमारा साहित्यिक, ऐतिहासिक, अन्वेषणात्मक जीवन का प्रारम्भ हुआ और बड़े बड़े विद्वानों के साथ सम्पर्क स्थापित हुआ।

उपाध्याय सुखसागरजी की प्रेरणा और सहयोग भी यहां उल्लेखनीय है। उन्हें भी कविवर के ग्रन्थों के प्रकाशन की ऐसी धुन लगी कि बीकानेर चातुर्मास के बाद सर्व प्रथम स० १९८८ में कल्याण मन्दिर वृत्ति, जिसकी उस समय एक मात्र प्रति पार्श्व-

चन्द्रसूरि गच्छ के उपाश्रय में ही मिली थी, प्रकाशित करवाई और उसके बाद क्रमशः गाथा सहस्री, कल्पसूत्र की कल्पलता टीका, कालिकाचार्य कथा (स० १६६६), सप्तस्मरण वृत्ति, समाचारी शतक (स०१६६६) आदि बड़े-बड़े ग्रथ सम्पादित कर प्रकाशित करवाये। इसके पूर्व भी विशेषशतक (स० १६७३), जयतिहुअणवृत्ति, दुरियर-वृत्ति (सं० १६७२-७३), जिनदत्तसूरि ग्रन्थमाला से वे प्रकाशित करवा चुके थे। इनके अतिरिक्त इससे पूर्व कविवर की संस्कृत रचनाओं में दशवैकालिकवृत्ति, अल्पबहुत्वगर्भित वीरस्तवस्वोपज्ञ-वृत्ति, श्रावकाराधना और अष्टलक्षी ये चन्द ग्रन्थ ही विविध स्थानों से छपे थे। स० २००८ में बुद्धिमुनिजी ने चातुर्मासिक व्याख्यान पद्धति प्रकाशित की। राजस्थानी भाषाओं की रचनाओं में शत्रुञ्जय रास, दानादि चौढालिया, ज्ञानपञ्चमी, एकादशी आदि के पूर्व वर्णित स्तवन, सज्झाय, 'रत्नसागर', 'रत्न समुच्चय' और हमारे प्रकाशित 'अभयरत्नसार' आदि में बहुत पहले ही छप चुके थे। देसाई ने भी उन्हें प्राप्त कुछ छोटे-मोटे गीत और वस्तुपाल तेजपालरास, सत्यासिया दुष्काल वर्णन आदि जैनयुग (मासिक) में प्रकाशित किये थे। हमने कविवर की रचनाओं में सर्वप्रथम 'जैनज्योति' मासिक पत्र में पुन्जा ऋषिरास स. १९८७ में प्रकाशित करवाया और कवि के मृगावतीरास के आधार से 'सती-मृगावती' पुस्तक लिखकर स० १९८६ में प्रकाशित की। उसके बाद तो कविवर सम्बन्धी कई लेख जैन, कल्याण (गुज०), भारतीय विद्या (सत्यासीया दुष्काल वर्णन छत्तीसी), नागरी प्रचारिणी पत्रिका, जैन-भारती,¶ जैन जगत आदि पत्रों में प्रकाशित किये।

सं० १९८६ मे ही हमें कविवर के जीवनी संबंधित उन्हीं के शिष्य हर्षनंदन और देवीदास रचित 'समयसुंदरोपाध्यायनाम् गीत द्वयम्' का एक पत्र प्राप्त हुआ, जिनकी नकल हमने देसाईजी को भेजकर जैनयुग

¶ गत वर्ष धनदत्त रास व प्रियमेलक रास का सार भी जैनभारती और मरुभारती में प्रकाशित किया गया है।

के सं० १६८६ के वैशाख जेठ अङ्क के पृ० ३५२ में प्रकाशित करवाये। साथ ही सत्यासिया दुष्काल वर्णन के अपूर्ण प्राप्त १६ पद्य देसाई ने जैनयुग सं० १६८५ के भादवे से कार्तिक अङ्क के पृ० ६८ में छपवाये थे, उनके कुछ और पद्य हमें प्राप्त हुए उन्हें भी आगमवाणी के साथ उसी वैशाख-जेठ के अङ्क में प्रकाशित करवा दिये। गीत द्वय को प्रकाशित करते हुये उस समय हमारे सम्बन्ध में देसाई जी ने लिखा था—"आ कवि श्री सम्बन्ध मां में भावनगर गुजराती साहित्य परिषद माटे एक निबन्ध लख्यो हतो अने ते जैन साहित्य संशोधक ना खण्ड २ अङ्क ३।४ मां अने ते सुधारा वधारा सहित आनन्द काव्य महोदधि ना मौक्तिक ७ मां नी प्रस्तावना मां प्रकट थयो छे। ते कवि सम्बन्धी बीकानेर ना एक सज्जन श्रीयुत अगरचन्द भँवरलाल नाहटा घणो प्रयास करता रह्या छे अने अप्रकट कृतिओ तेमणे मेलवी छे। ए शोधना परिणाम रूपे तेमना सम्बन्ध मां तेमना शिष्य हर्षनन्दने अने देवीदासे गोतो रच्या छे ....आ बन्ने गोतो अमे नीचे उतारीने आपिये छीये अने तेनो उपगार श्रीयुत नाहटाजी ने छे कारण के तेमने पोताना संग्रह मां थी उतारी ने मोकल्या छे।"

कविवर की जीवनी संबन्धी जो दो गीत उपर्युक्त 'जैन-युग' में प्रकाशित करवाये गये, उनमें सं० १६७२ तक की घटनाओं का ही उल्लेख था। इसके बाद बाड़मेर के यतिवर्य नेमिचन्दजी से कविवर के प्रशिष्य राजसोमरचित 'महोपाध्याय समयसुन्दरजी गीतम्' प्राप्त हुआ, जिसमें उनके उपाध्यायपद, क्रियाउद्धार और अहमदाबाद में सं० १७०२ के चैत्र शु० १३ को स्वर्गवास होने का महत्वपूर्ण उल्लेख पाया गया। उसके बाद आज तक भी उनकी जीवनी सम्बन्धी कोई रचना और कहीं से प्राप्त नहीं हुई।

कविवर के प्रगुरु अकबर प्रतिबोधक युगप्रधान श्रीजिनचन्द्र-सूरि थे। कविवर के प्रसङ्ग से ही उनका संक्षिप्त परिचय पहले लिखा गया जो बढते बढते ४५० पृष्ठों के महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ के रूप में परिणित हो गया। शताधिक ग्रन्थों के आधार से हमारा यह सर्वप्रथम विशिष्ट ग्रन्थ लिखा गया, उसका श्रेय भी कविवर को ही है। इस ग्रन्थ में विद्वत् शिष्य समुदाय नामक प्रकरण में कविवर का भी परिचय दिया गया था। उसी के साथ-साथ हमारा दूसरा वृहद् ग्रन्थ 'ऐतिहासिक जैन काव्य संग्रह' छपना प्रारम्भ हुआ, जिसमें कविवर के जीवन सम्बन्धी उपर्युक्त तीनों गीत प्रकाशित किये गये।

कविवर ने अपनी लघु रचनाओं का संग्रह स्वयं ही करना प्रारम्भ कर दिया था। क्योंकि वैसी रचनाओं की संख्या लगभग एक हजार के पास पहुंच चुकी होगी। अतः उनका व्यवस्थित संकलन किये बिना इन फुटकर और बिखरी हुई रचनाओं का उपयोग और संरक्षण होना बहुत ही कठिन था। हमें उनके स्वय के हाथ के लिखे हुए कई सकलन प्राप्त हुए हैं और कई संकलनों की नकलें भी प्राप्त हुई हैं, जिनसे उन्होंने समय-समय पर अपनी लघु रचनाओं का किस प्रकार सङ्कलन किया था उसकी महत्वपूर्ण जानकारी मिलती है। उनके किये हुए कतिपय संकलनों का विवरण इस प्रकार है—

छत्तीस की संख्या तो उन्हें बहुत अधिक प्रिय प्रतीत होती है। क्षमा छत्तीसी, कर्मछत्तीसी, पुण्य छत्तीसी, सन्तोष छत्तीसी, आलोयण छत्तीसी आदि स्वतंत्र छत्तीसियां प्राप्त होने के साथ-साथ निम्नोक्त सकलित छत्तीसियां विशेष रूप से उल्लेखनीय है :—

१. ध्रुपद छत्तीसी—इसमें छोटे छोटे छत्तीस पद जो राग-रागनियों में है, उनका संकलन किया गया है। यद्यपि हमने

उनको उस रूप में इस ग्रन्थ में नहीं रखा है। हमारा वर्गीकरण कुछ विशेष प्रकार का होने से प्राप्त कई संकलनों का क्रम टूट गया है। इस ध्रुपद छत्तीसी की सं० १६७० की लिखित प्रति देसाई के संग्रह में है। अन्य प्रति बीकानेर के बड़े ज्ञान भंडार में है।

२. तीर्थ भास छत्तीसी—इसमें तीर्थों सम्बन्धी छत्तीस गीतों का सकलन किया गया है। इसकी ११ पत्रों की अहमदाबाद में सं० १७०० आषाढ वदि १ स्वयं की लिखित प्रति बंबई रॉयल ऐशियाटिक सोसाइटी से प्राप्त हुई है। अन्य प्रति हमारे संग्रह में है।

३. प्रस्ताव सवैया छत्तीसी—इसमें छत्तीस फुटकर सवैयों का सकलन है, जो समय समय पर रचे गये होंगे। इसकी स्वय लिखी प्रति हमारे संग्रह में है।

४. साधु गीत छत्तीसी—इसके अंतिम २ पत्रों वाली प्रति हमारे सग्रह में है, जिसमें ३१ से ३६ तक के गीत व अन्त में ३६ गीतों की सूची है।

५. सत्यासिया दुष्काल वर्णन छत्तीसी—इसके फुटकर वर्णन वाले छन्दों की कई प्रकार की प्रतियां मिली हैं। जिनसे मालूम होता है कि समय समय पर उन छन्दों की रचना फुटकर रूप में हुई और अन्त में पूर्तिस्वरूप कुछ पद्य बनाकर यह छत्तीसी रूप संकलन तैयार कर दिया गया।

६. नेमिनाथ गीत छत्तीसी—इसकी स्वयं लिखित प्रति के नौ पत्र हमारे सग्रह में है, इसका अन्त का एक पत्र नहीं मिलने से ३४ वें गीत की एक पंक्ति के बाद शेष २ गीत अधूरे रह जाते हैं।

७. वैराग्य गीत छत्तीसी—इसमें वैराग्योत्पादक छत्तीस गीतों का संकलन था, पर इसकी प्रति भी त्रुटित (पत्रांक ४-१० वां, दो पत्र)

प्राप्त हुई है। उसके अन्त में जो सूची दी गई है, उसमें से तीन गीत तो अभी तक प्राप्त नहीं हुए हैं—१. मोरा जीवनजी, २. जपउ पञ्च परमेष्ठी परभाति जाणं, ३ मरण पगा माहि नित वहइ।

सांझी गीत पचीसी—इसी तरह सांझी गीतों का एक संग्रह तैयार किया गया, जिसकी एक प्रति पालनपुर भण्डार में इलादुर्ग में स्वयं की लिखी हुई सात पत्रों की मिली, जिसमें २१ सांझी गीत थे। इसके बाद बीदासर के यति गणेशलालजी के संग्रह में दूसरी प्रति मिली, जिसमें चार गीत और जोड़कर गीतों की संख्या २५ की करदी गई है। इसलिये हमारे इस ग्रन्थ के पृष्ठ ४६३ में सांझी गीतों का कलश रूप जो गीत छपा है, उसके अन्तिम पद्य में 'सांझी गीत सुहावणा ए, मैं गाया इकवीस' छपा है। यहां दूसरी प्रति में २१ के स्थान 'पचवीस' का पाठ मिलता है।

रात्रिजागरण गीत पंचास—इसमें धार्मिक उत्सवों के समय रात्रिजागरण करने की जो प्रणाली थी, उसमें गाये जाने योग्य ५० गीतों का संकलन कवि ने किया है। जिसका अंतिम कलश-गीत इसी ग्रन्थ के पृ० ४६३ में छपा है। इसकी स्वयं की लिखित प्रति हमारे संग्रह में है, जिसमें ४६ गीत हैं।

भास शतकम्—इसमें भास संज्ञावाली एक सौ रचनाओं का संकलन है। सं० १६६७ अहमदाबाद में स्वयं की लिखी हुई २६ पत्रों की प्रति महोपाध्याय विनयसागरजी को प्राप्त हुई। इसका प्रथम पत्र नहीं मिला है।

साधु गीतानि—इसमें मुनियों की जीवनी सम्बन्धी गीतों का संकलन किया गया है। इसकी भी स्वयं लिखित दो प्रतियां और अन्य लिखित कई प्रतियां मिली हैं। जिनमें एक के तो मध्य पत्र ही मिले हैं। उनमें संख्या २१ से ५१ तक के गीत ही मिले हैं।

सं० १६६५ में हरिराम का लिखा हुआ गीत भी इसमें है। प्रारम्भिक गीत स्वयं लिखित हैं और पीछे के गीत हरिराम के लिखित हैं। एक गीत में १।। गाथा तो स्वयं की लिखित और पीछे का अश हरिराम का लिखा मिला है। लींबड़ी भण्डार में 'साधुगीतानि' की जो दूसरी प्रति मिली है उसमें ४६ गीत हैं। इनमें स० १६६२ मिग० सुदि १ अहमदाबाद के ईदलपुर में चातुर्मास करते हुये ४५ गीत लिखे और ४ गीत फिर पीछे से लिखे गये। ६ पत्रों की अपूर्ण अन्य प्रति में २३ गीत मिले हैं।

वैराग्यगीत-साधुगीतानि—की एक दूसरी प्रति के अत के पत्रों में वैराग्य गीतों का संकलन किया है। पर वह प्रति अधूरी मिली है।

नाना प्रकार गीतानि—इसकी स्वयं लिखित एक प्रति २७ पत्रों की हमारे संग्रह में है, जिसमें १३५ गीत सगृहीत हैं। पर इसके प्रारम्भ और मध्य के कुछ पत्र नहीं मिले हैं।

पार्श्वनाथ लघुस्तवन—इसकी ८ पत्रों की स्वयं लिखित प्रति हमारे सग्रह में है। इसमें पार्श्वनाथ के १४ गीतों का संकलन है, सं० १७०० मार्ग० व० ५ अहमदाबाद के हाजा पटेल पोल के बड़े उपाश्रय में शिष्यार्थ यह प्रति लिखी गई।

अन्त समये जीव प्रतिबोध गीतम्—इसमें इस भाव वाले १२ गीत सकलित हैं। प्रथम पत्र प्राप्त नहीं होने से प्रथम के दो गीत प्राप्त नहीं हो सके। प्रति स्वयं लिखित है।

दादागुरु गीतम्—इसमें जिनदत्तसूरि और जिनकुशलसूरि जी के १० गीत हैं। इसका स्वयं लिखित सं० १६८८ के एक पत्र का आधा अश ही मिला है। जिससे पांच गीत त्रुटित प्राप्त हुए हैं, जो इस ग्रन्थ के अन्त में दिये गये हैं। इनमें से अजमेर दादा जी स्तवनादि का एक पत्र स्वयं लिखित और हमारे संग्रह में था पर अभी नहीं मिला अन्यथा पूर्ति हो जाती।

जिनसिंहसूरि गीत—हमारे संग्रह की वृहद् संग्रह प्रति के बीच के पत्रांक ४३ से ५६ में जिनसिंहसूरि के २२ गीत लिखे हैं। पीछे

के कई पत्र नहीं मिले, उनमें और भी होंगे। इसी तरह जिन-सागरसूरि का गीत संग्रह आदि विविध प्रकार के अनेक सङ्कलन-संग्रह मिले हैं।

इस प्रकार और भी कई छोटे-बड़े संकलन कवि के स्वयं लिखित या उनकी प्रतिलिपि किये हुये प्राप्त हैं। हमें ये सङ्कलन आहिस्ता-आहिस्ता मिलते गए और कइयों की प्रतियां तो अधूरी ही मिली हैं। इसलिये बहुत से गीत अभी और मिलेंगे और कई जो त्रुटित रूप में अपूर्ण मिले हैं, उनकी भी अन्य प्रतियां प्राप्त होनी आवश्यक हैं। हमने उनको पूर्ण करने के लिए बहुत प्रयत्न किया। पचासों प्रतियां व सैंकड़ों फुटकर पत्र देखे, पर जिनकी अन्य प्रति नहीं मिली उन्हें जिस रूप में मिले उसी रूप में छपाने पड़े हैं।

अब हम इस सग्रह में प्रकाशित जिन रचनाओं में कुछ पाठ त्रुटित रह गये हैं। उनकी सूची नीचे दे रहे हैं, जिससे उन रचनाओं की किसी को पूरी प्रति प्राप्त हो तो वे पूर्ति के पाठ को लिख भेजें।

पृ० १६ 'चौवीस जिन सवैया' के ७ वें पद्य का प्रारंभिक अंश।
,, १७ ,, ,, ,, ८ वें पद्य का मध्यवर्ती अंश।
,, २२ 'ऐरवतक्षेत्र चतुर्विंशति गीतानि' के प्रारंभिक सात जिनगीत
,, १०४ 'पाटण शांतिनाथ स्तवन' की प्रारम्भिक १६ गाथाएँ।
,, १२६ 'नेमिनाथ गीत' की प्रथम पद्य के बाद की गाथाएँ।
,, १३३ 'नेमिनाथ सवैया' के प्रारम्भिक ८॥ सवैये।
,, १३६ ,, ,, पद्यांक १६ में इस प्रकार छपने से रह गया है—

'विजुरी विचइं डरावइ सखि मोहि नींद नावइ,
कृपाल कुंको कहावइ अेकु अरदास रे।'

,, १४२ 'नेमिनाथ सवैया' के पिछले २॥ सवैये।

पृ० १८८ श्लोक ८ की प्रथम पंक्ति में 'ललित' और 'विनात भव्यै' के बीच एक अक्षर त्रुटित है।

,, १६४ 'पार्श्वनाथ शृङ्गाटक बद्ध स्तवन' के ८ वें पद्य की तीसरी पंक्ति में 'ललनं' और 'विधारिरिक्त' के बीच में एक अक्षर त्रुटित है।

,, २४७ 'अइमत्ता मुनिगीत' के सवा दो पद्यों के बाद के पद्य नहीं मिले हैं।

,, ३३२ 'चुलणी भास' के पद्य ३॥ से ४॥ नहीं मिले हैं।

,, ३४१ 'राजुल रहनेमि गीतम्' के पद्य ५ की अन्तिम दूसरी पंक्ति का छूटा हुआ अंश त्रुटित है।

,, ३७१ 'जिनचन्द्रसूरि छन्द' के तीसरे छन्द की तीसरी पंक्ति त्रुटित है।

,, ३७८ 'जिनसिंहसूरि आलीजा गीत' गाथा १० के बाद त्रुटित है।

,, ३८४ 'जिनसिंहसूरि गीत' के गीत न० ७ की गाथा नं० १ का मध्यवर्त्ती अंश त्रुटित।

,, ४०३ 'जिनसिंहसूरि गीत' नं० ३२ गाथा ४॥ के बाद त्रुटित।

,, ४०७ 'जिनसागरसूरि अष्टक' तीसरे श्लोक की अतिम पंक्ति त्रु०.

,, ४४८ 'कर्मनिर्झरा गीत' चौथी गाथा की दूसरी पंक्ति त्रुटित।

,, ४५५ 'तुर्य बीसामा गीत' दूसरी गाथा की तीसरी पंक्ति त्रुटित।

,, ४७३ 'ऋषि महत्व गीत' दूसरी गाथा की अतिम पंक्ति प्राप्त नहीं।

,, ४७६ 'हित शिक्षा गीत' ७ वें पद्य की दूसरी पंक्ति त्रुटित।

,, ४८७ 'आहार ४७ दूषण सज्झाय' गाथा ३६ की अन्तिम पंक्ति के कुछ अक्षर त्रुटित।

,, ५०० फुटकर श्लोकों में सं० १ की अन्तिम और अन्त्य श्लोक को प्रत्येक पंक्ति का प्रारम्भिक अंश त्रुटित।

" ६१६ 'नानाविधकाव्यजातिमयं नेमिनाथ स्तवनम्' के प्रारम्भिक ६॥ श्लोक त्रुटित।

,, ६१७ 'नानाविधकाव्यजातिमयं नेमिनाथ स्तवनम्' ६ वें श्लोक की प्रथम पंक्ति में त्रुटित अंश।

,, ६१८ 'यमकबद्ध पार्श्वनाथ स्तवन' में गाथा प्रथम की पंक्ति दूसरी त्रुटित।

,, ६१९ 'समस्यामयं पार्श्वनाथ स्तवन' पहले और दूसरे श्लोक त्रु०.

,, ६२० ,, ,, ,, श्लोक ६ से १३ त्रुटित।

,, ६२२ 'यमकमय पार्श्व लघुस्तवन' श्लोक ७ की प्रथम पंक्ति त्रुटित

,, ,, 'यमकमय महावीर बृहद्स्तवन' श्लोक १ और ४ में दो दो अक्षर त्रुटित।

,, , 'यमकमय महावीर बृहद् स्तवन' श्लोक ११ और १३ में दो दो अक्षर त्रुटित।

,, ६२५ 'मणिधारी जिनचन्द्रसूरि गीत' तीनों ही गाथा त्रुटित।

,, ,, 'जिनकुशलसूरि गीत' ,, ,, ,,

,, ६२६ 'जिनदत्तसूरि और जिनकुशलसूरि गीत' दोनों की पांचों गाथा त्रुटित।

,, ६२७ 'अजयमेरु मंडन जिनदत्तसूरि गीत' चारों गाथाएं त्रुटित.

,, ६२८ 'प्रबोध गीत' गाथाएँ २ से ५ त्रुटित।

कविवर की रचनाएँ आज भी जहां तहां नित्य मिलती रहती हैं। पृ० ६१४ छप जाने पर इस संग्रह को पूरा कर दिया गया था। पर उसी समय विक्रयार्थ एक त्रुटित प्रति प्राप्त हुई, जिसमें आपकी बहुत सी रचनाएँ थीं। अतः उसमें जो रचनाएं पहले नहीं मिली थीं उन्हें भी इसमें सम्मिलित करना आवश्यक हो गया। हस्त लिखित फुटकर पत्र आदि के लिये हमारा संग्रह भी, एक बहुत बड़ा भण्डार है। समयसुन्दरजी के गीतों के फुटकर पत्रों की संख्या सैंकड़ों पर है। उनमें की अभी कुछ रचनायें ऐसी ठीक मालूम होती हैं, जो बहुत ध्यानपूर्वक संग्रह करने पर भी इस संग्रह में नहीं आ सकीं।

आखिर में अपने पूज्य गुरु श्री कृपाचंद्रसूरिजी का वह वचन याद कर संतोष करना पड़ता है कि "समयसुन्दर ना गीतडा, भींतां पर ना चीतरा या कुम्भे राणा ना भींतड़ा" अर्थात् दावालों पर किये गये चित्रों का और राना कुम्भा के बनाये हुये मकान और मन्दिरों का पार पाना कठिन है उसी तरह समयसुन्दर जी के गीत भी हजारों की संख्या में और जगह-जगह पर बिखरे हुए हैं उन सबको एकत्र कर लेना असम्भव सा है। पचासों संग्रह-प्रतियां हमें त्रुटित व अपूर्ण मिली हैं। उनके बीच के और आदि अन्त के पत्र माला के मोतियों की तरह न मालूम कहाँ कहाँ बिखर गये हैं। बहुत से तो उनमें से नष्ट भी हो गये होंगे। इसी तरह समयसुन्दर जी का विहार भी राजस्थान और गुजरात के बहुत लम्बे प्रदेशों में था और उनके शिष्य प्रशिष्य भी बहुत थे। अतः उन सभी स्थानों और व्यक्तियों में प्रतियां बिखर चुकी हैं। जालोर, खम्भात, अहमदाबाद आदि स्थानों में जहां कवि कई वर्षों तक रहे थे, उन स्थानों के भण्डारों को तो हम देख ही नहीं पाये।

महान् गीतिकार समयसुन्दर

गीति काव्य के सम्बन्ध में हिन्दी साहित्य में इधर में काफी चर्चा हुई और कई बड़े-बड़े ग्रन्थ भी प्रकाशित हुये, लेकिन अभी तक आज से ४००/५०० वर्ष पहले कितने प्रकार के गीत प्रचलित थे, उनका शायद किसी को पूरा पता नहीं है। जिस प्रकार लोक गीतों के अनेक प्रकार हैं—अनेक राग-रागनियां हैं, हर प्रसंग के गीतों के अलग-अलग नाम हैं, उसी तरह विद्वानों के रचित गीतों के भी अनेक प्रकार थे। उनकी अच्छी झांकी समयसुन्दरजी के इस गीत संग्रह से मिल सकेगी। वैसे तो प्रायः सभी लघु रचनाओं की संज्ञा गीत ही दी गई है, पर उनके प्रकारों की संख्या

बहुत लम्बी है। जैसे कि—भास, स्तवन, फाग, सोहला, हुलरावणा, गूढा, चन्द्रावला, आलीजा, हिंडोलना, चौमासा, बारहमासा, सांझी, रात्री जागरण, ओलम्भा, चूनड़ी, पर्व-गीत, तप-गीत, वाणी-गीत, स्वप्नगीत, वेलिगीत, वधावा, बधाई, चर्चरी, तिथि-विचारणा, वियोग, प्रेरणा-गीत, प्रबोध-गीत, महिमा-गीत, मनोहर-गीत, मङ्गल-गीत, खामणा-गीत, हियाली-गीत इत्यादि नाना प्रकार के गीत इस संग्रह में हैं। समय-समय पर कवि-हृदय में जो स्फुरणा हुई, उनका मूर्त्त रूप इन गीतों में हम पाते हैं। यद्यपि कवि को अपनी काव्य-प्रतिभा दिखाने की लालसा नहीं थी, फिर भी कुछ रचनाएँ उसको व्यक्त करने वाली स्वतः बन गई हैं। ऐसी रचनाओं में कुछ तो जरा दुरूह सी लग सकती हैं, पर स्वाभाविक प्रवाह बना रहता है। तृणाष्टक, रजोष्टक के अन्त में तो कवि ने स्वयं कहा है कि ये कवि कल्लोल के रूप में ही बनाये गये हैं। इनमें कल्पनाएं बड़ी सुन्दर हैं। बहुत सी रचनाओं में ऐतिहासिक तथ्य भी मिलते हैं। जैसे पृ० ३०, ५८, ६२, ६६, ६८, ७६, ७८, ८७, ८६, १०७, १२३, १४४, १५३, १६४, १६६, १७६, १७७, १७८, ३०६, ३७७, ३६४, ४०४।

शब्दों और भावों की दृष्टि में भी इस संग्रह की कतिपय रचनाओं का बहुत ही महत्त्व है। अनेक अप्रसिद्ध व अल्पप्रसिद्ध शब्दों का प्रयोग इनमें पाते हैं, जिनका अर्थ अभी तक शायद किसी कोश में नहीं मिलेगा। हमारा विचार ऐसे शब्दों का कोष भी देने का था, पर ग्रन्थ इतना बड़ा हो गया कि इसी तरह के अनेक विचारों को मूर्त्त रूप नहीं दे सके। इसी प्रकार छत्तीसियों और कई स्तवनों में जिन व्यक्तियों का केवल नामोल्लेख हुआ है, उनमें से बहुतसों का परिचय कम लोगों को ही होगा तथा जिन साधु और सतियों के जीवन-चरित्र को स्पष्ट करने वाले गीत प्राप्त हैं उनकी

भी संक्षिप्त जीवन गाथा देना आवश्यक था। पर उस इच्छा को भी संवृत्त करना पड़ा है।

कवि की संवतानुक्रम से लिखी हुई संक्षिप्त जीवनी और उनकी रचनाओं व लिखित प्रतियों की सूची नागरी-प्रचारिणी पत्रिका वर्ष ५७ अङ्क १ में प्रकाशित की गई थीं, पर उनकी रचनाओं के उदाहरण सहित जो विस्तृत जीवनी हम लिखना चाहते थे, वह भी करीब ५०० पृष्ठों के लगभग की होती, क्योंकि २७ वर्षों से हम इनकी रचनाओं का रसास्वादन कर रहे हैं। इसलिये हमने ग्रन्थ बढ़ जाने के भय से संक्षिप्त जीवनी महोपाध्याय विनयसागर जी से लिखवा लेना ही उचित समझा और उनके भी बहुत संक्षिप्त लिखने पर भी १०० पृष्ठ तो हो ही गये।

भाषाएँ भी इस ग्रन्थ में कई हैं। प्राकृत, संस्कृत, समसंस्कृत, सिन्धी की रचनाएँ थोड़ी हैं, पर राजस्थानी, गुजराती और हिन्दी तीन तो मुख्य ही हैं। इनमें से हिन्दी के भी इसमें दो रूप मिलते हैं; जो विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। अन्य पदों एव गीतों की हिन्दी भाषा से पृ० ३६३ में जिनसिंहसूरि सम्बन्धी जो ५ पद्य छपे हैं, उनसे तुलना करिये। वे एक दम खड़ी बोली के और मानों जहांगीर के भेजे हुए मुसलमान मेवड़ों की स्वयं की भाषा हो, लगते हैं। उसका थोड़ा सा नमूना देखिये—

बे मेवरे, काहेरी सेवरे, अरे कहाँ जात हो बतावरे, टुक रहो नइ खरे।
हम जाते बीकानेर साहि जहाँगीर के भेजे,
हुकम हुया फुरमाण जाइ मानसिंघ कुं देजे।
सिद्ध साधक हउ तुम्ह चाह मिलणे की हमकुं,
वेगि आयउ हम पास लाभ देऊँगा तुम कुँ ।१। बे मेवरे०।

कवि के गीतों में दोनों प्रकार का सङ्गीत प्रतिध्वनित हुआ है। बहुत से गीत तो शास्त्रीय संगीत की राग-रागनियों में रचे गये हैं

और बहुत से लोक प्रचलित गीतों की देशी या चाल में। उनके रास-चौपाई आदि में भी इन लोक गीतों की देशियों को खूब अपनाया गया है। सीताराम चौपाई जो लोक भाषा की आपकी सबसे बड़ी कृति है, में लगभग ५० देशियें हैं। कवि ने इस चौपाई में देशियों के आदि पद्य के साथ ऐसा भी निर्देश किया है कि— "ए गीत सिध मांहे प्रसिद्ध छै, नोखा रा गीत मारूयाड़ी, ढूँढाड़ी नागोर नगरे प्रसिद्ध छै। दिल्ली रा गीतरी ढाल मेड़ता आदि देशे प्रसिद्ध छै" और अन्त में कहा है कि—

सीताराम नी चौपाई, जे चतुर हुई ते वाँचो रे।
राग रतन जवहर तणो, कुण भेद लहै नर काचो रे॥
नवरस पोष्या मै इहां, ते सुघड़ो समझो लेज्यो रे।
जे जे रस पोष्या इहां, ते ठाम देखाड़ी देज्यो रे॥
के के ढाल विषम कहीं, ते दूषण मत द्यौ कोई रे।
स्वाद सावुणी जे हुवै, नैं लिग हदै कदे न होई रे॥ १॥
जे दरबार गयो हुसै, ढुंढाड़ि, मेवाड़ि नै ढिल्ली रे।
गुजरात मारुवाड़ि में, ते कहिसै ए भल्ली रे॥
मत कहो मोटी कां जोड़ी, बांचतां स्वाद लहैसो रे।
नवनवा रस नवनवी कथा, सांभलतां साबास देसो रे॥
गुण लेज्यो गुणियण तणो, मुझ मसकति साहमो जोज्यो रे।
अणसहतां अवगुण ग्रही, मत चालणि सरखा होज्यो रे॥
आलस अभिमान छोडि नै, सूधी प्रत हाथ लेई रे।
ढाल लेजो तुमे गुरु मुखे, वली रागनो उहयोग देई रे॥
सखर सभा मांहे बांचजै, बे जणा मिल मिलते सादे रे।
नरनारी सहु-रीझसै, जस लेहसो गुरु प्रसादे रे॥

कवि की कविता में एक स्वाभाविक प्रवाह है। भाषा में सरलता तो है ही, क्योंकि उनकी रचना का उद्देश्य पांडित्य-प्रदर्शन

नहीं। पर जैसा कि उन्होंने अपने अनेक ग्रन्थों में भाव व्यक्त किया है; कि साधु और सती के गुणानुवाद में मुझे बड़ा रस है। और बहुत सी रचनाएँ तो उन्होंने अपने शिष्यों और श्रावकों के सुगम बोध के लिये ही बनाई हैं। कुछ अपनी स्मृति की रक्षार्थ। इन सब कारणों से कवि प्रतिभा का चमत्कार उतना नहीं दिखाई देता जितना कि स्वाभाविक सारल्य।

प्रस्तुत ग्रन्थ में सकलित गीतों का भक्ति, प्रेरणा, प्रबोध प्रधान विषय है। भक्ति का स्रोत अनेक रचनाओं में बह चला है। विमलाचल मण्डन आदि जिन स्तवन में कवि कहता है कि —

विमलगिरि क्यों न भये हम मोर,
क्यों न भये हम शीतल पानी, सींचत तरुवर छोर।
अहनिश जिनजी के अङ्ग पखालत, तोड़त कर्म कठोर। वि. १।
क्यों न भये हम बावन चन्दन, और केसर की छोर।
क्यों न भये हम मोगरा मालती, रहते जिनजी की ओर। वि २।
क्यों न भये हम मृदङ्ग झलरिया, करत मधुर धुनि मोर।
जिनजी आगल नृत्य सुहावत, पावत शिवपुर ठौर। वि. ३।

इसी प्रकार अन्य गीतों में भी कहीं पर पांख न होने से पहुंच न सकने की शिकायत, कहीं पर चन्द्रमा द्वारा सन्देश भेजना, कहीं पर स्वयं न पहुंच सकने की वेदना व्यक्त की है। इस प्रकार नाना प्रकार के भक्ति के उद्गार इस ग्रन्थ में प्रकाशित गीतों में मिलेंगे। उन सबके उद्धरण देने का बहुत विचार था, पर बिस्तार भय से उस इच्छा को संवरित करना पड़ा है। प्रेरणा गीतों में कवि अपने शिष्यों को कितने ढङ्ग से प्रेरित कर रहा है, यह इस ग्रंथ के पृष्ठ ४३६–३७ में प्रकाशित पठन प्रेरणा और क्रिया प्रेरणा गीत में पढ़िये। इसी प्रकार प्रबोध गीत भी पृ० ४१० से प्रारम्भ होते हैं।

कई गीतों में कवि कल्पना भी बड़े सुन्दर रूप में प्रगट हुई है। इन सबके उदाहरण नोट किये हुये होने पर भी, यहां विस्तार भय से नहीं दिये जारहे हैं। कभी विस्तृत विवेचन का अवसर मिला तो अपने उन नोट्स का उपयोग किया जा सकेगा।

महोपाध्याय विनयसागरजी ने कवि का परिचय देते हुए कथाकोश की पूरी प्रति नहीं मिलने का उल्लेख किया है। यद्यपि इसकी कई प्रतियां हमें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से एक तो कवि की स्वयं लिखित है। पर भिन्न-भिन्न प्रतियों के मिलाने से ऐसा मालूम पड़ता है कि कवि ने दो तरह के कथाकोश बनाये हैं। एक में अन्य विद्वानों के ग्रन्थों से कथाएं उद्धृत व संगृहीत की गई हैं और दूसरे में उन्होंने स्वयं बहुत सी कथाएँ लिखी हैं। इनमें से पहले प्रकार की एक प्रति नाहरजी के सग्रह में मिली और दूसरी की एक पूरी प्रति स्व० जिनऋद्धिसूरिजी के सग्रह में से प्राप्त हुई है। इसमें १६७ कथाएँ हैं। पर कवि के अन्य ग्रन्थों की भाँति इसमें प्रशस्ति नहीं मिलने से सम्भव है कुछ और भी कथाएं लिखनी रह गई हों या प्रशस्ति नहीं लिखी गई हो। 'कथापत्राणि' नामक कवि के स्वयं लिखित फुटकर पत्रों की एक प्रति मिली है, जिसके १३७ या १५५ पत्र (दोनों हांसियों पर दो संख्याक) थे। इसमें ११४ कथाएं हैं और ग्रथ परिमाण करीब ६००० श्लोक का लिखा है। अंत में कवि ने स्वयं लिखा है कि—

"सं० १६६५ वर्षे चैत्र सुदि पंचमी दिने श्री जालोर नगरे लिखितं श्री समयसुन्दर उपाध्यायैः। इय कथाकोशप्रति मयि जीवति मदधीना, पश्चात् पं० हर्षकुशलमुनेः प्रदत्तास्ति। वाच्यामाना चिरं विजयताम्।"

अर्थात् कविवर स्वयं जहां तक जीवित रहे अपनी रचनाओं में उचित परिवर्तन परिवर्द्धन करते रहे हैं।

कवि के रचित माघ काव्य की टीका के केवल तृतीय सर्ग की वृत्ति के मध्य पत्र चूरु सुराना लाइब्रेरी में स्वयं लिखित मिले हैं। उसमें बीच

के पत्रांक दिये हैं। अतः वह टीका तो पूरी बनाई ही होगी, पर अभी तक अन्य सर्गों की टीका के पत्र नहीं मिले। जिसकी खोज अत्यावश्यक है। इसी प्रकार मेघदूत वृत्ति की अपूर्ण प्रति ओरियन्टल की लाइब्रेरी लाहौर में देखी थी, उसकी भी अन्य प्रति नहीं मिली। अतः पूरी प्रति अन्वेषणीय है।

स० २००२ में जब कवि के स्वर्गवास को ३०० वर्ष हुये, हमने शार्दूल राजस्थानी रिसर्च इन्स्ट्रीच्यूट की ओर से समयसुन्दर त्रिशती उत्सव मनाया था और कवि की रचनाओं का प्रदर्शन भी किया गया था, जो विशेष रूप से स्मरणीय है।

कवि की कई रचनाएँ अभी सदिग्धावस्था में है। उनकी अन्य प्रतियों की प्राप्ति होने से ही निर्णय किया जा सकेगा। जिस प्रकार जैन गुर्जर कविओं भाग ३ के पृ० ८४४ में स्थूलभद्र रास का विवरण छपा है। इस प्रति को हमने मँगवा कर देखी तो पद्यांक ६५ में समयसुन्दर नाम आता है, अन्यत्र 'कवियण' उपनाम प्रयुक्त है और ग्रन्थ का रचना काल संदिग्ध है—

> इन्दु रस संख्याइं एह, संवत्सर मान
> आदिनाथ थी नेमिजन, तेतमउ वरस प्रधान।

इसकी अन्तिम पंक्ति से देसाईजी ने २२ की सख्या ग्रहण की है, पर वह संदिग्ध लगती है। इसी प्रकार भडियालागुरु (पंजाब) की सूची में कवि के रचित शालिभद्र चौपाई और अगडदत्त कथा (सं० १६४३ में रचित पत्र १०) आदि का उल्लेख है। जैसलमेर भण्डार की सूची में प० लालचन्द गांधी उल्लिखित कई रचनाएँ हमें अभी तक नहीं मिलीं। वे वास्तव में कवि की हैं या नहीं, प्रतियां मिलने पर ही निर्णय हो सकेगा।

हमारे संग्रह में एक व्रत ग्रहण टिप्पण मिला है। जिससे मालूम होता है कि स० १६६७ के फाल्गुन शु० ११ गुरुवार को

अहमदाबाद में संखवाल गोत्रीय साह नाथा की भार्या श्राविका धन्नादे ने जो शाह कर्मशी की माता थी, महोपाध्याय समयसुन्दरजी के पास इच्छा परिमाण (१२ व्रत) ग्रहण किये थे। इस पत्र के पिछली ओर में कवि ने उन १२ व्रतों के ग्रहण का रास बनाया था, जिसकी कुछ ढालें स्वयं लिखित मिली हैं। इससे कवि के रचित १२ व्रत रास का पता चलता है, जिसकी पूरी प्रति अभी अन्वेषणीय है। और भी कई श्रावक-श्राविकाओं ने आपसे इसी तरह व्रत आदि ग्रहण किये होंगे, जिनके उल्लेख कहीं भण्डारों के विकीर्ण पत्रों में पड़े होंगे या ऐसे साधारण पत्र अनुपयोगी समझे जाते हैं; अतः उपेक्षावश नष्ट हो चुके होंगे। विविध विषयों के सैंकड़ों फुटकर पत्र कवि के लिखे हुए हमने भण्डारों में देखे हैं और हमारे संग्रह में भी है। उन सबसे इनकी महान् साहित्य-साधना की जो झाकी मिलती है, उससे हम तो अत्यन्त मुग्ध हैं। सुयोग-वश कवि ने दीर्घायु पाई और प्रतिभा तो प्रकृति प्रदत्त थी ही। विद्वान् विद्यागुरुओं आदि का भी सुयोग मिला, सैंकड़ों ज्ञानभंडार देखे, विविध प्रान्तों के सैंकड़ों स्थानों में विचर कर विशेष अनुभव प्राप्त किया और सदा अप्रमत्त रहकर पठन-पाठन और साहित्य निर्माण में सारे जीवन को खपा दिया। उस गौरवमयी साहित्य-विभूति की स्मृति से मस्तक उनके चरणों में स्वयं झुक जाता है। उनके शिष्यों में हर्षनन्दन आदि बड़े विद्वान् थे। अभी अभी तक उनकी परम्परा विद्यमान थी।

उनकी चरण पादुका गड़ालय (नाल) में होने का उल्लेख तो म० विनयसागरजी ने किया ही है; पर जैसलमेर में भी दो स्थानों पर आपके चरण प्रतिष्ठित हैं। तीनों पादुका लेख इस प्रकार हैं:—

१. "संवत् १७०५ वर्षे (र्षे) फागुण सुदि ४ सोमे श्रीसमयसुन्दर महोपाध्याय पादुके कारिते श्रीसंघेन प्रतिष्ठितं हर्षनंदन (गणिभिः) ह्रीँ नमः।"

(नाल गढ़ालय में जिनकुशलसूरि गुरु मन्दिर के पास चौमुख स्तूप में आपके गुरु सकलचन्द जी की भी पादुका रोहड़ जयवंत लूणा कारित व यु० जिनचन्द्रसूरि प्रतिष्ठित है। (देखें, हमारा बीकानेर जैन लेख संग्रह ग्रन्थ। लेखांक २२८७।)

२. "स० १७०५ वर्षे पोष वदि ३ गुरुवारे श्रीसमयसुन्दर-महोपाध्यायानां पादुका प्रतिष्ठिते वादि श्रीहर्षनन्दन गणिभिः।" (जैसलमेर के समयसुन्दरजी के उपाश्रय में)

३. जैसलमेर देशसर दादाबाड़ी की समयसुन्दरजी की शाखा में स्तूप पर—

श्री जिनायनमः ॥ सं० १८८२ रा मिति आषाढ़ सुदि ५ श्री जैसलमेर नगरे राउल श्री गजसिंहजी विजयराज्ये आचारज गच्छे श्रीजिनसागरसूरि शाखायां भ। जं०। श्रीजिनउदयसूरिजी विजयराज्ये ॥ उ०। श्री १०८ श्री समयसुन्दरजी गणि पादुकामिदं ॥ उ। श्री आणंदचंदजी तत्शिष्य पं। प्र। श्रीचतुरभुज जी तत्शिष्य पं०। लालचांद्रेण कारापितमियं थंभ पादुका शाखा सही २।

पादुकाओं पर

॥ उ ॥ श्री १०८ श्री समयसुन्दर गणि पादुका।

स्वर्ग स्थान अहमदाबाद में भी चरण अवश्य प्रतिष्ठित किये गये होंगे, पर वे शायद अब न रहे या खोज नहीं हुई।

कवि की प्राप्त लघु कृतियों का यह संकलन हमने अपने ढङ्ग से किया है। सम्भव है उसमें कुछ अव्यवस्था रह गई हो।

आभार—

इस ग्रंथ को इस रूप में तैयार करने और प्रकाशन करने में हमें अनेक भण्डारों के संरक्षकों और कई अन्य व्यक्तियों से

विविध प्रकार की सहायता मिली है। २७ वर्षों से हम जो निरन्तर इस सम्बन्ध में कार्य करते रहे हैं. उनमें इतने अधिक व्यक्तियों का सहयोग है कि जिनकी स्मृति बनाये रखना भी सम्भव नहीं। इसलिये जो सहज रूप में स्मरण आरहे हैं. उन्हीं का उल्लेख कर अवशेष सभी के लिये आभार प्रदर्शित करते हैं।

सबसे पहले जिनकृपाचन्द्रसूरिजी, उपाध्याय सुखसागरजी, बीकानेर के भण्डारों के संरक्षक, फिर स्वर्गीय मोहनलाल दलीचन्द देसाई, स्व० यति नेमचन्दजी बाड़मेर, पन्यास केशरमुनिजी और बाहर के अनेक भण्डारों के संरक्षकगण, फूलचन्दजी झाबक, मुनि गुलाबमुनिजी, आनन्दसागरसूरिजी, स्व० पूर्णचन्द्रजी नाहर आदि से जो कवि की रचनाओं की उपलब्धि और अन्य प्रकार की सहायता मिली है, उसके लिये हम उनके बहुत आभारी हैं।

अन्त में महोपाध्याय विनयसागरजी, जिन्होंने इस सारे ग्रंथ का प्रूफ संशोधन का और कवि के विषय में अध्ययनपूर्ण निबन्ध लिखकर हमारे काम में बड़ी आत्मीयता के साथ हाथ बँटाया है, उनके हम बहुत ही उपकृत हैं।

हिन्दी साहित्य महारथी विद्वान् मित्र डा० हजारीप्रसादजी द्विवेदी ने हमारे इस ग्रंथ की भूमिका लिख भेजी है। जिसके लिये हम उनके बहुत आभारी हैं।

इस ग्रन्थ के प्रकाशन में एक प्रेरणा रूप श्री अनोपचन्दजी झाबक, कनूर ने हमें रु० १५१) अपनी सद्भावना से भेजकर इस ग्रथ को तत्काल प्रेस में देने को प्रेरित किया, अतः वे भी स्मरणीय हैं।

कवि की लिखी हुई सैंकड़ों प्रतियों और फुटकर पत्र हमारे संग्रह में है। उनमें से संवतोल्लेख वाले २ पत्रों का सम्मिलित ब्लॉक इस ग्रन्थ में छपाया जा रहा है। कवि का कोई चित्र

नहीं मिलता तो उनकी अक्षर देह को ही प्रकाश में लाना आवश्यक समझा गया। दूसरा ब्लॉक कवि के एक चित्र-काव्य स्तोत्र का है, जिसका हारबद्ध चित्र पन्यास केशर मुनिजी ने पालीताना से बनाकर भेजा था और दूसरा चित्र-बद्ध उपाध्याय सुखसागरजी ने कवि की कल्याण मन्दिर स्तोत्रवृत्ति के साथ छपवाया है।

जैन साहित्य महारथी स्व० मोहनलाल दलीचन्द देसाई अपनी विद्यमानता में हमारे इस संग्रह को प्रकाशित देखते तो हर्षोल्लास से झूम उठते। अतः उन्हीं की मधुर स्मृति में अपना यह प्रयास समर्पित करते हैं।

अगरचन्द नाहटा
भँवरलाल नाहटा

कविवर-लेखनदर्शनम्—(१)

[सं० १६६४ लि० करकण्डू प्रत्येक बुद्ध चौ० का अन्तिम पत्र]

कविवर-लेखनदर्शनम्—(२)

[सं० १६८४ लि० वेट्थपदविवेचना का अन्तिम पत्र]

महोपाध्याय समयसुन्दर

प्रस्तुत संग्रह के प्रणेता १७वीं शती के साहित्याकाश के जाज्वल्यमान नक्षत्र, महोपाध्याय पद-धारक, समय-सिद्धान्त (स्वदर्शन और परदर्शन) को सुन्दर मंजुल-मनोहर रूप में जनसाधारण एवं विद्वत्समाज के सन्मुख रखने वाले, समय-काल एवं क्षेत्रोचित साहित्य का सर्जन कर समय का सुन्दर-सुन्दरतम उपयोग करने वाले अन्वर्थक नाम धारक महामना महर्षि समयसुन्दर गणि हैं। इनकी योग्यता एवं बहुमुखी प्रतिभा के सम्बन्ध में विशेष न कहकर यह कहें तो कोई अत्युक्ति न होगी कि कलिकाल सर्वज्ञ हेमचन्द्राचार्य के पश्चात् प्रत्येक विषयों में मौलिक सर्जनकार एवं टीकाकार के रूप में विपुल साहित्य का निर्माता अन्य कोई शायद ही हुआ हो! साथ ही यह भी सत्य है कि आचार्य हेमचन्द्र के सदृश ही व्याकरण, साहित्य, अलङ्कार, न्याय, अनेकार्थ, कोष, छन्द, देशी भाषा एवं सिद्धान्तशास्त्रों के भी ये असाधारण विद्वान् थे। सङ्गीतशास्त्र की दृष्टि से एक अद्भुत कलाविद् भी थे।

कवि की बहुमुखी प्रतिभा और असाधारण योग्यता का मापदण्ड करने के पूर्व यह समुचित होगा कि इनके जीवन और व्यक्तित्व का परिचय दिया जाय; क्योंकि व्यक्तित्व के बिना बहुमुखी प्रतिभा का विकास नहीं हो पाता। अतः ऐतिह्य ग्रन्थों के अनुसार संक्षिप्त रूप से उनकी जीवन-घटनाओं का यहां क्रमशः उल्लेख कर रहा हूँ।

जन्म और दीक्षा

मरुधर प्रदेशान्तर्गत साचोर (सत्यपुर) में आपका जन्म हुआ था, जैसा कि कवि स्वय स्वरचित सीताराम चतुष्पदी के खण्ड ६ ढाल तीसरी के अन्तिम पद्य में कहता है:—

"मुझ जनम श्री साचोर मांहि, तिहां च्यार मासि रह्या उछाहि ।"
[पद्य ५०]

आप पोरवाल * (प्राग्वाट) ज्ञाति के थे तथा आपके मातु † श्री का नाम लीला देवी और पिता श्री का नाम रूपसिह (रूपसी) था। कवि का जन्म समय अज्ञात है, किन्तु जैन साहित्य के महारथी श्री मोहनलाल ¶ दुलोचन्द देशाई बी० ए०, एल० एल० बी० के मत को मान्य रखते हुये जैन इतिहास के विद्वान् और मेरे मित्र श्री अगरचन्द जी नाहटा ने अपने "कविवर समयसुन्दर" ‡ लेख में इनका जन्म काल अनुमानतः सं० १६२० स्वीकृत

* "प्रज्ञाप्रकर्षः प्राग्वाटे, इति सत्यं व्यधायि यः ।१३।" वादी हर्षनन्दन प्रणीत मध्याह्नव्याख्यानपद्धति ।

† कवि देवीदास कृत समयसुन्दर गीत, "मातु लीलादे रूपसी जनमिया ।" [प० ६]

¶ "प्रथमनो ग्रन्थ भावशतक सं० १६४१ मां रचेलो मली आवे छे, तेथी ते वखते तेमनी उमर २१ वर्ष नी गणीए तो तेमनो जन्म सं० १६२० मां मूकी शकाय ।" कविवर समयसुन्दर निबन्ध, आनन्द काव्य महोदधि मौक्तिक ७, पृष्ठ २ ।

‡ "परन्तु इनकी प्रथम कृति 'भावशतक' के रचना काल के आधार पर श्री मोहनलाल दुलीचन्द देशाई ने उस समय इनकी आयु २०-२१ वर्ष अनुमानित कर जन्म काल वि० १६२० होने की सम्भावना की है जो समीचीन जान पड़ती है। वादी हर्ष-

किया है; किन्तु मेरे मतानुसार इससे कुछ पूर्व ज्ञात होता है। क्योंकि देखियेः—

महालाक्षणिक आचार्य मम्मट द्वारा प्रणीत काव्य प्रकाश नामक लक्षण ग्रन्थ में मम्मट ने वाच्यातिशायि व्यङ्ग्या ध्वनि काव्य की जो चर्चा की है, कवि उसी वाच्यातिशायि व्यङ्ग्या ध्वनि काव्य के भेदों का उद्धरण सहित लक्षण इस (भावशतक) ग्रन्थ में स्वोपज्ञ वृत्ति के साथ दे रहा हैः—

"काव्यप्रकाशे शास्त्रे, ध्वनिरिति संज्ञा निवेदिता येषाम् ।
वाच्यातिशायि व्यङ्ग्यान, कवित्वभेदानहं वच्मे ॥२॥"

काव्यप्रकाश जैसे क्लिष्ट लक्षण ग्रन्थ का अध्ययन कर 'ध्वनि' जैसे सूक्ष्म विषय पर लेखिनी चलाने के लिये प्रौढ एवं तलस्पर्शी ज्ञान की आवश्यकता है; जो दीक्षा के पश्चात् ५-६ वर्ष में पूर्ण नहीं हो सकता। यह ज्ञान कम से कम भी १०-१२ वर्ष के निरन्तर अध्ययन के फलस्वरूप ही हो सकता है और दूसरी बात यह है कि यदि हम स० १६३५ दीक्षा स्वीकार करें तो यह असंभव सा है कि ५-६ वर्ष के अल्प-दीक्षा पर्याय में 'गणि पद' प्राप्त हो जाय। अत. वि० १६२८ के आस-पास या १६३० में दीक्षा हुई

नन्दन के "नवयौवन भर संयम संग्रह्यौ जी, सइं हथे श्रीजिनचंद" इस उल्लेख के अनुसार दीक्षा के समय इनकी अवस्था कम से कम १५ वर्ष होनी चाहिये। इस अनुमान से दीक्षा-काल वि० १६३५ के लगभग बैठता है।"

[नागरी प्रचारिणी पत्रिका, वर्ष ५७ अङ्क १, सं० २००६]

हो, यह मानना उचित होगा। और जहां वादी हर्षनन्दन अपने समयसुन्दर गीत में "नवयौवन भर संयम संग्रह्यौ जी" कहते हुये नजर आरहे हैं, वहाँ यह स्पष्ट हो जाता है कि "नवयौवनभर" परिपूर्ण तरुणावस्था का समय १६ से २० वर्ष की आयु को सूचित करता है। अतः दीक्षा का अनुमानतः संवत् १६२८—३० स्वीकार करते हैं तो जन्म सम्वत् १६१० के लगभग निश्चित होता है। इनका जन्म नाम क्या था और इनका प्रारम्भिक अध्ययन कितना था ? इसका कोई उल्लेख नहीं मिलता है। किन्तु मरुधर प्रान्त जिसमें साचोर डिविजन में देवगिरा के पठन-पाठन का अत्यन्ताभाव होने से इनका अध्ययन दीक्षा पश्चात् ही हुआ हो, समीचीन मालूम होता है।

युगप्रधान आचार्य जिनचन्द्रसूरि ने सं० १६२८ में सांभलि के श्री संघ को पत्र दिया था, उसमें समयसुन्दर का नाम नहीं है। हो भी नहीं सकता, क्योंकि इस पत्र में उल्लिखित उपाधिधारक प्रमुख साधुओं के ही नामों का उल्लेख है। अतः सं० १६२८ में इस पत्र के देने के पूर्व या पश्चात् या आस-पास ही आचार्य श्री ने स्वहस्त * से इनको दीक्षा प्रदान कर अपने प्रमुख एव प्रथम शिष्य श्री सकलचन्द्र गणि का शिष्य घोषित कर समयसुन्दर नाम प्रदान किया होगा।

कवि अपने को खरतरगच्छ का अनुयायी बतलाता हुआ, खरतरगच्छ ¶ के प्राद्याचार्य श्रीवर्धमानसूरि के प्रगुरु से अपनी परम्परा सिद्ध करता है। इस परम्परा में कवि केवल 'गणनायकों' के नामों का ही उल्लेख कर रहा है। अष्टलक्षी प्रशस्ति के अनुसार कवि का वंशवृक्ष इस प्रकार बनता है:—

* वादी हर्षनन्दन कृत गुरु गीत "सइं हथे श्रीजिनचन्द्र"।

¶ खरतरगच्छ की उत्पत्ति के सम्बन्ध में देखें, मेरी लिखित वल्लभ-भारती प्रस्तावना।

नेमिचन्द्रसूरि
|
उद्योतनसूरि
|
वर्धमानसूरि[१] (सूरिमन्त्रशोधक)
|
जिनेश्वरसूरि[२] (वसतिमार्ग (खरतरगण) प्रकाशक)
|
जिनचन्द्रसूरि[३] (संवेगरंगशालाकार)
|
अभयदेवसूरि[४] (नवाङ्गीवृत्तिकारक)
|
जिनवल्लभसूरि[५]
|
जिनदत्तसूरि[६] (युगप्रधानपदधारक)
|
जिनचन्द्रसूरि[७] (नरमणिमण्डित भालस्थल)
|
जिनपतिसूरि (षट्त्रिंशद्वादविजेता)
|
जिनेश्वरसूरि
|
जिनप्रबोधसूरि
|
जिनचन्द्रसूरि[८]
|
जिनकुशलसूरि[९] (खरतरवसति प्रतिष्ठापक)
|
जिनपद्मसूरि[१०] (कूर्चालसरस्वति)

१-५, देखें, मेरी लि० वल्लभभारती प्रस्तावना. ६ देखें, अगरचन्द भँवरलाल नाहटा द्वारा लि० युगप्रधान जिनदत्तसूरि. ७ लेखक वही, मणिधारी जिनचन्द्रसूरि. ८-९-१० लेखक वही, प्रगटप्रभावी दादा जिनकुशलसूरि.

|
जिनलब्धिसूरि
|
जिनचन्द्रसूरि
|
जिनोदयसूरि
|
जिनराज सूरि[११]
|
जिनभद्रसूरि (जेसलमेर, जालोर, देवगिरि नागपुर, अण-
| हिलपुर पत्तन आदि भण्डारों के संस्थापक)
जिनचन्द्रसूरि
|
जिनसमुद्रसूरि
|
जिनहंससूरि
|
जिनमाणिक्यसूरि[१२]
|
जिनचन्द्रसूरि[१३] (सम्राट् अकबर प्रदत्त युगप्रधान पद
| धारक)
सकलचन्द्र गणि (प्रथम शिष्य)
|
समयसुन्दर गणि (महोपाध्याय पद धारक)

कवि को दीक्षा प्रदान करने वाले युगप्रधान जिनचन्द्रसूरि हैं; जो आपके प्रगुरु होते हैं और कवि के व्यक्तित्व का विकास भी इनकी ही उपस्थिति में और इनके ही प्रसाद से हुआ है। अतः यहां युगप्रधान जिनचन्द्रसूरि का संक्षिप्त जीवन-दर्शन कर लेना समुचित होगा।

११, मेरी लि० अरजिनस्तव प्रस्तावना. १२-१३ नाहटा बन्धु लि० युगप्रधान जिनचन्द्रसूरि।

युगप्रधान जिनचन्द्रसूरि के माता-पिता बीसा ओसवाल ज्ञातीय श्रीवत और सियादे खेतसर (मारवाड़) के निवासी थे। आपका जन्म स० १५६५ में हुआ था और आपका बाल्यावस्था का नाम सुलतान था। आचार्य प्रवर श्रीजिनमाणिक्यसूरिजी के उपदेश से प्रभावित होकर ९ वर्ष की अवस्था में आपने सं० १६०४ में दीक्षा ग्रहण की थी। आपका दीक्षा नाम रखा गया था सुमतिधीर। आचार्य जिनमाणिक्यसूरि का देरावर से जेसलमेर आते हुए मार्ग में ही स्वर्गवास हो गया था। अतः सम्वत् १६१२ भाद्रपद शुक्ला ९ गुरुवार को जेसलमेर में बेगड़गच्छ (खरतरगच्छ की ही एक शाखा) के आचार्य श्री गुणप्रभसूरि ने आपको आचार्य पद प्रदान कर, जिनचन्द्रसूरि नाम प्रख्यात कर श्री जिनमाणिक्यसूरि का पट्टधर (गच्छनायक) घोषित किया। इस पट्टाभिषेक का महोत्सव जेसलमेर के राउल श्री मालदेवजी ने किया था। जेसलमेर से विहार कर, बीकानेर के मन्त्रिवर्य संग्रामसिंह जी के आग्रह से आप बीकानेर पधारे। वहां सं० १६१४ चैत्र कृष्णा सप्तमी को स्वगच्छ में प्रचलित शिथिलाचार को दूर करने के लिये आपने क्रियोद्धार किया। सं० १६१७ में पाटण में जिस समय तपगच्छीय प्रखर विद्वान् किन्तु कदाग्रही उपाध्याय धर्मसागरजी* ने गच्छविद्वेषों का

---

* सागर जी के गच्छ विद्वेष प्रकरण पर लिखते हुए कविवर समयसुन्दर निबन्ध में श्री मो० दु० देशाई लिखते हैं:—

"श्वेताम्बर मतना खरतरगच्छ अने तपगच्छ वच्चेनी मतामतो पण प्रबल थई पड़ी हती अने तेमां धर्मसागर उपाध्यायजी नामना तपगच्छीय विद्वान्-पण उग्र स्वभावी साधुए कुमतिकदकुद्दाल (याने प्रवचन परीक्षा) नामनो ग्रन्थ बनावी तपगच्छ सिवाय ना अन्य सर्व गच्छ अने मत सामे अनेक आक्षेपो मूक्या। आथी ते सर्व मतो खलबली उठ्या; अने तेनुं

और प० गुणविनय प्रभृति ३१ साधुओं के परिवार सहित लाहोर में सम्राट् से मिले और स्वकीय उपदेशों से प्रभावित कर आपने तीर्थों की रक्षा एवं अहिंसा प्रचार * के लिये आषाढी अष्टाह्निका एवं स्तम्भतीर्थीय जलचर रक्षक आदि कई फरमान प्राप्त किये थे। और सं० १६४६ फाल्गुन वदि १० के दिवस सम्राट के हाथ से ही युगप्रधान ¶ पद प्राप्त किया था; जिसका विशाल महोत्सव एक करोड़ रुपये व्यय कर महामन्त्री कर्मचन्द्र† वच्छावत ने किया था। एक समय जब कि सम्राट् जहांगीर अपने अन्तःपुर में सिद्धिचन्द्र नामक व्यक्ति को दुष्कृत्य करते हुए देखता है तो अत्यन्त ही कुपित होकर समग्र जैन साधुओं को कैद करने का और अपनी सीमा से बाहर करने का हुक्म निकाल देता है। उस समय जैन-शासन की रक्षा के निमित्त आचार्यश्री वृद्धावस्था में भी आगरा जाते हैं और

* युगप्रधान जिनचन्द्रसूरि परिशिष्ट ग.

विद्यामन्त्रविशेषैश्चमत्कृतः श्रीजलालुद्दीनोऽपि।
श्रीस्तम्भतीर्थजलनिधिजलजन्तुदयापरो वर्षम् । ८ ।
आषाढ–विमलपक्षे, दिनाष्टकं सर्वदेशसूबेषु।
अनुकम्पया: पटह: साहेबचनेन दत्तो यैः। ६ ।

[उत्तराध्ययन वृत्ति प्रशस्तिः, हर्षनंदन कृता]

¶ तेजः श्रीमदकब्बराभिधनृपः श्रीपातिसाहिर्मुदा-
वादीयत्सु युगप्रधान इति सन्नाम्ना यथार्थेन वै ॥ ४ ॥
श्रीमन्त्रीश्वरकर्मचन्द्रविहितोद्यत्कोटिटङ्कव्ययं,
श्रीनन्द्युत्सवपूर्वकं युगवरा यस्मै ददौ स्वं पदम्।
श्रीमल्लाभपुरे दयादृढमति-श्रीपातिसाह्याग्रहा—
न्नन्द्याच्छ्रीजिनचन्द्रसूरिसुगुरुः सस्फीततेजोयशाः ॥ ५ ॥

[श्रीवल्लभोपाध्याय कृत अभिधानचिन्तामणिनाममाला टीका.]

† कर्मचन्द्रवंश प्रबन्ध वृत्ति सह.

स्वनामधन्य मन्त्रिवर श्री कर्मचन्द्रजी बच्छावत

२. युगप्रधान जिनचन्द्रसूरि मूर्तिः

(बीकानेर ऋषभदेव मन्दिर)

सम्राट् जहांगीर (जो उनको अपना गुरु मानता था) को समझा कर इस हुक्म को रद्द करवाते हैं।* सं० १६७० में आश्विन कृष्णा द्वितीया को बिलाड़ा में आपका स्वर्गवास हुआ था। महामन्त्री कर्मचन्द्र बच्छावत और अहमदाबाद के प्रसिद्ध श्रेष्ठी संघपति श्री सोमजी शिवा† आदि आपके प्रमुख उपासक थे। आपने स० १६१७ विजयदशमी के दिवस पाटण में आचार्य प्रवर जिनवल्लभसूरि प्रणीत पौषधविधि प्रकरण पर ३५५४ श्लोक परिमाण की विशद टीका की रचना की; जो सैद्धान्तिक और वैधानिक दृष्टि से बड़ी ही उपादेय है।

कवि के गुरु श्री सकलचन्द्रगणि हैं; जो रीहड़ गोत्रीय¶ हैं, और जो हैं युगप्रधान जिनचन्द्रसूरि के आद्य शिष्य। जिनचन्द्रसूरि ने सं० १६१२ में गच्छनायक बनने पर सर्वप्रथम नन्दी 'चन्द्र' ही स्थापित की थी। अतः इनकी दीक्षा भी स० १६१२ के अन्त में या १६१३ के प्रारभ में ही हुई होगी। अथवा स० १६१४ में आचार्य श्री बीकानेर पधारे, वहीं हुई हो! क्योंकि आपकी चरणपादुका नाल में रीहड़ गोत्रियों द्वारा स्थापित है। अतः शायद ये बीकानेर

---

* येभ्यस्तीर्थकरस्तदीय नृपतेः क्रोसं परित्यक्तवान,
येभ्यः साधुजनाः तुरुष्कनृपतेर्देशे विहारं व्यधुः। ६।
[हर्षनन्दन कृत मध्याह्नव्याख्यानपद्धति-प्रशस्तिः]

इसका विशेष अध्ययन करने के लिए देखें, नाहटा बन्धु लिखित युगप्रधान जिनचन्द्रसूरि पुस्तक का 'महान् शासन सेवा' नामक ग्यारहवां प्रकरण।

† देखें, ताजमल बोथरा लि० संघपति सोमजी शिवा।

¶ गणिः सकलचन्द्राख्यो, रीहड़ान्वयभूषणम् ॥ १० ॥ [कल्पलता प्रशस्तिः]

के निवासी हों और वहीं दीक्षा हुई हो! सं० १६२८ के सांभलि वाले पत्र में आपका नामोल्लेख है अतः सं० १६२८ से १६४० के मध्यकाल में ही आपका स्वर्गवास हुआ हो, ऐसा प्रतीत होता है। आपकी जो चरण पादुका* नाल (बीकानेर) दादा-वाड़ी में स्थित है जिसके निर्मापक रीहड़ गोत्रीय हैं, सभव है ये आपके ही संबंधी हों! पादुका के प्रतिष्ठा-कारक हैं आचार्य जिनचन्द्रसूरि और जिनकी उपाधि युगप्रधान सूचित की गई है जो आपको सं० १६४६ में प्राप्त हुई थी। अतः पादुका की प्रतिष्ठा इसके बाद ही हुई है।

श्री देशाई ने सकलचन्द्र गणि के सम्बन्ध में अपने लेख में लिखा है†:—

"सकलचन्द्र गणि—तेओ विद्वान् पंडित अने शिल्पशास्त्रमां कुशल हता। प्रतिष्ठाकल्प श्लोक (११०००) जिनवल्लभसूरि‡ कृत धर्मशिक्षा पर वृत्ति (पत्र १२८), अने प्राकृतमां हिताचरण नामना औपदेशिक ग्रन्थ पर वृत्ति १२४२६ श्लोकमां सं० १६३० मां रचेल छे।"

जो वस्तुतः भ्रमपूर्ण है। इन ग्रन्थों के रचयिता प० सकल-

* "..........वर्षे ......सुदि ३ दिने शनौ सिद्धियोगे श्री जिनचन्द्रसूरि शिष्यमुख्य पं० सकल........चरण पादुका श्री खरतरगणाधीश्वर युगप्रधानप्रभु श्री...... .....श्रीजिनचन्द्र सूरिभिः प्रतिष्ठितं ....हड़ जयवंत लूणाभ्यां कारिते ॥"

† कविवर समयसुन्दर पृ. १६ टि० १३.

‡ जिनरत्नकोष और जैन ग्रन्थावली में यही उल्लेख है। किन्तु मेरे नम्र विचारानुसार विजयचन्द्रसूरि प्रणीत धर्मशिक्षा पर वृत्ति होगी न कि जिनवल्लभीय धर्मशिक्षा पर। विशेष विचार तो प्रति सन्मुख रहने पर ही हो सकता है। अस्तु,

चन्द्र गणि तपगच्छीय विजयदानसूरि के शिष्य हैं तथा भानुचन्द्र महोपाध्याय के दीक्षा गुरु हैं। नाम और समय की साम्यता वश ही देशाईजी भूल कर गये हैं।

शिक्षा और पद

कवि ने अपना विद्यार्जन यु० जिनचन्द्रसूरि वाचक महिमराज (श्री जिनसिंहसूरि *) और समयराजोपा-

* आचार्य जिनसिंहसूरि युगप्रधान जिनचन्द्रसूरि के पट्टधर थे और साथ ही थे एक असाधारण प्रतिभाशाली विद्वान। इनका जन्म वि० १६१५ के मार्गशीर्ष शुक्ला पूर्णिमा को खेतासर ग्राम निवासी चोपड़ा गोत्रीय शाह चांपसी की धर्मपत्नी श्री चाम्पल-देवी की रत्नकुक्षि से हुआ था। आपका जन्म नाम था मानसिंह। स० १६२३ में जब आचार्य जिनचन्द्रसूरि खेतासर पधारे थे, तब आचार्यश्री के उपदेशों से प्रभावित होकर एवं वैराग्यवासित होकर आठ वर्ष की अल्पायु में ही आपने आचार्यश्री के पास ही दीक्षा ग्रहण की। दीक्षावस्था का आपका नाम रखा गया था महिमराज। आचार्यश्री ने स० १६४० माघ शुक्ला ५ को जेसल-मेर में आपको 'वाचक' पद प्रदान किया था। 'जिनचन्द्रसूरि अकबर प्रतिबोध रास' के अनुसार सम्राट् अकबर के आमं-त्रण को स्वीकार कर सूरिजी ने वाचक महिमराज को गणि समयसुन्दर आदि ६ साधुओं के साथ अपने से पूर्व ही लाहोर भेजा था। लाहोर में सम्राट् आपसे मिलकर अत्यधिक प्रसन्न हुआ था। सम्राट् के पुत्र शाहजादा सलीम (जहांगीर) सुरत्राण के एक पुत्री मूलनक्षत्र के प्रथम चरण में उत्पन्न थी; जो अत्यंत ही अनिष्टकारी थी। इस अनिष्ट का परिहार करने के लिये सम्राट् की इच्छानुसार, स० १६४८ चैत्र शुक्ला पूर्णिमा को महिम-

ध्याय¶ के चरण कमलों में रहकर किया था। यही कारण है कि कवि अपनी सर्वप्रथम रचना भावशतक और अपनी विशिष्ट कृति अष्टलक्षी में इन दोनों को मेरी विद्या के 'एक मात्र गुरु' श्रद्धा-पूर्वक कहता हुआ नजर आ रहा है:—

"श्रीमद्दिमराजवाचक–वाचकवर–समयराजपुण्यानाम् ।
मद्विद्यैकगुरूणां, प्रसादतो सूत्रशतकमिदम् ॥"

[भावशतक]

"श्रीजिनसिंहमुनीश्वर–वाचकवर–समयराज–गणिराजाम् ।
मद्विद्यैकगुरूणामनुग्रहो मेऽत्र विज्ञेयः ॥"

[अष्टलक्षी पृ० २८]

¶ उपाध्याय समयराज भी आचार्य जिनचन्द्रसूरि के प्रमुख शिष्यों में से हैं। आपके सम्बन्ध में कोई ऐतिह्य वृत्त प्राप्त नहीं है। 'राज' नंदी को देखते हुए आपकी दीक्षा भी जिनसिंहसूरि के साथ ही या आस-पास स० १६२३ में ही हुई होगी। आपकी प्रणीत निम्न कृतियां प्राप्त हैं :--

१. धर्ममंजरी चतुष्पदी (१६६२) मेरे सग्रह में।
२. पर्युषण व्याख्यान पद्धति (नाहटा संग्रह में)
३. जिनकुशलसूरि प्रणीत शत्रुञ्जय ऋषभजिनस्तव अवचूरि (मेरे सग्रह में)
४. साधु-समाचारी (आगरा विजय धर्म लक्ष्मी ज्ञान मन्दिर) आदि कई सस्कृत भाषा के स्तोत्र।

राजजी ने अष्टोत्तरी शान्तिस्नात्र करवाया; जिसमें लगभग एक लाख रुपया व्यय हुआ था और जिसकी पूजा की पूर्णाहुति (आरती) के समय शाहजादा ने १०००० रु० चढ़ाये थे।

काश्मीर विजय यात्रा के समय सम्राट की इच्छा को मान

अध्येता समयसुन्दर ने इन दोनों विद्वानों के समीप किन किन ग्रन्थों का अध्ययन किया, इसका कोई उल्लेख नहीं मिलता है। किन्तु कवि की जिस प्रतिभा का परिचय हमें तत्प्रणीत द्वितीय कृति अष्टलक्षी से मिलता है; उससे अनुमान करने पर यह सिद्ध है कि आपने वाचकों से सिद्धहेमशब्दानुशासन, अनेकार्थ सग्रह, विश्वशंभुनाममाला, काव्यप्रकाश, पंच महाकाव्य आदि ग्रन्थों के साथ साथ जैन आगमिक साहित्य का और जैन दर्शन का विशेषतया अध्ययन किया था। इनके ज्ञानार्जन की योग्यता के सम्बन्ध में हम अगले प्रकरणों में विचार करेंगे। अस्तु

देते हुए आचार्यश्री ने वा० महिमराज को हर्षविशाल आदि मुनियों के साथ काश्मीर भेजा। काश्मीर के प्रवास में वा० महिमराज की अवर्णनीय उत्कृष्ट साधुता और प्रासंगिक एवं मार्मिक चर्चाओं से अकबर अत्यधिक प्रभावित हुआ। उसी का फल था कि वाचकजी की अभिलाषानुसार गजनी, गोलकुण्डा और काबुल पर्यन्त अमारि (अभयदान) उद्घोषणा करवाई और मार्ग में आगत अनेक स्थानों (सरोवर) के जलचर जीवों की रक्षा कराई। काश्मीर विजय के पश्चात् श्रीनगर में सम्राट् को उपदेश देकर आठ दिन की अमारी उद्घोषणा कराई थी।
(देखें, जिनचन्द्रसूरि प्रतिबोध रास)

"शुभ दिनइ रिपुबल हेलि भेजी, नयर श्रीपुरि उतरि।
अमारी तिहां दिन आठ पाली, देश साधी जयवरी ॥"
(जि० प्र० प्र० रास)

"श्रीपुरनगर आई, अमारि गुरु पलाई;
मछरी सबई छोराइ, नीकउ भमउ भइयारी।" (कु० पृ० ३६२)

वाचकजी के चारित्रिक गुणों से भावित होकर, स० अकबर ने आचार्यश्री को निवेदन कर बड़े ही उत्सव के साथ में आपको

गणिपद—भावशतक (र० सं० १६४१) में सूचित 'गणि'* शब्द को देखते हुये ऐसा प्रतीत होता है कि आपकी मेधावी प्रतिभा और सयमशीलता से आकर्षित होकर आचार्य श्रीजिनचन्द्रसूरि ने स्वकरकमलों से वाचक श्री महिमराज के साथ ही सं० १६४० माघ शुक्ला पंचमी को जेसलमेर में कवि को 'गणि' पद प्रदान किया होगा !

"तच्छिष्य समयसुन्दरगणिना स्वाभ्यास वृद्धिकृते ॥६६॥
शशिसागररसभूतल (१६४१) संवति विहितं च भावशतकमिदम ॥१००॥"

सं० १६४६ फाल्गुन कृष्णा १० के दिन आचार्यश्री के ही करकमलों से आचार्य पद प्रदान करवा कर जिनसिंहसूरि नाम रखवाया। (देखिये, उ० समयसुन्दर रचित 'जिनसिंहसूरि पदोत्सव काव्यं')

सम्राट् जहांगीर भी आपकी प्रतिभा से काफी प्रभावित था। यही कारण है कि अपने पिता का अनुकरण कर स० जहाँगीर ने आपको युगप्रधान पद प्रदान किया था।

(देखें, राजसमुद्र कृत 'जिनसिंहसूरि गीतम्')।

गच्छनायक बनने पश्चात् आपकी अध्यक्षता में मेड़ता निवासी चौपड़ा गोत्रीय शाह आसकरण द्वारा शत्रुञ्जय तीर्थ का सङ्घ निकाला गया था।

सं० १६७४ में आपके गुणों से आकर्षित होकर, आपका सहवास एवं धर्मबोध प्राप्त करने के लिये सम्राट जहांगीर ने शाही स्वागत के साथ अपने पास बुलाया था। आचार्यश्री भी बीकानेर से विहार कर मेड़ता आये थे। दुर्भाग्यवश वहीं सं० १६७४ पोष शुक्ला त्रयोदशी को आपका स्वर्गवास हो गया।

आपके जिनराजसूरि और जिनसागरसूरि आदि कई विद्वान् शिष्य थे।

वाचनाचार्य पद— सं० १६४६ फाल्गुन शुक्ला द्वितीया को लाहोर में जिस समय वाचक महिमराज को आचार्य श्री ने आचार्य पद प्रदान कर जिनसिंहसूरि नाम उद्घोषित किया था; उसी समय गणि पद भूषित कवि को 'वाचनाचार्य'¶ पद प्रदान कर सम्मानित किया था।

उपाध्याय पद—श्री राजसोम गणि प्रणीत 'समयसुन्दर गुरु गीतम्'† के अनुसार यह निश्चित है कि तत्कालीन गच्छनायक श्रीजिनसिंहसूरि ने लवेरा में आपको 'उपाध्याय' पद से अलंकृत किया था, किन्तु संवत् का इस गीत में उल्लेख न होने से हमें उनके ग्रन्थों के आधार से ही निश्चित करना है।

सं० १६६८ तक की आपकी कृतियों में उपाध्याय पद का कहीं भी उल्लेख नहीं है। नाहटाजी के लेखानुसार सं० १६७१ में लिखित अनुयोगद्वारसूत्र की पुष्पिका में भी वाचक पद का ही उल्लेख है। किन्तु कवि की १६७१ के पश्चात् की रचनाओं में उपाध्याय पद का उल्लेख है। देखिये:—

"तेषां शिष्यो मुख्यः, स्वहस्तदीक्षित सकलचन्द्रगणिः।
तच्छिष्य-समयसुन्दर सुपाठकैरकृत शतकमिदम् ॥४॥"

[विशेषशतक* स० १६७२]

¶ "तेषु च गणि जयसोमा, रत्ननिधानाश्च पाठका विहिता।
गुणविनय-समयसुन्दरगणिकृतौ वाचनाचार्यौ ॥"

[कर्मचन्द्रवंश प्रबन्ध]

† "श्रीजिनसिंहसूरिंद, सद्देर लवेरइ हो पाठक पद कीयउ"

* "विक्रमसंवति लोचनमुनिदर्शनकुमुदबांधव (१६७२) प्रमिते।
श्रीपार्श्वजन्मदिवसे, पुरे श्रीमेडतानगरे ॥ २ ॥"

"जयवंता गुरु गाजीयारे, श्रीजिनसिंहसूरि राय ।
समयसुन्दर तसु सानिधि करी रे, इम पभणइ उवझाय रे ॥६॥"
[सिंहलसुत प्रियमेलक रास ¶ सं० १६७२]

अतः यह निश्चित है कि सं० १६७१ के अंतिम भाग में या १६७२ के पोष मास के पूर्व ही आपको उपाध्याय पद प्राप्त हो गया था।

महोपाध्याय पद—परवर्ती कई कवियों ने आपको 'महोपाध्याय' पद से सूचित किया है; जो वस्तुतः आपको परम्परानुसार प्राप्त हुआ था। सं० १६८० के पश्चात् गच्छ में आप ही वयोवृद्ध, ज्ञानवृद्ध और पर्यायवृद्ध थे। साथ ही खरतरगच्छ की यह परम्परा रही है कि उपाध्याय पद में जो सबसे बड़ा होता है, वही महोपाध्याय कहलाता है। अतः स्वतः सिद्ध है कि आपकी महिमा और योग्यता से प्रभावित होकर यह पद लिखा गया है। यही कारण है कि वादी हर्षनन्दन उत्तराध्ययन सूत्र के प्रारम्भ में "श्रीसमयसुन्दर महोपाध्याय चरणसरोरुहाभ्यां नमः" लिखता है।

प्रवास और उपदेश

कवि के स्वरचित ग्रन्थों की प्रशस्तियाँ, तीर्थमालायें और तीर्थस्तव साहित्य को देखते हुये ऐसा प्रतीत होता है कि कवि का प्रवास उत्तर भारत के क्षेत्रों में बहुत लम्बा रहा है। सिन्ध, उत्तरप्रदेश, राजस्थान, सौराष्ट्र, गुजरात क प्रदेशों में विचरण अत्यधिक रहा है। प्रशस्तियाँ आदि के अनुसार वर्गीकरण किया जाय तो इस प्रकार होगा:—

¶ "सवत सोलबहुत्तरि समइ रे, मेडतानगर मझारि।"

सिन्ध—मुलतान, मरोठ, उच्चनगर, सिद्धपुर, देरावर।

पंजाब—लाहोर, सरसपुर, फीरोजपुर, कसूर।

उत्तरप्रदेश—उग्रसेनपुर (आगरा), अकबरपुर[1], सिकंदरपुर[2], बीबीपुर[3]।

राजस्थान—सांगानेर, चाटसू, मंडोवर, तिमरी, मेड़ता, फलवर्धी पार्श्वनाथ, डिडवाणा, नागोर, जालोर, नाकोड़ा, बिलाड़ा, लवेरा, सेत्रावा, सांचोर, सेत्रावा, घंघाणी, वरकाणा, नडुलाइ, नलोल,[4] राणकपुर, आबू, अचलगढ़, देलवाड़ा, जीरावला, जेसलमेर, अमरसर, लौद्रवा, वीरमपुर, बीकानेर, नाल, रिणी, लूणकरणसर, चंदशारि[5] (?)

सौराष्ट्र—नागद्रह,[6] नवानगर,[7] सौरिपुर,[8] गिरनार, शत्रुञ्जय।

गुजरात—अंकेट, पालनपुर, ईडर, शंखेश्वर, सैरीसर, पाटण, नारगा,[9] देवता,[10] भडकुज,[11] भोडुआ,[12] अमदाबाद, गौडी-पार्श्वनाथ, खंभात, परिमताल, कलिकुंड, कंसारी, त्रंबावती,[13] मगलोर, अजाहरा।

श्री देशाई[14] तीर्थमालाओं में उल्लिखित सम्मेतशिखर, राज-

---

१. कुसुमाञ्जलि पृ० ३०६ 　 २. वही पृ० १७१
३. वही पृ० १७८ 　 ४. ,, पृ० १७०
५. वही पृ० १७, ६६, 　 ६. ,, पृ० १५२
७. ,, पृ० ५८, 　 ८. ,, पृ० ११२
९. ,, पृ० १७३, 　 १०. ,, पृ० १७७
११ ,, पृ० १७८, 　 १२. ,, पृ० २०६
१३. ,, पृ० १६०,
१४. देखें, कविवर समयसुन्दर निबंध पृ० २६-२७,

गृही के पांच पहाड़, क्षत्रियकुण्ड, चम्पानगरी, पावापुरी, अंतरीक्ष और मक्षी आदि प्रदेशों में विचरण का अनुमान करते हैं; जो समुचित नहीं है। क्योंकि इस बात का कोई पुष्टप्रमाण नहीं है कि कवि का इन प्रदेशों में विचरण हुआ हो! किन्तु कवि की रचनाओं और प्रवास को देखते हुये यह सिद्ध है कि कवि का इन प्रदेशों में विचरण नहीं हुआ है किन्तु, प्रसिद्ध तीर्थ-स्थान होने से स्तव रूप में नमस्कार-मात्र ही किया है।

कवि अपने प्रवास को तीर्थयात्रा और प्रचार का माध्यम बनाकर सफलता प्रदान कर रहा है। जहां जहां भी तीर्थस्थल आते हैं, वहां-वहां कवि मुक्त हृदय से भक्ति करता हुआ भक्त के रूप में दिखाई पड़ता है, नूतन स्तवन बनाकर अर्चा करता रहता है। कवि के तीर्थयात्रा सम्बन्धी कई स्तव भी ऐतिहासिक तथ्यों का उद्घाटन करते हैं। उदाहरण स्वरूप घंघाणी* और राणकपुर¶ का स्तवन देखिये।

कवि विचरण करता हुआ अपने समाज में तो ज्ञान और धर्म का प्रचार करता ही रहा है; किन्तु साथ ही राजकीय अधिकारियों से भी सम्बन्ध स्थापित कर, अहिंसा-धर्म का भी मुक्तरूप से प्रचार करता रहा है। कवि अपनी वृत्ति को संकीर्ण न रखकर, केवल स्वसमुदाय में ही नहीं, अपितु सामान्य जनता और मुसल-

---

* कुसुमाञ्जलि पृ० २३२।

¶ वही पृ० २८। इस स्तवन में कवि खरतरवसही का भी उल्लेख करता है:—

'खरतर वसही खांतीसुं रे लाल, निरखंता सुख थाय मन मोह्यउ रे।६।'

जो कि वर्तमान में नहीं है। किन्तु सं० २००६ वैशाख शुक्ला में मैं यात्रार्थ राणकपुर गया था। वहां वेश्या का मन्दिर नाम से प्रसिद्ध मन्दिर के तल घर में पिप्पलक खरतर शाखा के प्रवर्तक आचार्य जिनवर्धनसूरि के पौत्र शिष्य, श्रीजिनचन्द्रसूरि

मानों तक से अपना संपर्क स्थापित कर उपदेश देता है। यही कारण है कि वह सिद्धपुर (सिन्ध) के कार्यवाहक (अधिकारी) मखनूम मुहम्मद शेख काजी को अपनी वाणी से प्रभावित कर समग्र सिन्ध प्रान्त में गौमाता का, पञ्चनदी के जलचर जीव एवं अन्य सामान्य जीवों की रक्षा के लिये अभय की उद्घोषणा करवाता है † इसी प्रकार जहां जेसलमेर में मीना-समाज सांडों का

के पट्टधर श्रीजिनसागरसूरि प्रतिष्ठित एक मूर्ति (जो संभवतः मूलनायक की होगी !) लगभग ५४ अंगुल की थी और १०-१२ मूर्तियां छोटी मौजूद हैं। इससे निश्चित है कि कवि वर्णित खरतरवसही का ध्वस होने से मूर्तियें उक्त मन्दिर के तलघर में रखी गई हों।

† शीतपुर मांहे जिण समझावियउ, मखनूम महमद सेखोजी।
जीवदया पडह फेराविियो, राखी चिहुँ खंड रेखोजी ।३।
[देवीदास कृत समयसुन्दर गीतम्]

सिधु विहारे लाभ लियो घणो रे, जी मखनूम सेख।
पांचे नदियां जीवदया भरी रे, वलि धेनु विशेष ॥ ५ ॥
[वादी हर्षनन्दन कृत समयसुन्दर गीतम् ।]

वादी हर्षनन्दन तो कवि के उपदेश द्वारा अकबर के हुक्म से सम्पूर्ण गुर्जरभूमि में किया हुआ अमारि पटह का भी उल्लेख करता है :—

"अमारिपटहा यैस्तु, साहिपत्रप्रमाणतः।
दापयांचक्रिरे सर्व-गुर्जराधरणीतले ।१०।
श्रीउच्चनगरे शेष, श्रीमखतूंम जिहानीयाम्।
प्रतिबोध्य गवां घातो, वारितस्तारितात्मभिः ।११।"
[ऋषिमण्डल टीका प्र०]

"मखतूमजिहानीया, म्लेच्छगुरु प्रबोधकाः।
सिन्धौ गोमरणभय-त्रातारः पापहर्तारः ।१४।"
[उ० टी० प्र०]

वध किया करता था, वहां ही जेसलमेर के अधिपति रावल भीमजी[१] को बोध देकर इस हिंसा-कृत्य को बन्द करवाया था और मडोवर[२] (मंडोर, जोधपुर स्टेट) तथा मेड़ता[३] के अधिपतियों को ज्ञान-शिक्षा देकर शासन-सेवी बनाया था।

औदार्य और गुणग्राहकता

कवि सचमुच में ही भावुकता और औदार्य के कारण कवि ही था। वैसे तो कवि खरतरगच्छ का अनुयायी और महास्तंभ गीतार्थ था; किन्तु अनुयायी होने पर भी उसके हृदय में श्रुतदेवी का विलास होने कारण किंचित् भी हठाग्रह या संकीर्णता नहीं थी; थी तो केवल उदारता ही। उदाहरण स्वरूप देखिये:—

तपागच्छ के धर्मसागरजी जहां प्रलापी की तरह खरतरगच्छ को और उसके कर्णधार महाप्रभावी आचार्यों को खर-तर, निह्नव, उत्सूत्रभाषी, मिथ्याप्रलापी और जार-पुत्र आदि अशिष्ट विशेषण दे रहा था वहां कवि अपने गच्छ और आचार्यों की मर्यादा तथा अपनी वैधानिक परम्पराओं को सुरक्षित रख रहा था। 'समाचारी शतक' में कवि अभयदेवसूरि की खरतरगच्छीयता, षट्कल्याणक निर्णय, अधिकमास निर्णय, उपवास सह पौषध और खरतरगच्छ की परिभाषा एवं ऐतिहासिकता सिद्ध करता हुआ शास्त्रीयता का प्रतिपादन कर रहा है। किन्तु क्या मजाल की कहीं भी धर्मसागर का नामोल्लेख भी किया हो अथवा कहीं भी, किसी के लिये भी अशिष्ट विशेषणों का या शब्दों का प्रयोग किया हो ! अपितु देखा ऐसा जाता है कि कवि, धर्मसागर जी के ही सहपाठी, गुरुभ्राता और तपागच्छनायक हीरविजयसूरि

१-२-३ देखें, युगप्रधान जिनचन्द्रसूरि पृ० १६७।

को अपने गणनायक के समान ही प्रभाविक और जिनशासन का सितारा मानकर स्तुति करता है:—

भट्टारक तीन भये बड़भागी।
जिण दीपायउ श्रीजिनशासन, सबल पडूर सोभागी। भ० १।
खरतर श्रीजिनचन्द्रसूरीसर, तपा हीरविजय वैरागी।
विधिपक्ष धरममूरति सूरीसर, मोटो गुण महात्यागी। भ० २।
मत कोउ गर्व करउ गच्छनायक, पुण्य दशा हम जागी।
समयसुन्दर कहइ तत्त्वविचारउ, भरम जाय जिम भागी। भ० ३।

कवि गुणों का ग्राहक और साधुता का पूजक था। न तो उसके सामने गच्छ का ही महत्त्व था और न था छोटे-मोटे का ही महत्त्व, अपितु महत्त्व था तो केवल गुणों का आदर करना। यही कारण है कि पार्श्वचन्द्रगच्छ (लघु-समुदायी) के आचार्य विमलचन्द्रसूरि के शिष्य पूँजा ऋषि थे जो रातिज (गुजरात) ग्राम निवासी कडुआ पटेल गोरा और धनबाई का पुत्र था और जिसने १६७० में अहमदाबाद में दीक्षा ली थी। बड़ा ही उग्र तपस्वी था। देखा जाय तो कवि, पुञ्जा ऋषि से अवस्था, ज्ञान, प्रतिभा और चारित्र में अधिक सम्पन्न होने पर भी पूँजा ऋषि की तपस्या से अत्यधिक प्रभावित होता है और श्लाघा पूर्वक रास में वर्णन करता है:—

श्रीपार्श्वचन्द्र ना गच्छ मांहे, ए पुंजो ऋषि आज।
आप तरै नें तारिवै, जिम बड़ सफरी जहाज। ८।

× × ×

ऋषि पुंजो अति रूड़ो होवइ, जिन शासन मांहे शोभ चढावइ।१४।
तेहना गुणगातां मन मांहइ, आनन्द उपजै अति उछाहे।
जीभ पवित्र हुवे जस भणतां, श्रवण पवित्र थाये सांभलतां।१५।

ऋषि पुंजे तप कीधौ ते कहुं, सांभलजो सहु कोई रे।
आज नइ कालै करइ कुण एहवा, पणि अनुमोदन थाई रे ।१६।

× × ×

पुंजराज मुनिवर वंदो, मन भाव मुनीसर सोहै रे।
उम करइ तप आकरो, भवियण जन मन मोहै रे ।३२।

× × ×

आज तो तपसी एहवो, पुंजा ऋष सरीखो न दीसइ रे।
तेहनै वांदता विहरावतां, हरखै कवि हियड़ो हीसइ रे ।३४।
एक बे वैरागी एहवा, श्रीपासचन्द गच्छ मांहि सदाई रे।
गरुयड वाढइ गच्छ मांहि, श्रीपासचन्द्रसूरिनी पुण्याई रे ।३६।

× × ×

इतना ही नहीं कवि के हृदय में गच्छ वाद तो दूर रहा किन्तु श्वेताम्बर-दिगम्बर जैसे विवादास्पदीय विषयों से भी वे दूर रहे। उनके तीर्थों के प्रति भी इनकी वैसे ही श्रद्धा और आदर भक्ति है, जैसे कि अपने तीर्थों के प्रति। दिगम्बर प्रसिद्ध तीर्थस्थलों में भी कवि यात्रा करने जाता है और भाव अर्चा करता है.—

"चन्द्रपुरी अवतार, लक्ष्मणा माता मल्हार,
चन्द्रमा लांछन सार, उरु अभिराम में।
वदन पूनिमचंद, वचन शीतलचंद,
महासेन नृपचद, नवनिधि नाम में।
तेज करइ झिग झिग, फटित रतन बिंब,
सांख्यौ है…………दिगम्बर धाम में।
समयसुन्दर इम, तीरथ कहइ उत्तम,
चन्द्रप्रभ भेट्यो हम, चांदवारि गाम में। ८।

इस प्रकार की विशालहृदयता और उदारता उस समय के महर्षियों में भी विरलता से प्राप्त होती है जैसे कि कवि में थी।

सचमुच में कवि के जैसी गुणग्राहकता तत्कालीन मुनि-जनों में होती तो आज 'गच्छवाद' का विकृत स्वरूप हमें देखने को प्राप्त नहीं होता और न समाज की ऐसी करुणदशा ही होती। आज भी हम यदि कवि की इस गुणग्राहकता को अपना करके चलें तो निश्चय ही हम विश्व में अपना स्थान बना सकेंगे। अस्तु.

गुजरात का दुष्काल और कवि का क्रियोद्धार

कवि के जीवन को करुण और दयनीय स्वरूप प्रदान करने वाला गुर्जर देश का संवत् १६८७ का भयंकर दुष्काल है। इस दुष्काल ने अन्नाभाव के कारण इस प्रकार की दुर्दशा कर दी थी-कि चारों तरफ त्राहि-त्राहि की पुकार मची हुई थी:—

अध पा न लहे अन्न भला नर थया भिखारी,
मूकी दीधउ मान, पेट पिण भरइ न भारी,
पमाडियाना पांन, केइ बगरौ नइं कांटी,
खावे खेजड़ छोड़, शालितुस सबला बांटी।
अन्नकण चुणइ के अइंठि में, पीयइ अइंठि पुसली भरो।
समयसुन्दर कहइ सत्यासीया, एह अवस्था तइं करी ॥८॥

× × ×

मांटी मुंकी बइर, मुक्या बइरै पणि मांटी,
बेटे मुक्या बाप, चतुर देतां जे चांटी,
भाई मुकी भइण, भइणि पिण मुंक्या भाइ,
अधिको व्हालो *अन्न, गइ सहु कुटुम्ब सगाइ।*
घरबार मुंकी माणस घणा, परदेशइ *गया पाधरा,*
समयसुन्दर कहइ सत्यासीया, तेही न राख्या आधरा ॥९॥

× × ×

इस दुष्काल ने अपने भयंकर वरद हस्त से समाज के रुधिर और मज्जा से यमराज को भी काफी प्रसन्न किया था:—

मूआ घणा मनुष्य, रांक गलीए रडवडिया,
सोजो वल्यउ शरीर, पछइं पाज मांहे पडिया;
कालइ कवण बलाइ, कुण उपाडइ किहा काठी,
ताणे नाख्या तेह, मांडि थइ सगला माठी ।
दुरगंधि दशो दिसि उछली, मडा पड्या दीसइ मुआ,
समयसुन्दर कहइ सत्यासीया, किण घरइ न पड्या कुकुआ ॥१६॥

× × ×

ऐसी भयंकर अवस्था में, जो उपासक, देव-गुरु और धर्म के परमपूजारी और श्रद्धालु थे वे भी अपने कर्त्तव्यों से पराङ्मुख हो गये थे। अतः उपासकों के भगवत्तुल्य ८४ गच्छ के साधुओं की दशा भी आहार न मिलने के कारण बड़ी विचित्र हो गई थी। देवमंदिर शून्य से हो गये थे :—

घर तेडी घणी वार, भगवान ना पात्रा भरता,
भागा ते सहु भाव, निपट थया वहिरण निरता;
जिमता जडइ किमाण, कहै सवार छै केई,
द्यइ फेरा दस पांच, जती निठ जायइ लेई ।
आपइ दुखइ अणछूटतां, ते दूषण सहु तुझ तणउ;
समयसुन्दर कहइ सत्यासीया, विहरण नहीं विगुचणउ ।१५।

× × ×

पडिकमणउ पोसाल, करण को श्रावक नावइ,
देहरा सगला दीठ, गीत गंधर्व न गावइ;
शिष्य भणइ नहीं शास्त्र, मुख भूखइ मचकोडइ,
गुरुवंदण गइ रीति, छती प्रीत माणस छोडइ ।
वखाण खाण माठा पड्या, गच्छ चौरासी एही गति;
समयसुन्दर कहइ सत्यासीया, कांइ दीधी तइं ए कुमति ।१५।

× × ×

इस सत्यासीया भाग्यशाली ने तो कई आचार्यो को अपना ग्रास बनाया था। कितने गीतार्थो को अपने अधिकार में किया था; कल्पना ही नहीं :—

श्री ललितप्रभसूरि, पाटण पूनमिया सुगुरु,
प्रभु लहुडी पोसाल, पूज्य बे पींपलिया खरतर;
गुजराती गुरु बेउ, वडउ जसवत नइ केसव,
शालिवाडियउ सूरि, कहूँ कितो पूरो हिसब।
सिरदार घणेरा सहरना, गीतारथ गिणती नहीं;
समयसुन्दर कहइ सत्यासीया, तुं हतियारउ सालो सही।।१८।

ऐसी अवस्था में कई साधुओं ने उल्टा लाभ उठाया था। श्रावकों की अनिच्छा होते हुये भी अनेकों अनाथ बच्चों को दीक्षित कर जमात बढ़ाई थी। इसी पर कवि व्यग्य कसता हुआ कहता है:—

आपणा वाल्हा आंत्र, पड्यां जे आपणां पेटा,
नाण्यो नेह लिगार, बापइ विण वेच्या बेटा;
लाधउ जतीए लाग, मूंडी नइं मांहइ लीधा;
हुंती जितरी हुंस, तीए तितराहिज कीधा।
कूकीया घणुं श्रावक किंता, तदि दीक्षा लाभ देखाडीया;
समयसुन्दर कहइ सत्यासीया, लइं कुटुम्ब विछोहा पाडीया।१०।

× × ×

कवि भी इस दुष्काल की मार से बचा नहीं। इधर तो कवि की वृद्धावस्था और इधर शिष्यों द्वारा त्याग; ऐसी अवस्था में यह ८४ गच्छ का सर्वमान्य कवि अति-दुर्बल और पीड़ित हो जाता है। फिर भी क्षीण देही कवि अपने शिष्यों के मोह में ग्रसित होकर, साधुओं के लिये अनाचरणीय, शास्त्र, पात्र और वस्त्र बेचकर कितना ही काल व्यतीत करता है*। पर, हा, हतभाग्य! कवि के वे ही शिष्य उसका त्याग कर जाते हैं:—

दुःखी थया दरसणी, भूख आधी न खमावइ;
श्रावक न करी सार, खिण धीरज किम थायइ,
चेले कीधी चाल, पूज्य परिग्रह परहउ छांडउ;

* यह दशा उस समय सर्व साधारण की थी।

पुस्तक पाना वेचि, जिम तिम अम्हनइ जीवाडउ।
वस्त्र पात्र बेची करी, केतौक तो काल काढियउ,
समयसुन्दर कहइ सत्यासीया, तुनइ निपट निरधाटीयउ।१३।

× × ×

इस प्रकार दुर्भिक्ष से स्वस्थ होने पर कवि अनुभव करता है कि स्वसाधना और परार्थसाधना जो हमारा जीवन का लक्ष्य है, उससे हम दूर होते चले जा रहे हैं। साध्वाचार के प्रतिकूल शिथिलता में पनपते जा रहे हैं जो हमारे साध्यजीवन के लिये अत्यन्त ही घातक है। हमें पुनः उत्थान की तरफ चलकर आदर्श-मय बनना होगा। इन्हीं विचारों में अग्रसर होकर कवि वृद्धावस्था में भी सं० १६६१ में शैथिल्य का त्याग कर सुविहित साधुता अपनाते हुये 'क्रियोद्धार' करता है और भावी-समाज के लिये आदर्श की भूमिका छोड़ जाता है।

जीवन की कातरता

यह जीवन का सत्य है कि भौतिकवाद की दृष्टि से मानव की सम्पूर्ण आकांक्षायें कदापि पूर्ण नहीं होती। किसी न किसी प्रकार की कमी रहती ही है और वही कमी जीवन का शल्य बनकर सम्पूर्ण भौतिक सुखों पर पानी फेर देती है तथा जीवन को दुःखी बना देती है। यही दुःखीपना कातरता का स्वरूप धारण कर मनुष्य को दीन भी बना देता है। यही जीवन की एक आकांक्षा कवि जैसे सक्षम व्यक्ति को भी कातर बना देती है।

कवि का जीवन अत्यन्त सुखमय रहा है। क्या शारीरिक दृष्टि से, क्या अधिकार की दृष्टि से, क्या उपाधियों की दृष्टि से, क्या सन्मान की दृष्टि से और क्या शिष्य-प्रशिष्य बहुल परिवार की दृष्टि से। कहा जाता है कि कवि के स्वहस्तदीक्षित ¶ ४२ शिष्य

¶ दीक्षा तो स्वयं आचार्य देते थे किन्तु जिनके द्वारा प्रतिबोधित होते थे, उन्हीं के शिष्य बनाया करते थे।

थे, जिसमें शायद प्रशिष्यों की सख्या सम्मिलित नहीं है उन शिष्यों में से कई तो शिष्य महा विद्वान्, वादी और प्रतिभा सम्पन्न मेधावी‡ भी थे। किन्तु इतना होने पर भी कवि को शिष्यों का सुख प्राप्त नहीं हुआ। जिन शिष्यों को योग्य बनाने के लिये कवि ने अपना सर्वस्व त्याग किया, गुजरात के सत्यासीया दुष्काल में भी शिष्यों को सुखी रखने के लिये जिसने कोई कसर नहीं रखी, जिसने अपनी आत्मा को बंचित कर साधु-नियमों का लङ्घन कर माता-पिता के समान ही शिष्यों का पुत्रवत् पालन किया था। व्याकरण, प्राचीन एवं नव्यन्याय, साहित्य और दर्शन का अध्ययन करवा कर, गणनायकों से सिफारिशें कर उपाधियां दिलवाई थी-और जो समाज एव गच्छ प्रतिष्ठित यशस्वी माने जाते थे, वे ही शिष्य कवि को वृद्धावस्था में त्याग करके चले जाते हैं, सेवा शुश्रूषा भी नहीं करते हैं और जो पास में रहते हैं वे भी कवि की अन्तर्पीड़ा नहीं पहचान पाते हैं; तो कवि का हृदय रो उठता है और अनिच्छा होने पर भी बलात् वाचा द्वारा अभिव्यक्त करता हुआ अन्य साधुओं को सचेत करता है कि शिष्य-सन्तति नहीं है तो चिंता न करो। देखो, मै अनेक शिष्यों का गुरु होता हुआ भी दुःखी हूँ:-

चेला नहीं तउ म करउ चिन्ता,
दीसइ घणे चेले पणि दुक्ख।
संतान करंमि हुआ शिष्य बहुला,
पणि समयसुन्दर न पायउ सुक्ख ॥ १ ॥
केइ मुया गया पणि केइ,
केइ जुया रहइ परदेस।
पासि रहइ ते पीड न जाणइ,

‡ देखिये, आगे का शिष्य-परिवार अध्याय।

कहियउ घणउ तउ थायइ किलेस ॥ २ ॥
जोड़ घड़ी विस्तरी जगत मइं,
प्रसिद्धि थइ पातसाह पर्यन्त ।
पणि एकणि बात रही अणूरति,
न कियउ किण चेलइ निश्चिन्त ॥ ३ ॥
समयसुन्दर कहइ सांभलिज्यो,
देतउ नहीं छुं चेला दोस ।
× × ×

इधर वृद्धावस्था, उधर दुष्काल से जर्जरित काय और ऐसी अवस्था में भी अपने प्राण प्यारे शिष्यों की उपेक्षा से कवि अत्यंत दुःखी हो जाता है जिसका वर्णन कवि अपने 'गुरु दुःखित वचनं' में विस्तार से प्रकट करता हुआ कहता है कि ऐसे शिष्य निरर्थक ही हैं:—

"क्लेशोपार्जितवित्तेन, गृहीत्वा अपवादतः ।
यदि ते न गुरोर्भक्ताः, शिष्यैः किं तैर्निरर्थकैः ।१।
वंचयित्वा निजात्मानं, पोषिता मृष्टभुक्तितः ।
यदि ते न गुरोर्भक्ताः, शिष्यैः किं तैर्निरर्थकैः ।२।
लालिताः पालिताः पश्चान्मातृपित्रादिवद् भृशम् ।
यदि ते न गुरोर्भक्ताः, शिष्यैः किं तैर्निरर्थकैः ।३।
पाठिता दुःखपापेन, कर्मबन्धं विधाय च ।
यदि ते न गुरोर्भक्ताः, शिष्यैः किं तैर्निरर्थकैः ।४।
गृहस्थानामुपालम्भाः, सोढा बाढं स्वमोहतः ।
यदि ते न गुरोर्भक्ताः, शिष्यैः किं तैर्निरर्थकैः ।५।

तपोपि वाहितं कष्टात्, कालिकोत्कालिकादिकम् ।
यदि ते न गुरोर्भक्ताः, शिष्यैः किं तैर्निरर्थकैः ।६।
वाचकादि पदं प्रेम्णा, दापितं गच्छनायकात् ।
यदि ते न गुरोर्भक्ताः, शिष्यैः किं तैर्निरर्थकैः ।७।
गीतार्थ नाम धृत्वा च, बृहत्क्षेत्रे यशोर्जितम् ।
यदि ते न गुरोर्भक्ताः, शिष्यैः किं तैर्निरर्थकैः ।८।
तर्क-व्याकृति-काव्यादि-विद्यायां पारगामिनः ।
यदि ते न गुरोर्भक्ताः, शिष्यैः किं तैर्निरर्थकैः ।६।
सूत्रसिद्धान्तचर्चायां, याथातथ्यप्ररूपकाः ।
यदि ते न गुरोर्भक्ताः, शिष्यैः किं तैर्निरर्थकैः ।१०।
वादिनो भुवि विख्याता, यत्र तत्र यशस्विनः ।
यदि ते न गुरोर्भक्ताः, शिष्यैः किं तैर्निरर्थकैः ।११।
ज्योतिर्विद्या चमत्कारं, दर्शितो भूभृतां पुरः ।
यदि ते न गुरोर्भक्ताः, शिष्यैः किं तैर्निरर्थकैः ।१२।
हिन्दू-मुसलमानानां, मान्याश्च महिमा महान् ।
यदि ते न गुरोर्भक्ताः, शिष्यैः किं तैर्निरर्थकैः ।१३।
परोपकारिणः सर्वगच्छस्य स्वच्छहृच्चितः ।
यदि ते न गुरोर्भक्ताः, शिष्यैः किं तैर्निरर्थकैः ।१४।
गच्छस्य कार्यकर्तारो, इर्तारोऽर्तेश्च भूस्पृशाम् ।
यदि ते न गुरोर्भक्ताः, शिष्यैः किं तैर्निरर्थकैः ।१५।
गुरुर्जानाति वृद्धत्वे, शिष्याः सेवाविधायिनः ।
यदि ते न गुरोर्भक्ताः, शिष्यैः किं तैर्निरर्थकैः ।१६।

गुरुणा पालिता नाऽऽज्ञाऽर्हतोऽतोऽतिदुःखभागभूत्।
एषामहो! गुरुदु:खी, लोकलज्जापि चेन्नहि ।१७।*

पराधीनता

यह भी एक जीवन का सत्य है कि मानव अपनी तारुण्या-वस्था और प्रौढ़ावस्था में अपने विशद ज्ञान, अधिकार और प्रतिभा के बल पर सर्वतन्त्र स्वतन्त्र होकर जीवित रहता है किन्तु, वही वृद्धावस्था में अपने मनको मारकर पुत्रों की इच्छानुसार चलने को बाधित हो जाता है। उसकी सारी योग्यता, प्रतिभा और स्वाभिमान का नामोनिशान भी मिट जाता है। देखिये कवि के जीवन को ही। घटना इस प्रकार है:—

आचार्य जिनसिंहसूरि के पश्चात् श्रीजिनराजसूरि¶ गण-नायक बने और जिनसागरसूरि आचार्य बने। जिनसागर-

---

* संभवतः यह 'दु:खित वचनं' वादी हर्षनन्दन को लक्ष्य कर लिखा गया प्रतीत होता है।

¶ आचार्य जिनराजसूरि—बीकानेर निवासी बोहित्थिरा गोत्रीय श्रेष्ठि धर्मसी के पुत्र थे। आपकी माता का नाम धारलदे था। आपका जन्म नाम राजसिंह था। सं० १६४६ मिगसर सुदि ३ को आपने आचार्य जिनसिंहसूरि के पास दीक्षा ग्रहण की। आपका दीक्षा नाम था राजसमुद्र। आपको उपाध्याय पद स्वयं युगप्रधानजी ने सं० १६६८ में दिया था। आ० जिनसिंहसूरि के स्वर्गवास होने पर आप सं० १६७४ वैशाख शुक्ला सप्तमी को मेड़ता में गणनायक आचार्य बने। इसका पट्टमहोत्सव मेड़ता निवासी चोपड़ा गोत्रीय सङ्घवी आसकरण ने किया था। अहमदाबाद निवासी सङ्घपति सोमजी कारित शत्रुञ्जय की खरतर वसही में सं० १६७५ वैशाख शुक्ला १३ शुक्रवार को

५०० मूर्तियों की आपने प्रतिष्ठा की थी। भाणवड पार्श्वनाथ तीर्थ के स्थापक भी आप ही थे। सं० १६७७ जेठ वदि ५ को चोपड़ा आसकरण कारापित शान्तिनाथ आदि मन्दिरों की आपने प्रतिष्ठा की थी; (देखें, मेरी संपादित, प्रतिष्ठा लेख संग्रह प्रथम भाग)। जेसलमेर निवासी भणसाली गोत्रीय सङ्घपति थाहरु कारित, जैनों के प्रसिद्ध तीर्थ लौद्रवाजी की प्रतिष्ठा भी स० १६७५ मार्गशीर्ष शुक्ला द्वादशी को आपने ही की थी और आपकी ही निश्रा में स० थाहरु ने शत्रुञ्जय का सङ्घ निकाला था। कहा जाता है कि अंबिका देवी आपको प्रत्यक्ष थी और देवी की सहायता से ही घङ्घाणी तीर्थ में प्रकटित मूर्तियों के लेख आपने बांचे थे। आपकी प्रतिष्ठापित सैकड़ों मूर्तियाँ आज भी उपलब्ध हैं। स० १६९९ आषाढ़ शुक्ला ९ को पाटण में आपका स्वर्गवास हुआ था। आप न्याय, सिद्धान्त और साहित्य के उद्भट विद्वान् थे। आपकी रचित निम्न कृतियें प्राप्त हैं:—

१. स्थानांग सूत्र वृत्ति (अप्राप्त, उल्लेख मात्र प्राप्त है)
२. नैषध महाकाव्य जैनराजी टीका श्लो० सं० ३६०००
(उत्कृष्ट पाण्डित्यपूर्ण टीका, प्रति मेरे संग्रह में)
३. धन्ना शालिभद्र रास स० १६७८, (सचित्र प्रति मेरे संग्रह में)
४. गुणस्थान विचार पार्श्वस्तवन सं० १६६५.
५. पार्श्वनाथ गुणबेली स्तव. ,, १६८९ पो० व० ८
६. गज सुकुमाल रास. ,, १६९९ अहमदाबाद
(प्रति, मेरे संग्रह में)

७. प्रश्नोत्तर रत्नमालिका बालावबोध
८. चौबीसी
९. बीसी.
१०. शील बतीसी.
११. कर्म बतीसी.
१२. नवतत्त्व स्तवक.
१३. स्तवन संग्रह.

सूरि * १२ बारह वर्ष तक आ० जिनराजसूरि के साथ ही रहे। सं० १६८६ में कवि का प्रसिद्ध शिष्य, बहुश्रुत, प्रकाण्ड विद्वान्, नव्यन्याय वेत्ता, यशस्वी, वादी हर्षनन्दन के बखेड़े के कारण दोनों आचार्यों में मनोमालिन्य हुआ। फलस्वरूप अलग अलग हो गये। वादी हर्षनन्दन ने जिनसागरसूरि का पक्ष लिया था, क्योंकि उनका वह एक नेता रहा है। अतः कवि को भी प्रमुख आ० जिनराजसूरि का साथ छोड़कर, अपने शिष्य के हठाग्रह से पराधीन हो उसके मतानुसार ही चलना पड़ा। यहीं से खरतरगच्छ की एक 'आचार्य शाखा' का प्रादुर्भाव हुआ। हाय रे वार्धक्य! तेरे कारण ही कवि जैसे समदर्शी विद्वान् को भी एक पक्ष स्वीकार करना पड़ा।

* जिनसागरसूरि-बीकानेर निवासी बोहिथिरा गोत्रीय शाह बच्छराज और मृगादे माता की कुक्षि से सं० १६५२ कार्तिक शुक्ला १४ रवि अश्विनी नक्षत्र में इनका जन्म हुआ था। जन्म नाम था चोला। स० १६६१ माह सुदि ७ को अमरसर में जिनसिंहसूरि ने आपको दीक्षा दी। दीक्षा महोत्सव श्रीमाल थानसिंह ने किया था। युगप्रधानजी ने बृहद्दीक्षा देकर इनका नाम सिद्धसेन रखा था। इनके विद्यागुरु थे उपाध्याय समयसुन्दरजी के शिष्य वादी हर्षनन्दन। स० १६७४ फागुण सुदि ७ को मेड़ता में संघपति आसकरण द्वारा कारित महोत्सव पूर्वक आप आचार्य बने। जिनराजसूरि के साथ ही आप शत्रुञ्जय खरतर वसही की प्रतिष्ठा के समय मौजूद थे। १२ वर्ष तक आप जिनराजसूरि के साथ ही रहे। किन्तु सं० १६८६ में किंचित् मतभेद एव वादी हर्षनन्दन के आग्रह के कारण आप पृथक् हुये। तब से आपकी शाखा आचार्य शाखा के नाम से प्रसिद्ध हुई। आपने अहमदाबाद में ११ दिन का अनशन कर स० १७२० ज्येष्ठ कृष्णा ३ को स्वर्ग की ओर प्रस्थान किया था।

आप बड़े ही मनस्वी और श्रेष्ठ संयमी थे तथा आपकी

प्रसिद्धि भी अत्यधिक फैली हुई थी। इसके सम्बन्ध में कवि स्वयं उल्लेख करता है:—

"बोलइ थोडुं बइठा रहइ रे, वाचइ सूत्र सिद्धान्त।
राति उभा काउसग्ग करइ रे, ध्यान धरइं एकांत।अ.।४।"
[कुसुमाञ्जलि पृ० ४१३]

"श्रीमज्जेसलमेरुदुर्गनगरे श्रीविक्रमे गुर्जरे,
थट्टायां भटनेर-मेदिनीतटे, श्रीमेदपाटे स्फुटम्।
श्रीजाबालपुरे च योधनगरे श्रीनागपुर्यां पुनः,
श्रीमल्लाभपुरे च वीरमपुरे, श्रीसत्यपुर्यामपि।१।
मूलत्राणपुरे मरोट्टनगरे देराउरे पुग्गले,
श्रीउच्चे किरहोर-सिद्धनगरे धींगोटके संबले।
श्रीलाहोरपुरे महाजन-रिणी-श्रीआगराख्ये पुरे,
सांगानेरपुरे सुपर्वसरसि श्रीमालपुर्यां पुनः।२।
श्रीमत्पत्तननाम्नि राजनगरे श्रीस्तम्भतीर्थे तथा,
द्वीपश्रीभृगुकच्छ-वृद्धनगरे सौराष्ट्रके सर्वतः।
श्रीवाराणपुरे च राधनपुरे श्रीगुर्जरे मालवे,
....।३।
सर्वत्रप्रसरी सरोति सततं सौभाग्यमाबाल्यतः,
वैराग्यं विशदा मतिः सुभगता भाग्याधिकत्वं भृशम्।
नैपुण्यं च कृतज्ञता सुजनता येषां यशोवादता,
सूरिश्रीजिनसागरा विजयिनो भूयासुरेते चिरम्।४।
[कुसुमाञ्जलि पृ० ४०७]

स्वर्गवास

कवि वृद्धावस्था में शारीरिक क्षीणता के कारण संवत् १६९६ से ही अहमदाबाद में स्थायी निवास कर लेते हैं। वहीं रहते हुए आत्म-साधना और साहित्य-साधना करते हुए संवत् १७०३ चैत्र शुक्ला त्रयोदशी को इस नश्वर देह को त्याग कर समाधि पूर्वक स्वर्ग की ओर प्रवास कर जाते हैं। इसी का उल्लेख कवि राजसोम अपने "समयसुन्दर" गीत में करता है :—

"अणसण करि अणगार, संवत् सतरहो सय बीड़ोत्तरे।
अहमदाबाद मझार, परलोक पहुंता हो चैत सुदि तेरसै।।"

किन्तु यह ज्ञात नहीं होता कि सर्वगच्छ-मान्य कवि के स्वर्गारोहण स्थान पर अहमदाबाद के उपासकों ने स्मारक बनवाया था या नहीं? सम्भव ही नहीं निश्चित है कि कवि का स्मारक अवश्य बना होगा, किन्तु अब प्राप्त नहीं है। सम्भव है उपेक्षा एवं सारसंभाल के अभाव में नष्ट हो गया हो! यदि कहीं हो भी तो शोध होनी चाहिये। अस्तु,

वादी हर्षनन्दन उत्तराध्ययन टीका में उल्लेख करता है कि गडालय (नाल, बीकानेर) में कवि की पादुका स्थापित है:—

"श्रीसमयसुन्दराणां गडालये पादुके वन्दे।५।"

शिष्य परिवार

एक प्राचीन पत्र के अनुसार ज्ञात होता है कि कवि के ४२ बयालीस शिष्य थे। कवि के ग्रन्थों की प्रशस्तियों को देखने से कुछ ही शिष्यों और प्रशिष्यों के नामोल्लेख प्राप्त होते हैं। अतः अनुमानतः आपके शिष्य-प्रशिष्यादिकों की संख्या विपुल ही थी। कौन-कौन और किस किस नाम के शिष्य थे? उल्लेख नहीं मिलता। कतिपय ग्रन्थों के आधार पर कवि की परम्परा का कुछ आभास हमें होता है :—

महोपाध्याय

वादी हर्षनंदन — जयकीर्ति, दयाविजय

जयकीर्ति → राजसोम → ज्ञानलाभ → समयनिधान → मुरारि → भीमजी, सारंगजी

भीमजी → बोधाजी → हजारीनद

सहजविमल → हरिराम

मेघविजय → हर्षकुशल → हर्षनिधान → हर्षसागरसूरि, ज्ञानतिलक, पुण्यतिलक

हर्षसागरसूरि → नयणसी, प्रतापसी

ज्ञानतिलक → बिनयचन्द्रकवि

पुण्यतिलक → महो. पुण्यचंद्र → पुण्यविलास → वा० पुण्यशील, मानचंद्र

* सूरदासजी से उदैचंदजी तक की परंपरा; आचार्य शाखा भंडार, बीकानेरस्थ

समयसुन्दर

- मेघकीर्ति
  - मेघरत्न
    - कीर्तिकुशल
      - कीर्तिनिधान
        - कीर्तिसागर
  - रामचंद
    - उ० काशीदास
      - वा० ठाकुरसी
        - वा. कीर्तिवर्धन (कुशलो)
          - अमरविमल (आसकरण)
            - भक्तिविलास
              - जयरत्न
                - कस्तूरचन्द्र
                  - हंसराज
            - कल्याणचन्द्र
            - आलमचन्द
              - आणंदचन्द
                - चतुर्भुज
                  - लालचन्द
                    - हर्षचंद
                      - अमरचन्द
                        - चुन्नीलाल †
                    - गुलाबचंद
                      - जीवणजी
                        - खेमचन्द
              - भवानीराम
                - भगवानदास
                  - माणकचद
                    - तनसुखजी
                      - दौलतजी
                        - चुन्नीलालजी
                  - कपूरचन्द
                    - मनसुख
                      - भागचन्द
                      - रामपाल ¶
                - कपूरचद
          - भीमजी
            - सूरदासजी*
              - माइदास
                - जयवन्त
                  - प्रतापसी
                    - धर्मदास
                      - उदैचन्द
- महिमासमुद्र
  - विद्याविजय
    - वीरपाल
  - धर्मसिंह
- सुमतिकीर्ति
- माइदास

*एक पत्रपर पर से दी गई है। † चुन्नीलालजी कुछ वर्षों पूर्व विद्यमान थे। ¶ वर्त-

कवि की शिष्य परंपरा में अनेकों उद्भट विद्वान् मौलिक साहित्य-सर्जन कर सरस्वती के भण्डार को समृद्ध करने वाले हुये हैं जिनमें से कुछ विद्वानों का संक्षिप्त उल्लेख कर देना यहाँ अप्रासंगिक न होगा।

१. वादी हर्षनन्दन—कवि के प्रधान शिष्यों में से है। वादीजी गीतार्थ और उद्भट विद्वानों में से हैं। कवि स्वयं इनके सम्बन्ध में उल्लेख करता है:—

"प्रक्रिया-हैमभाष्यादि-पाठकैश्च विशोधिता।
हर्षनन्दनवादीन्द्रैः, चिन्तामणिविशारदैः ॥१२॥"

[कल्पलता प्रशस्तिः]

"सुशिष्यो वाचनाचार्यस्तर्कव्याकरणादिवित्।
हर्षनन्दनवादीन्द्रो, मम साहाय्यदायकः।"

[समाचारी शतक प्रशस्तिः]

इसी प्रकार की योग्यता का अङ्कन कवि ने कतिपय पद्यों द्वारा 'गुरुदुःखित वचनम्' में भी किया है। वादी ने कवि कृत कल्पलता, समाचारी शतक, सप्तस्मरण टीका, एवं द्रौपदी चतुष्पदी के संशोधन एवं रचना में सहायता दी थी। कवि ने हर्षनन्दन के लिये ही 'मंगलवाद' की रचना की थी।

वादी प्रणीत निम्नलिखित ग्रन्थ प्राप्त हैः—

मान में पो० सेवली. (निजामस्टेट) में विद्यमान हैं। और यतिवर्य उ० श्री नेमिचन्द्रजी (बाड़मेर) के कथनानुसार "उ० समयसुन्दरजी की शाखा में अखेचन्दजी, हीराचन्दजी भाल में थे और माणकजी, बच्छराजजी, सुगनजी, भवानीदास, रूपजी, अमरचन्दजी, हेमराजजी, दौलतजी आदि कईयों को हमने देखा है।" किन्तु ये किनकी शाखा में थे, ज्ञात नहीं।

(१) शत्रुञ्जय चैत्य परिपाटी स्तव र० स० १६७१
(२) मध्याह्न व्याख्यान पद्धति र० सं० १६७३ अक्षयतृतीया, पाटण [त्रिकशब्दाग्रखण्डेकाब्दे] ग्र० ६००१,
(३) गौडीस्तव र० सं० १६८३
(४) ऋषिमण्डल वृत्ति. र० सं० १७०४ वसंतपंचमी, बीकानेर, कर्णसिंह राज्ये, शिष्य दयाविजय पठनार्थे,
(५) स्थानाङ्ग वृत्तिगत गाथा वृत्ति र० स० १७०५ माघ, अहमदाबाद ग्र० ११०००, सुमतिकल्लोल सह.
(६) उत्तराध्ययन सूत्र वृत्ति र० सं० १७११ अक्षयतृतीया, अहमदावाद, ग्र० १८२६३. प्रथमादर्श लेखक शिष्य दयाविजय.
(७) आदिनाथ व्याख्यान.
(८) पार्श्व-नेमि चरित्र.
(६) ऋषिमण्डल बालाबोध.
(१०) आचार दिनकर लेखन प्रशस्ति.
(११) उद्यम कर्म सवाद (प्रति, तेरापंथी सग्रह, सरदार शहर)
(१२) जिनसिंहसूरि गीत आदि.

वादी की मध्याह्न व्याख्यान पद्धति, ऋषि मण्डल टीका, स्थानांग वृत्ति गत गाथा वृत्ति और उत्तराध्ययन सूत्र वृत्ति ये चारों ही ग्रन्थ बड़े ही महत्व के हैं।

मध्याह्न व्याख्यान पद्धति अर्थात् शास्त्रीय परिपाटी के अनुसार प्रातः आगमों का वाचन होता ही है। मध्याह्न में जनता को मनोरंजन के साथ उपदेश प्राप्त हो सके—इसी लक्ष्य से इसका प्रणयन किया गया है। वादी इस ग्रन्थ के प्रति गर्वोक्ति के साथ कहता है कि 'प्रतिभाशाली हो या अल्पज्ञ, सुस्वर हो या दुःस्वर, गीतार्थ हो या अगीतार्थ, पुरुषार्थी हो या प्रमादी, संकोचशील हो या धृष्ट

हो, सौभाग्यशाली हो या दुर्भागी; वक्ता सभा के समक्ष इन प्रबन्धों को निश्चित होकर वांचन करेः—

सुमेधाऽल्पमेधा वा, सुस्वरो दुःस्वरोऽपि वा।
अगीतार्थः सुगीतार्थः, उद्यमी अलसोऽपि वा ॥१४॥
लज्जालुर्धृष्टचित्तो वा, सुभगो दुर्भगोऽपि वा।
सभाप्रबन्ध सर्वोऽपि, निश्चिन्तो वाचयत्विदम् ॥१५॥

यह ग्रन्थ १८ विभाग-अध्यायों में विस्तार के साथ लिखा गया है।

ऋषिमण्डल टीका, ४ विभागों में विभाजित है। यह टीका अत्यन्त ही विस्तार के साथ लिखी गई है। इसमें दृष्टान्तों की भरमार है जिसका अनुमान निम्नतालिका से हो जायगा। उदाहरणों की विपुलता को देखते हुये हम इसे टीका की अपेक्षा एक बृहत्कथा कोष कह दें तो कोई अत्युक्ति न होगी। कथानकों की तालिका इस प्रकार है:—

प्रथम विभागः—

१. भरत	२. बाहुबलि	३. सूर्ययशा
४. महायश	५. अतिबल	६. बलभद्र
७. बलवीर्य	८. जलवीर्य	९. कार्तवीर्य
१०. दण्डवीर्य	११. सिद्धिदण्डिका	१२. सगर चक्रवर्ती
१३. मघवा चक्रवर्ती	१४. सनत्कुमार चक्र०	१५. शान्ति ,,
१६. कुन्थु ,,	१७. अर ,,	१८. श्री पद्म ,,
१९ हरिषेण ,,	२०. जय ,,	२१. महाबल ,,
२२. अचल बलदेव	२३. विजय बलदेव	२४ बलभद्र बलदेव
२५ सुप्रभ ,,	२६. सुदर्शन ,,	२७ आनन्द ,,
२८. नन्दन ,,	२९ रामचन्द्र ,,	३०. बलदेव ,,

द्वितीय विभागः—

१. मल्लि षड्मित्र
२. विष्णुकुमार
३. स्कन्दकशिष्य
४. कार्तिक शेठ
५. सुकोशल
६. अक्षोभ्यादिक
७. अक्षोभ्य
८. स्तमित दशार्ह
९. सागर दशार्ह
१०. हिमवद् दशार्ह
११. अचल „
१२. धरण पूरण
१३. अभिचन्द्र
१४. रथनेमि
१५. जालिमयालि उवयालि
१६. पुरुषसेन, वारिषेण
१७. दृढनेमि-सत्यनेमि
१८. प्रद्युम्न-शंब-अनिरुद्ध
१९. गजसुकुमाल
२०. ढंढण
२१. थावच्चासुत
२२. शुकपरिव्राजक शैलक राज
२३. शैलक पुत्र मण्डक
२४. सारण मुनि
२५. नवम नारद
२६. वज्र प्रत्येक बुद्ध
२७. पुत्र प्रत्येक बुद्ध
२८. असित बुद्ध
२९. अंग प्रत्येक बुद्ध
३०. दवदंत राजर्षि
३१. कुञ्जवार
३२. पाण्डव
३३. केशिकुमार
३४. कालिक पुत्र
३५ काला शर्वेसिक
३६. काला शर्वेसिकपुत्र
३७. पुण्डरीक-कंडरीक
३८. ऋषभदत्त-देवानंदा
३९ करकण्डू
४०. द्विमुख
४१. नमि राजर्षि
४२. नग्गइ राजर्षि
४३. प्रसन्नचन्द राजर्षि
४४. वल्कलचीरी
४५. अतिमुक्तक
४६. क्षुल्लककुमार
४७. द्वय श्रमण भद्र
४८. लोहार्य
४९. सुप्रविष्ठ श्रेष्ठि

चतुर्थ विभाग :—

१. जम्बूस्वामी	२. कुबेरदत्त
३. महेशदत्त	४. कर्षक: काक
५. वानर-वानरी	६. अंगारक
७. नूपुरपण्डित-शृङ्गाल	८. ....
९. विद्युन्मालि	१०. शंखधामक
११. शिलाजपुत्र वानर	१२. सिद्धिबुद्धि
१३. जात्यधिकिशोर	१४. ग्रामकूट श्रुत
१५. सोल्लक	१६. मासाहस
१७. त्रिमित्र	१८. नामश्री
१९. ललितांग	२०. शय्यंभवसूरि
२१. यशोभद्रसूरि	२२. संभूतिविजय
२३. भद्रबाहु	२४. स्थूलिभद्र
२५. चाणक्य-चन्द्रगुप्त	२६. भद्रबाहु के ४ शिष्य
२७. आर्य महागिरि	२८. आर्य सुहस्ति
२९. आर्य समुद्र	३०. आर्य मंगुल
३१. अयवंती सुकुमाल	३२. कालिकाचार्य
३३. कालिक गणि	३४. सिहगिरि
३५. सिहगिरि के ४ शिष्य	३६. ....
३७. भद्रगुप्त	३८. समिताचार्य
३९. वज्रस्वामी	४०. वज्रसेन
४१. आर्य रक्षित	४२. दुर्बलिका पुष्यमित्र
४३. स्कन्दिलाचार्य	४४. देवर्धि क्षमाश्रमण
४५. ब्राह्मी–सुन्दरी	४६. राजीमती
४७. चन्दनबाला	४८. धर्मघोष

तृतीय विभाग सम्मुख न होने के कारण हम नहीं कह सकते कि इसमें कौन-कौन सी और कितनी कथायें हैं। इन कथाओं के लिये भी वादी का कथन है कि 'ये कथायें विकथायें नहीं हैं; अपितु जिन महापुरुषों के नाम स्मरण से ही चिर सञ्चित पापों का नाश होता है, वैसी ही सार-गर्भित कथायें हैं :—

चिरपापप्रणाशिन्यः, प्राज्ञनिर्ग्रन्थसत्कथा ।
विकथा-वर्जितो वाचा, कथयामि निरन्तरम् ।४।

स्थानांगवृत्तिगत गाथावृत्ति, युगप्रधान जिनचन्द्रसूरि के विद्वान शिष्य वाचनाचार्य सुमतिकल्लोल और वादी इस युग्म ने, आचार्य अभयदेव द्वारा स्थानांग सूत्र की टीका में 'कर्मग्रन्थादि प्रकीर्ण साहित्य, नियुक्ति एवं भाष्य साहित्य, देवेन्द्रस्तव, विशेषणवती, षट् त्रिंशिकायें, सप्ततिकायें, संग्रहणी आदि, पंचाशक, सिद्धप्राभृत, सम्मतितर्क, आदि शास्त्र और ज्योतिष, संगीत, शिक्षा, प्राकृत, कोष, एवं सूक्तियें आदि सम्बन्धित विषयों के जो उद्धरण हजार के ऊपर दिये हैं; वे अत्यन्त क्लिष्ट हैं, अतः उन पर विशिष्ट प्रकाश डालते हुये विपुल परिमाण में यह टीका रची है :—

कर्मग्रन्थबहुप्रकीर्णकबृहन्निर्युक्तिभाष्योत्तराः ।
देवेन्द्रस्तवसद्विशेषणवती प्रज्ञप्तिकल्पा श्रेयो (?)।
अङ्गोपाङ्गकमूलसूत्रमिलिताः षट्त्रिंशिका-सप्ततिः,
श्लिष्यत् संग्रहणीसमप्रकरणाः पञ्चाशिका संस्थिताः ।८।
सिद्धप्राभृतसम्मतीष्टकरणे ज्योतिष्क – सङ्गीतक–
शिक्षा-प्राकृत-कोष-सूक्तललिता गाथाः सहस्रात्पराः ।

सूत्रालापकसुद्रितार्थविवृतौ तत्साक्षिभूता धृताः,
प्रायस्ताः कठिनास्तदर्थविवृतौ टीका विना दुर्घटाः ।६।

उत्तराध्ययन टीका भी साहित्यिक दृष्टि से काफी महत्व रखती है। इसकी प्रशस्ति में वादी स्वयं अपने को नव्यन्याय और महाभाष्य का विशारद कहता है:—

तच्छिष्यमुख्यदक्षेण, हर्षनन्दन वादिना।
चिन्तामणि–महाभाष्य–शास्त्रपारप्रदृश्वना ।१५।

इन चारों ही कृतियों की भाषा अत्यन्त प्रौढ एव प्राञ्जल होते हुये भी सरल-सरस प्रवाह युक्त है। वादी की लेखिनी में चमत्कार यह है कि पाठक स्वतः ही आकृष्ट होकर मननशील हो जाता है।

(क) वादी हर्षनन्दन के शिष्य वाचक जयकीर्ति गणि जैन-साहित्य के साथ-साथ ज्योतिष शास्त्र के भी अच्छे निष्णात थे। कवि 'दीक्षा प्रतिष्ठा शुद्धि' में स्वयं कहता है कि 'यह ज्योतिष शास्त्र का विद्वान् है और इस की सहायता से इस ग्रन्थ की मैंने रचना की है:—

"ज्योतिःशास्त्र विचक्षण-वाचक-जयकीर्ति-दत्तसाहाय्यैः"

इनकी प्रणीत निम्न रचनायें प्राप्त हैं—

(१) पृथ्वीराज वेलि बालावबोध. सं० १६८६ बीकानेर.
(२) षडावश्यक बालावबोध. स० १६६३
(३) जिनराजसूरि रास.

(ख) वादी हर्षनन्दन के द्वितीय शिष्य दयाविजय भी अच्छे विद्वान् थे। इन्हीं के पठनार्थ वादीजी ने ऋषिमण्डल

टीका और उत्तराध्ययन टीका की रचना की है। उत्तराध्ययन टीका का प्रथमादर्श भी इन्हीं ने लिखा था।

"दयाविजयशिष्यस्य, वाचनाय विरच्यते।"

[ऋ० टी०]

"प्रथमादर्शकोऽलेखि, दयाविजय साधुना।"

[उ० टी०]

(ग) वाचक जयकीर्ति के शिष्य राजसोम प्रणीत दो ग्रन्थ प्राप्त हैं:—

(१) श्रावकाराधना भाषा. सं० १७१५ जे० सु० नोखा

(२) इरियावही मिथ्यादुष्कृत बालावबोध

(घ) वाचक जयकीर्ति के पौत्र शिष्य समयनिधान द्वारा सं० १७३१ अकबराबाद में रचित सुसढ चतुष्पदी प्राप्त है।

२. सहजविमल और मेघविजय के पठनार्थ कवि ने रघुवंश टीका, नव तत्त्व टीका और जयतिहुअण स्तोत्र टीका की रचना की थी।

(क) सहजविमल के शिष्य हरिराम के निमित्त कवि ने रघुवंश टीका और वाग्भटालंकार टीका की रचना की है और इसे अपना पौत्र "पाठयता पौत्र हरिरामं" [रघु० टी०] बताया है। निश्चिततया नहीं कहा जा सकता कि हरिराम किसका शिष्य था, सहजविमल का या मेघविजय का? और यह भी नहीं कहा जा सकता कि हरिराम यह नाम इसका पूर्वावस्था का था या दीक्षितावस्था का? अथवा दीक्षितावस्था का नाम हर्षकुशल था? यहां इनका नाम सहजविमल के शिष्य रूप में अनुमानतः ही लिखा गया है।

३. मेघविजय कवि का प्रिय शिष्य है। स्वयं कवि ने सं० १६८७ में 'विशेष शतक' की प्रति लिखकर इसको दी थी। कवि इस पर प्रसन्न भी अत्यधिक था। इसने दुष्काल जैसे समय में भी कवि का साथ नहीं छोड़ा था। यही कारण है कि कवि इसकी प्रशंसा करता हुआ लिखता है:—

"मुनि मेघविजयशिष्यो, गुरुभक्तो नित्यपार्श्ववर्ती च ।
तस्मै पाठनपूर्वं, दत्ता प्रतिरेषा पठतु मुदा ॥६॥
[विशेषशतक लेखन प्रशस्तिः]

(क) मेघविजय के शिष्य हर्षकुशल अच्छे विद्वान् थे। जैसे कवि को 'गुरुभक्त' मेघविजय अत्यन्त प्रिय थे, तो वैसे उनसे भी अत्यधिक पौत्र हर्षकुशल कवि को प्रिय थे। ऐसा मालूम होता है कि वृद्धावस्था में कवि (दादागुरु) की इसने प्राण-पण से सेवा की होगी। यही कारण है कि कवि वृद्धावस्था में भी स्वयं अपने जर्जर हाथों से लिखित माघकाव्य तृतीय सर्ग टीका, रूपकमाला अवचूरि आदि पचासों महत्त्व के ग्रन्थ इसको देता है; जैसा कि कवि लिखित ग्रन्थों की प्रशस्तियों जाना जाता है। इसने 'द्रौपदी चतुष्पदी' की रचना में भी कवि को पूर्ण सहायता दी थी:—

वाचक हर्षनन्दन वलि, हर्षकुशलइ सानिधि कीजइ रे।
लिखन शोधन सहाय थकी, तिण तुरत पूरी करी दीधी रे।६।
[द्रौ० चौ० तृ० खं० ७ वीं ढाल]

इनकी स्वतंत्र रचना केवल 'बीसी' ही प्राप्त है।

(ख) हर्षकुशल के पौत्र आचार्य हर्षसागर द्वारा सं० १७२६ कार्तिक कृष्णा नवमी को लिखित पुण्यसार चतुष्पदी (सेठिया लायब्रेरी, बीकानेर) प्राप्त है।

(ग) हर्षकुशल के द्वितीय पौत्र ज्ञान तिलक रचित ३-४ स्तोत्र और स्वयं लिखित फुटकर संग्रह का एक गुटका (मेरे संग्रह में) प्राप्त है और ज्ञान तिलक के शिष्य विनयचन्द्र गणि अच्छे कवि थे। इनकी प्रणीत निम्नलिखित कृतियाँ प्राप्त हैं:—

(१) उत्तमकुमार चरित्र, र० सं० १७५२ फा० शु० ५ पाटण, (२) बीसी, र० सं० १७५४ राजलगढ़, (३) ग्यारह अंग सेज्झाय, र० स० १७५५, (४) शत्रुञ्जय स्तव र० सं० १७५५ पो० शु० १०, (५) मदनरेखा रास (?), (६) चौवीसी, (७) रोहक कथा चौपाई (८) रथनेमि स्वाध्याय, (९) नेमि राजुल बारहमासा

(घ) हर्षकुशल के तृतीय पौत्र पुण्यतिलक प्रणीत 'नरपतिजय चर्या यन्त्रकोद्धार टिप्पनक (जिनहरिसागरसूरि भं० लोहावट) प्राप्त है। इन्हीं पुण्यतिलक के पौत्र वाचक पुण्यशील द्वारा सं० १८१० में लिखित 'महाराजकुमार चरित्र चतुष्पदी' (चुन्नीजी का संग्रह, बीकानेर) प्राप्त है।

४. मेघकीर्ति के शिष्य रामचन्द्र प्रणीत एक बीसी प्राप्त है। और स० १६८२ में लिखित लिंगानुशासन की प्रति भी (उ० जयचन्द्रजी सं० बीकानेर) प्राप्त है। इन्हीं की परम्परा में अमरविमलजी के तृतीय शिष्य आलमचन्दजी एक श्रेष्ठ कवि थे। इनकी निम्न रचनायें प्राप्त हैं:—

(१) मौन एकादशी चौपाई, र० सं० १८१४ माघ शु० ५ रवि० मकसूदाबाद (मेरे संग्रह में), (२) सम्यक्त्व कौमुदी, र० सं० १८२२ मि० सु० ४ मकसूदाबाद (मेरे संग्रह में), (३) जीवविचार स्तव, र० सं० १८१५ वै० शु० ५ रवि मकसुदाबाद, (४) त्रैलोक्य प्रतिमा स्तव, र० सं० १८१७ श्रा० शु० २।

इन्हीं अमरविलासजी के पौत्र शिष्य, वाचक जयरत्न के शिष्य कस्तूरचन्द्र गणि एक प्रौढ़ विद्वानों में से थे। इनकी रची हुई केवल दो ही कृतियां प्राप्त हैं:-

(१) षड् दर्शन समुच्चय बालावबोध, सं० १८६४ वै० व० २ शनि, बीकानेर, (इसकी प्रति यति श्री मुकनचन्द्रजी के संग्रह, बीकानेर में प्राप्त है।)

(२) ज्ञातासूत्र दीपिका, जिनहेमसूरि राज्ये, सं० १८६६, प्रारम्भ जयपुर और समाप्ति इन्दोर, ग्रं० १८००० कृति अत्यन्त विद्वतापूर्ण है।

(प्रेस कॉपी मेरे संग्रह में)

मेघकीर्ति की परम्परा में कीर्तिनिधान के शिष्य कीर्तिसागर लिखित (१) रत्नपरीक्षा ले० सं० १७२२ (चुन्नी जी सं० बी०) और (२) स्याद्वादमंजरी ले० सं० १७२५ मेड़ता (अभय जैन ग्रन्थालय) प्राप्त हैं।

५. महिमासमुद्र के लिये कवि ने सं० १६६७ उच्चानगर में श्रावकाराधना की रचना की थी।

(क) महिमासमुद्र के शिष्य धर्मसिंह द्वारा सं० १७०८ में लिखित थावच्चा चतुष्पदी (अभय जैन ग्रन्थालय) प्राप्त है।

(ख) महिमासमुद्र के पौत्र, श्रीविद्याविजय के शिष्य वीरपाल द्वारा सं० १६६६ में लिखित जिनचन्द्रसूरि निर्वाण रास एवं आलोजा गीत (अभय जैन ग्रन्थालय) प्राप्त हैं।

साहित्य—सर्जन

कविवर सर्वतोमुखी प्रतिभा के धारक एक उद्भट विद्वान् थे। केवल वे साहित्य की चर्चा करने वाले बाचा के विद्वान् ही नहीं थे, अपितु वे थे प्रकाण्ड-पाण्डित्य के साथ लेखनी के धनी भी। कवि ने व्याकरण, अनेकार्थी साहित्य, साहित्य, लक्षण, छन्द, ज्योतिष, पादपूर्ति साहित्य, चार्चिक, सैद्धान्तिक और भाषात्मक गेय साहित्य की जो मौलिक रचनायें और टीकायें ग्रथित कर सरस्वती के भण्डार को समृद्ध कर जो भारतीय वाङ्मय की सेवा की है, वह वस्तुतः अनुपमेय है और वर्तमान साधु-समाज के लिये आदर्शभूत अनुकरणीय भी है। कवि की कृतियाँ निम्न हैं। जिनकी तालिका विषय-विभाजन के अनुसार इस प्रकार है:—

व्याकरण:— सारस्वत वृत्ति*, सारस्वत रहस्य, लिंगानुशासन अवचूर्णि ¶, अनिट्कारिका ‡,

* कवि, स्वयं लिखित सारस्वतीय शब्दरूपावलि में उल्लेख करता है:—

"सारस्वतस्य रूपाणि, पूर्वं वृत्तेरलीलिखत्।
स्तम्भतीर्थे मधौ मासे, गणिः समयसुन्दरः ।१।"

कवि की यह कृति अभी तक अज्ञात ही है। शोध होनी चाहिये।

¶ कवि स्वयं लिखित पुल्लिङ्गान्त तक ही चूर्णि है।

‡ प्रति अ० जै० ग्र० में है।

सारस्वतीय शब्द रूपावली †, वेट्थवद विवेचना ϕ।

अनेकार्थी साहित्य:— अष्टलक्षी[१], मेघदूत प्रथम श्लोक के तीन अर्थ, द्वयर्थराग गर्भित पाल्हणपुर मण्डन चन्द्रप्रभजिन स्तवनम्[२], चतुर्विंशति तीर्थंकर-गुरुनाम गर्भित श्री पार्श्वनाथ स्तवनम्[३], ६ राग ३६ रागिणी नाम गर्भित श्री जिनचन्द्रसूरि गीतम्[४], पूर्व कवि प्रणीत श्लोक द्वयर्थीकरण अमीझरा पार्श्व स्तव[५], श्री वीतराग स्तव-छन्द जातिमयम्।

साहित्य:— रघुवंश टीका[६], शिशुपाल वध तृतीयसर्ग

---

† स्वयं लिखित प्रति अ० जै० प्र० में है।

ϕ "सं. १६८४ वर्षे अक्षतृतीयायां श्रीविक्रमनगरे श्रीसमयसुन्दरोपाध्यायैर्व्यलेखि।" अ० जै० प्र०

१ "श्रीविक्रमनृपवर्षात्, समये रसजलधिरागसोम (१६४६) मिते। श्रीमल् 'लाभ' पुरेऽस्मिन्, वृत्तिरियं पूर्णतां नीता ॥३२॥"

२ "संवत् १६७१ भादवा सुदि १२ कृतम्" (कुसुमाञ्जलि पृ० ६६)

३ "सूर्याचाररसेन्दुसवति नुति श्री स्तम्भनस्य प्रभो!" (कुसुमाञ्जलि पृष्ठ १८५)

४ "सोलसइ बावन विजयदसमी दिने सुरगुरु वार। थंभण पास पसायइ त्रंबावती मझार ॥" (कुसुमाञ्जलि पृ. ३८६)

५ कुसुमांजलि पृ० १६१

६ "संवत् १६६२ खम्भात"

"लोचनग्रहशृङ्गार वर्षे मासे च माधवे।
स्तम्भतीर्थेषु रेखारूपावाटकप्रतिश्रये ॥७॥
× × ×
पाठयता पौत्रं हरिराममम् ॥६॥"

टीका७ ।

भाषा काव्य पर संस्कृत टीका:—	रूपकमाला अवचूरि८ ।
पादपूर्ति-साहित्यः—	श्रीजिनसिंहसूरि पदोत्सव काव्य (रघुवंश, तृतीय सर्ग पादपूर्ति), ऋषभ भक्तामर (भक्तामरस्तोत्र पादपूर्ति) ।
लक्षणः—	भावशतक९, वाग्भट्टालङ्कार टीका१० ।
छन्दः—	वृत्तरत्नाकर वृत्ति११
न्यायः—	मङ्गलवाद१२

७ "इत्थं श्रीमाघकाव्यस्य, सर्गे किल तृतीयके।
वृत्तिः सम्पूर्णतां प्राप, कृता समयसुन्दरैः ।१।"
स्वयं लिखित प्रति, सुराणा लायब्रेरी, चूरु ।

८ "संवति गुणरसदर्शनसोमप्रमिते च विक्रमद्रङ्के ।
कार्तिक शुक्ल-दशम्यां विनिर्मिता स्व-पर-शिष्यकृते ।४।"

९ "शशिसागररसभूतलसंवति विहितं च भावशतकमिदम्"

१० "अहमदावादे नगरे, करनिधिशृङ्गारसङ्ख्याब्दे ।२।
× × ×
किन्त्वर्थलापनं चक्रे, हरिराममुनेः कृते ।३।"

११ "संवति विधिमुख-निधि-रस-शशि (१६६४) सङ्ख्ये दीप-पर्व दिवसे च।
'जालोर' नामनगरे लूणेया फसलार्पितस्थाने ॥ २॥"

१२ "कृता लिखिता च संवत् १६४३ वर्षे आषाढ़ सुदि १० दिने श्रीइलादुर्गे चातुर्मासस्थितेन श्री युगप्रधान श्री ५ श्रीजिनचन्द्र-सूरिशिष्यमुख्यपण्डितसकलचन्द्रगणिस्तच्छिष्य वा० समय-सुन्दरगणिना पं० हर्षनन्दन-मुनि-कृते ।"

ज्योतिष:—	दीक्षा प्रतिष्ठा शुद्धि[13]
वैधानिक:—	समाचारी शतक[14], संदेह दोलावली पर्याय[15]
सैद्धान्तिक-चर्चा:—	विशेष शतक[16], विचार शतक[17], विशेष संग्रह[18], विसम्वाद शतक, फुटकर प्रश्नोत्तर, प्रश्नोत्तर सार संग्रह[19]
ऐतिहासिक:—	खरतरगच्छ पट्टावली[20], अनेक गीत स्तवनादि

१३ "श्रीलूणकर्ण सरसि, स्मरशर-वसु षड्डुपति वर्षे ॥१॥
ज्योतिः शास्त्रविचक्षण-वाचक-जयकीर्तिदत्त-साहाय्यैः।
श्री समयसुन्दरोपाध्यायैः सन्दर्भितो ग्रन्थः ॥२॥"

१४ "प्रारब्धं किल सिन्धुदेशविषये श्रीसिद्धपुर्यामिदं,
मूलत्राणपुरे कियद्विरचितं वर्षत्रयात् प्रागमया।
सम्पूर्णं विदधे पुरे सुखकरे श्रीमेडतानामके,
श्रीमद्विक्रमसंवति द्वि-मुनि-षट्-प्रालेयरोचिर्मिते १६७२ ॥३॥"

१५ "संवत् १६६३"

१६ "विक्रमसंवति लोचनमुनिदर्शन कुमुदबान्धवप्रमिते। (१६७२)
श्री पार्श्वजन्मदिवसे पुरे श्रीमेडतानगरे ॥२॥"

१७ "स्वच्छे 'खरतर' गच्छे विजयिनि जिनसिंहसूरिगुरुराजे।
वेदमुनिदर्शनेन्दु (१६७४) प्रमितेऽब्दे 'मेडता' नगरे ॥१॥

१८ "तैः शिष्यादिहितार्थं ग्रन्थोऽयं ग्रथितः प्रयत्नेन।
नाम्ना विशेषसंग्रह इषुवसुश्रृङ्गार (१६८५) मितवर्षे ॥३॥

१९ "इति श्रीसमयसुन्दरकृत प्रश्नोत्तरसारसंग्रहसमाप्तः।" प्रति, का० वि० भ० बड़ोदा। यह ग्रन्थ नामस्वरूप प्रश्नोत्तर रूप न होकर स्वयं संगृहीत शास्त्रालापकरूप है।

२० "इमं गुर्वावली ग्रन्थं गणिः समयसुन्दरः।
नभो-निधि-रसेन्द्वब्दे स्तम्भतीर्थपुरेऽकरोत् ॥१॥"

कथा-साहित्यः— कालिकाचार्य कथा२१, कथा-कोष२२, महावीर २७ भव, द्रोपदी संहरण, देवदुष्यवस्त्रार्पण कथानक।

संग्रह-साहित्य— गाथा सहस्री२३,

जैनागम एवं प्रकरण साहित्य— कल्पसूत्र टीका२४, दशवैकालिक टीका२५, नवतत्त्व शब्दार्थवृत्ति२६, दण्डक वृत्ति२७, चत्तारि परमंगाणि व्याख्या२८, अल्प-बहुत्वगर्भित स्तव स्वोपज्ञवृत्ति सह, चातुर्मा-

२१ "श्रीमद्विक्रम संवति, रस-तु-श्रृङ्गार-संख्यके सहसि।
श्रीवीरमपुरनगरे, राउलनृपतेजसी राज्ये ॥१॥"

२२ "सं० १६६७ वर्षे श्रीमरोट्टे वा० समयसुन्दरेण"।

२३ "ऋतु-वसु-रस-शशि (१६६८) वर्षे, विनिर्मितो विजयतां चिरं ग्रन्थः।
व्याख्यानपुस्तकेषु, व्याख्याने वाच्यमानोऽसौ ॥६॥"

२४ "लूणकर्णसरे ग्रामे प्रारब्धा कर्तुमादरात्।
वर्षमध्ये कृता पूर्णा, मया चैषा रिणीपुरे ॥१७॥ (१६८४-८५)"

२५ "संवत् १६६१ खम्भात"
"तच्छिष्य-समयसुन्दरगणिना चक्रे च स्तम्भतीर्थपुरे
दशवैकालिकटीका, शशिनिधिश्रृङ्गारमित वर्षे।"

२६ "संवत्वसुगजरसशशिमिते च दुर्भिक्ष-कार्तिके मासे।
अहमदाबादे नगरे पटेल हाजाभिध प्रोल्यां ॥१॥"

२७ "संवतिरसनिधिगुहमुखसोममिते नभसि कृष्णपक्षे च।
अमदावादे हाजा पटेल पोलीस्थ शालायाम् ॥३॥"

२८ "नवीन शिष्यस्य पूर्वं अकृत व्याख्यानस्य हितकृते।
संवत् १६८७ फा० शु० ८ दिने श्रीपत्तने ॥"

	सिक व्याख्यान[२६], श्रावकाराधना[२७], यति आराधना[२८]।
स्तोत्र-साहित्यः—	सप्तस्मरण वृत्ति[१२], भक्तामर सुबोधिनी वृत्ति[१३], कल्याण मन्दिर वृत्ति[१४], जयतिहुअण वृत्ति[१५], दुरियर स्तोत्र वृत्ति[१६], विमल स्तुति वृत्ति, ऋषिमण्डल स्तोत्र अवचूरि[१७]।

२६ "श्रीमद्विक्रमसंवति, बाणरसभ्रमरचरणशशिसङ्ख्ये।
श्रीअमरसरसि नगरे, चैत्रदशम्यां च शुक्लायाम्॥"

३० उच्चाभिधान नगरे ....
महिमासमुद्र-शिष्यामहेण मुनिवह्नरसचन्द्रवर्षे।"

३१ "संवत् १६८५"

३२ "संवत् १६९५"
"सप्तस्मरणटीकेयं, निर्मिता न च शोधिता।
वृद्धावस्थावशाच्छोध्या, परं श्रीहर्षनन्दनैः।६।
लूणियाफसला-दत्त-वसत्यां वृत्तिरुत्तमा।]
श्रीजालोरपुरे बाणनिधिशृङ्गारसंवति।७।"

३३ "पत्तने नगरे सप्तवसुशृङ्गारसंवति"

३४ "श्रीमद्विक्रमतः वरेषु नवषट्‌वैवात्रके (१६९५) वत्सरे,
मासे फाल्गुनिके प्रपूर्णशशिनि प्रह्लादने सत्पुरे।"

३५ "अणहिलपत्तननगरे, सवति मुन्यऽष्टशृङ्गारे १६८६॥१॥
मुनि-सहजविमल पण्डित-मेघविजय-शिष्य पठनार्थम्॥३॥"

३६ "संवत १६८४ लूणकरणसर"

३७ "इति श्रीसंग्रामपुरे सं० १६६२ वर्षे"

भाषा टीका:— षडावश्यक बालावबोध[३८]।
भाषा रास-साहित्य:— शांब प्रद्युम्न चौपाई[३९], दानादि चौढालिया[४०], चार प्रत्येक बुद्ध रास[४१], मृगावती रास[४२], सिंहलसुत प्रिय मेलकरास[४३], पुण्यसार-

---

३८ "श्रीमज्जेसलमेरुदुर्गनगरे, पूर्वं सदा वासित-
अत्वारश्चतुरा अमीकृत चतुर्मास्यां मया पाठिताम् ।२।
× × ×
कल्याणाभिधराउल क्षितिपतौ राज्यश्रियं शासति,
श्रीमद्विक्रमभूपतेस्त्रिवसुषट्ग्लौ संख्यके वत्सरे ।"

३९ "श्री संघ सुजगीस ए, हीयडइ अ हरख अपार ।
थभण पास पसाउलइ, खम्भायत सुखकार ।।
सुखकार संवत् सोल एगुणसट्ठिविजय दशमी दिनइ ।
एक बीस ढाल रसाल ए ग्रन्थ रच्यउ सुन्दर शुभ मनइ ।।"

४० "सोले सै बासठ समै रे, सांगानेर मझार ।
पद्मप्रभू सुपासउलै रे, एह थुण्यो अधिकारो रे। धर्म हिये धरो"

४१ "सोलसइ पांसठि समइए, जेठ पूनिम दिन सार,
चउथउ खंड पूरउ थयउ ए, आगरा नयर मझार,
विमलनाथ सुपसाउलइ ए, सानिधि कुशल सूरिंद,
च्यारे खंड पूरा थया ए, पाम्यउ परमानन्द" ।

४२ ' सोलसइं अड़सठी वरषे, हुई चउपइ घणे हरषे बे,
मृगावती चरण कया त्रिहुँ खण्डे, घणे आनन्द घमण्डे बे।६१।
× × ×
सहर बड़ा मुलताण विशेषा, कान सुण्या अब देखा बे,
सुमतिनाथ श्री पासजिणंद मूलनायक सुखकन्दा बे ।८२।'

४३ "संवत् सोल बहुत्तरि, मेड़ता नगर मझारि,
प्रिय मेलक तीरथ चौपइ रे, कीधी दान अधिकार ।२५।
कचरौ श्रावक कौतकी रे, जेसलमेरि जाणो,
चतुरे जोड़ावी जिणि ए चोपइ रे, मूल आग्रह मूलताण ।२६।"

रास[४४], नल दमयन्ती चौपाई[४५], सीताराम चौपाई[४६], वल्कलचीरी रास[४७], शत्रुञ्जय रास[४८], वस्तुपाल-तेजपाल रास[४९], थावचा

---

४४ "संवत सोल विहुत्तरइ, भर भादव मास ।
ए अधिकार पूरउ कह्यो, समयसुन्दर सुख वास ।।"

४५ "तिलकाचारज कही एहनी, टीका सात हजार ।
दसविकलिक मूल सूत्रनी, महाविदेह क्षेत्र मझार ।।

× × ×

संवत सोल त्रिहुत्तरे, मास वसंत आणंद ।
नगर मनोहर मेडतो, जिहां वासुपूज्य जिणंद ।।

× × ×

उवझाय पभणइ समयसुन्दर, कीयो आग्रह नेतसी,
चउपइ नल दवदन्ती केरी, चतुर माणस चितवसी ।

४६ "त्रिणइजार नें सातसे माझने सइ गन्थनुं मानो रे,१६

× × ×

खरतर गच्छ मांहि दीपता श्री मेडता नगर मझारो रे.
२०" (सं० १६७७ आदि)

४७ "जेसलमेरइ जिन प्रासाद जिहाँ घणा रे,
सोम वसु सिणगार १६८१ वरस वखाणीये रे" ५

४८ "भणशाली थिरु अति भलोए, दयावंत दातार,
शत्रुञ्जय सङ्घ करावीयो ए, जेसलमेर मझार ।
'शत्रुञ्जय महात्म्य' ग्रन्थ थी ए, रास रच्यो सुखकार,
रास भण्यो शत्रुञ्जय तणो ए, नयर नागोर मझार." २२-२३

४९ "संवत सोले बयांसीया वरसे, रास कीधो तिमिरीपुर हरषे,
वस्तपाल तेजपाल नो रास, भणतां सुणतां परम उल्लास." ४०

चौपाई५०, स्थूलिभद्र रास५१, क्षुल्लक कुमार रास५२, चम्पक श्रेष्ठि चौपाई५३, गौतम पृच्छा चौपाई५४, व्यवहार शुद्धि धनदत्त चौपाई५५, साधु-वन्दना, पुञ्जा ऋषि रास५६, केशी प्रदेशी प्रबन्ध५७, द्रौपदी चौपाई५८ ।

---

५० "संवत सोल एकाणू वरसे, काती वदी तृज हरषे बे. १६
श्री खम्भायत खार वाडइ, चउमास रया सुदिहाडइ बे. २०"

५१ "इन्दु रस संख्याइं एह संवच्छरमान,
आदिनाथ थी नेमिजिन तेतमउ वरस प्रधान ।
ऋतु हेमंत थूलिभद्र दीक्षामास सुचंग,
पंचमी बुधवारइ रचीउ रास सुरङ्ग ॥६॥

५२ "संवत् १६६४ जालौर"

५३ "संवत सोल पंचाणुयइ मइं, जालोर म ेे जा.ढी रे ।
चांपक सेठनि चउपइ अङ्कि, आलस नइ व घ छोडी रे, के-१५

५४ "पाल्हणपुर थी पांचे कोसे, उत्तरदिशि चान्‍े .मो रे ।
तिहाँ खरतर श्रावक वसइ, साह नींबउ वसव नामो रे । पु० ५ ।
तेह नइ आग्रह तिहाँ रह्या, दिन पनरहसीम त्रिठाणु रे
तिहाँ कीधी ए चउपई, संवत सोल पंचाणु रे । पु० ६ ॥"

५५ "सवत सोल छनुं समइ ए, आसू मास मझारि ।
अमदावादइ ए कहइ ए, धनदत्त नउ अधिकार ।"

५६ "संवत सोल अठाणुअइ, श्रावण पंचमी अजुवालइ रे ।
रास भण्यो रलियामणो, श्री समयसुन्दर गुण गाइ ।३०।"

५७ "सं० १६६६ वर्षे चैत्र सुदि २ दिने कृतो लिखितश्च श्री अहमदावादनगरे श्रीहाजापटेलपोलमध्यवर्ती श्रीबृहत्खरतरो- पाश्रये भट्टारक—श्रीजिनसागरसूरि—विजयिराज्ये श्रीसमय-सुन्दरोपाध्यायैः, पं० हर्षकुशलगणिसहाय्यैः ।"

चौबीसी-बीसी:—	चौबीसी५८, ऐरवतक्षेत्रस्थ चौबीसी६०, विहरमानबीसी६१।
छत्तीसी-साहित्य:—	सत्यासीया दुष्काल वर्णन छत्तीसी, प्रस्ताव सवैया छत्तीसी६२, क्षमा छत्तीसी६३,

५८ "द्रुपदीनी ए चउपइ, मइ वृद्ध पणइ पणि कीधी रे।
शिष्य तणइ आग्रह करी, मइ लाभ ऊपरि मति दीधी रे।२।
× × ×
अमदावाद नगर मांहे, संवत सतरसइ वरषे रे।
माह मास थइ चउपई, हुंसी माणस ने हरषे रे। द्रू० ५।
वाचक हरषनन्दन वली, हरषकुशलइं सानिधि कीधइ रे।
लिखण सोमकण सहाय थकी, तिण तुरत पूरी करि दीधी रे। द्रू. ६।

५६ "वसु इन्द्री रे रस रजनीकर सवच्छरें रे,
(१६५६) हारे अमदावाद मझार।
विजयादशमी दिनें रे गुण गाया रे,
तीर्थंकरना शुभ मनें रे। ती० २।"

६० "सवत् सोल सताणुया वरसे, जिनसागर सुपसाया।
हाथो साह तणइ आग्रह कहइ,
समयसुन्दर उवझाय रे। ऐ० २।"

६१ "संवत सोलह सत्ताणु, माह वदि नवमी वखाणु।
अहमदाबाद मझारि, श्रीखरतरगच्छ सार। वी० ५।"

६२ सवत सोलनेउया वरषें, श्री खंभाइत नयर मझारि;
कीया सवाया ख्याल विनोदइं, मुझ मंडण श्रवणे सुखकारि।

६३ नगर मांहि नागोर नगीनउ, जिहां जिनवर प्रासादजी।
श्रावक लोग वसइ अति सुखिया,
धर्म तणइ परसाद जी। आ०। ३४।

कर्मछत्तीसी६४, पुण्य छत्तीसी६५, सन्तोष छत्तीसी६६, आलोयणा छत्तीसी६७।

क्षुद्रकर साहित्यः— स्तोत्र, स्तव, स्वाध्याय, गीत, बेलि, भास आदि।

सैद्धान्तिक-ज्ञान

कवि के रचित विशेषशतक, विसंवादशतक और विशेष संग्रह आदि का आलोडन करने पर ऐसा प्रतीत होता है कि कवि ने अपने अनुपमेय आगमिक ज्ञान का निचोड़ इन ग्रन्थों में रखकर जो जैन-साहित्य की अनिर्वचनीय सेवा की है वह सचमुच में पीढ़ियों तक चिर-स्मरणीय रहेगी। क्योंकि, आगम-साहित्य में जो स्थल-स्थल पर पूर्वापरविरोधिनी और तर्क-विरोधी वक्तव्यों का उल्लेख है, जिससे आगम साहित्य; पर एक बहुत बड़ा धब्बा सा लगता है इन लगभग ३५० विरोधी वक्तव्यों का आगमिक-प्रमाणों द्वारा समाधान करते हुये जिस प्रकार सामञ्जस्य स्थापित किया है; वह हर एक के लिये साध्य नहीं। इस प्रकार का सामञ्जस्य बहुश्रुतज्ञ और प्रवर गीतार्थ ही कर सकता है। वही कार्य कवि ने करके अपनी 'महोपाध्याय'

६४ सकलचन्द सद्गुरु सुपसाये, सोलह सइ अड़सट्ठजी।
करम छत्तीसी ए मइ कीधी, माहतणी सुदी छट्ठजी। क० ।३५।

६५ संवत निधि दरसण रस ससिहर, सिधपुर नयर मझारजी।
शांतिनाथ सुप्रसादे कीधी, पुण्य छत्तीसी सारजी ।। पु० ।।३५।।

६६ संवत सोल चउरासी वरसइ, सर मांहे रह्या चउमास जी।
जस सोभाग थयउ जग मांहे, सहु दीधी साबासजी। सा० ।३६।

६७ संवत सोल अट्ठाणुए, अहमदपुर मांहि।
समयसुन्दर कहइ मइं करी, आलोयण उच्छाहि ।। पा० ।।३६।।

और ज्ञान-वृद्ध-गीतार्थो की योग्यता समाज के सन्मुख रखकर आगम-साहित्य की प्रामाणिकता और विशदता की रक्षा की है।

कवि का आगमिक ज्ञान अगाध था; जिसकी विशदता का आस्वादन करने के लिये हमें उपर्युक्त ग्रन्थों का अवलोकन करना चाहिये। कवि के जैन-साहित्य-ज्ञान की परिधि का अनुमान करने के लिये गाथा सहस्री, विशेषशतक और समाचारी शतक में उद्धृत ग्रन्थों की अधोलिखित तालिका से उसकी विपुल ज्ञान राशि का और अद्भुत स्मरण शक्ति का 'स्केच' हमारे सामने आ जायगा।

आगम— आचारांग सूत्र निर्युक्ति-चूर्णि- का सह, सूत्रकृतांग निर्युक्ति-चूर्णि-टीका सह, अभयदेवीया टीका सह स्थानांग सूत्र, कलिकाल सर्वज्ञ के गुरु देवचन्द्रसूरि कृत स्थानांग टीका सह (देखिये, स० श० पृ० ४३], समवायांग टीका सह, भगवती सूत्र लघु एवं बृहट्टीका सह, ज्ञाताधर्मकथा-उपासकदशा-प्रश्नव्याकरण - विपाकसूत्र-औपपातिक सूत्र-राजप्रश्नीय-प्रज्ञापना-जीवाभिगम-जम्बूद्वीप प्रज्ञप्ति टीका सह, सूर्यप्रज्ञप्ति निर्युक्ति-टीका सह, चन्द्रप्रज्ञप्ति-निरयावलिका टीका सह, ज्योतिष्करण्डक प्रकीर्ण टीका सह, गच्छाचार प्रकीर्ण, भक्त प्रकीर्ण, सस्तारक प्रकीर्ण, मरण समाधि प्रकीर्ण, तीर्थोद्गालिक प्रकीर्ण, तीर्थोद्धार प्रकीर्ण*, विवाह चूलिका।

बृहत्कल्पसूत्र भाष्य-टीका सह, व्यवहार सूत्र भाष्य टीका सह, निशीथ भाष्य चूर्णि सह, महा-

* देखिये, स० श० पृ० ४३.

निशीथ चूर्णि[१] सह, जीतकल्प, यतिजीतकल्पसूत्र बृहद्वृत्ति सह[२], विशेषकल्पचूर्णि[३], दशाश्रुतस्कन्ध चूर्णि-टीका सह,

ओघनिर्युक्ति भाष्य-टीका सह, वीरर्षिकृता पिण्डनिर्युक्ति लघु टीका, अनुयोगद्वार सूत्र चूर्णि[४] टीका सह, नन्दीसूत्र टीका सह, प्रवचन सारोद्धार टीका सह, दसवैकालिक निर्युक्ति-टीका सह, उत्तराध्ययन सूत्र चूर्णि, लघु वृत्ति, शान्त्याचार्य कृत बृहट्टीका, कमलसंयमोपाध्याय कृत सर्वार्थसिद्धि टीका सह,

कल्पसूत्र, जिनप्रभीय संदेहविषौषधि टीका, पृथ्वीचन्द्रसूरि कृत कल्पटिप्पनक, विनयचन्द्रसूरि कृत कल्पनिरुक्त, कुलमण्डनसूरि कृत कल्पसूत्र अवचूरि और टिप्पनक, हेमहंससूरि कृत कल्पान्तर्वाच्य,

आवश्यक सूत्र—चूर्णि, नियुक्ति, भाष्य सह, देवर्धिगणि कृत आवश्यक चूर्णि[५], हारिभद्रीय बृहट्टीका, मलयगिरि कृता लघु टीका, तिलकाचार्य कृता लघु टीका, यशोदेवसूरि कृता पाक्षिक प्रतिक्रमण टीका,

षडावश्यक—नमि साधु और देवेन्द्रसूरि कृत टीका, तरुणप्रभसूरि-मुनिसुन्दरसूरि-उ० मेरुसुन्दर और हेमन्त गणि कृत बालावबोध, जयचन्द्रसूरि कृत

१. स० श० पृ० ४७ २. स० श० पृ० ३३
३. स० श० पृ० १२५ ४. स० श० पृ० ५७
५. स० श० पृ० ८

प्रतिक्रमण हेतु, श्राद्धविधि प्रकरण सभाष्य, हरिभद्रसूरि कृत श्रावक प्रज्ञप्ति टीका सह, विजयसिंहसूरि कृत श्रावक प्रतिक्रमण चूर्णि, महाकवि धनपाल कृत श्रावकविधि[६], जिनवल्लभसूरि कृत श्राद्धकुलक, जिनेश्वरसूरि कृत श्रावकधर्मप्रकरण, देवेन्द्रसूरिकृत श्राद्धदिनकृत्य टीका, रत्नशेखरसूरि कृत श्राद्धविधि कौमुदी, तपा कृत प्रतिक्रमण वृत्ती,

समाचारी— परमानन्द – अजितसूरि-इन्द्राचार्य-तिलकाचार्य-श्रीचन्द्राचार्य कृत योगविधि, श्रीदेवाचार्य कृत यतिदिनचर्या टीकासह, जिनवल्लभसूरि–जिनदत्तसूरि–जिनपतिसूरि – तिलकाचार्य – देवसुन्दरसूरि – सोमसुन्दरसूरि और बृहद्गच्छीय सामाचारी, जिनप्रभसूरि कृत विधिप्रपा।

ऐतिहासिक—आमदेवसूरि और चन्द्रप्रभसूरि कृत प्रभावक चरित, कुमारपाल चरियं, भावहडा कृत गुरुपर्वप्रभावक, छापरिया पूनमीया गच्छीय–साधु पूनमीया गच्छीय–तपागच्छीय–तपा लघुशाखीय पट्टावली, विजयचन्द्रसूरि कृत तपागच्छीय प्रबन्ध।

प्रकरण— उपदेशमाला, उपदेश कर्णिका, उपदेशमाला विवरण, उपदेशचिन्तामणि, मलयगिरि कृत बृहत्क्षेत्रसमास और बृहत्संग्रहणी प्रकरण टीका, धनेश्वरसूरि कृत सूक्ष्मार्थविचारसार प्र० टीका, देवेन्द्रसूरि कृत षडशीति प्रकरण, कम्मपयडी, पञ्चवस्तुक टीका सह, यशोदेवसूरि कृत पञ्चाशक चूर्णि, पञ्चाशक टीका सह, पुष्पमाला टीका सह, सिद्धप्राभृत टीका, मुनिचन्द्रसूरि कृत धर्मबिन्दु प्र० टीका, उ० धर्मकीर्ति कृत

६. गा० पृ० ६

सङ्घाचार भाष्य, 'निच्छय' गाथा वृत्ति[1], रत्नसञ्चय[2], यशोदेवसूरि एवं देवगुप्तसूरि कृत नवपद प्रकरण वृत्ति, हरिभद्रसूरि कृत ज्ञानपञ्चक विवरण, पञ्चलिङ्गी प्रकरण टीका सह, निर्वाण कलिका, विचारसार, कुलमंडनसूरि कृत विचारामृतसंग्रह, उमास्वाति कृत पूजा प्रकरण, आचारवल्लभ और प्रतिष्ठा कल्प, पादलिप्ताचार्य कृत प्रतिष्ठा कल्प, जिनप्रभसूरि कृत गृहपूजाविधि, जिनवल्लभसूरि कृत पौषधविधि प्रकरण, पिण्डविशुद्धि बृहट्टीका, जिनदत्तसूरि कृत उपदेश रसायन, चर्चरी, उत्सूत्रपदोद्घाटनकुलक, जिनपतिसूरि कृत प्रबोधोदय वादस्थल और सङ्घपटक टीका, देवेन्द्रसूरि कृत धर्मरत्न प्रकरण टीका, हेमचन्द्राचार्य कृत योगशास्त्र स्वोपज्ञ वृत्ति, योगशास्त्र अवचूरि और सोमसुन्दरसूरि कृत बालावबोध, नवतत्त्व बृहद्बालावबोध, उपदेश सत्तरी, चैत्यवन्दन भाष्य, प्रत्याख्यान भाष्य, प्रत्याख्यान भाष्य नागपुरीय तपागच्छका[3], अभयदेवसूरि कृत वन्दनक भाष्य, जीवानुशासन टीका, पीपलिया उदयरत्न कृत जीवानुशासन, चैत्यवन्दनकुलक टीका, आचारप्रदीप, उ० जिनपाल कृत संदेह दोलावली बृहद्वृत्ति (?), और द्वादशकुलक टीका, संबोधप्रकरण, कायस्थिति सूत्र, संघतिलकसूरि कृत सम्यक्त्व सप्तति वृत्ति, देवेन्द्रसूरि कृत प्रश्नोत्तर रत्नमाला टीका, मुनिचन्द्रसूरि कृत उपदेश (पद) वृत्ति, सोमधर्मकृत उपदेशसप्ततिका, मुनिसुन्दरसूरि कृत उपदेश तरङ्गिणी, उ० श्रीतिलक कृत गौतमपृच्छा प्र० टीका, वनस्पति सप्ततिका,

१ गा० पृ० ३४। २ गा० पृ० ३४। ३ स० श० पृ० १२७

दर्शन सप्ततिका, आराधना पताका, नमस्कार पञ्जिका, भावना कुलक, मानदेवसूरि कृत कुलक[1], उ० मेरुसुन्दर कृत प्रश्नोत्तर ग्रन्थ, हीरप्रश्न ।

स्तोत्र— जिनवल्लभसूरि कृत नन्दीश्वर स्तोत्र टीका सह, हेमचन्द्रसूरि कृत महादेवस्तोत्र और वीतराग स्तोत्र प्रभाचन्द्रसूरि कृत टीका सह, जिनप्रभसूरि कृत सिद्धान्त स्तव, देवेन्द्रसूरि कृत समवसरण स्तोत्र, ऋषिमण्डल स्तव, देवेन्द्रस्तव ।

चरित्र— संघदासगणि कृत वसुदेवहिण्डी, पउम चरियं, जिनेश्वरसूरि कृत कथाकोष प्रकरण, देवभद्राचार्य कृत पार्श्वनाथ चरित और महावीर चरित, वर्धमानसूरि कृत कथाकोष[2] और आदिनाथ चरित, हेमचन्द्राचार्य कृत, आदिनाथ-नेमिनाथ-महावीर चरित, शान्तिनाथ चरित, चित्रावलीय देवेन्द्रसूरि कृत सुदर्शन कथा, देवधर प्रबन्ध[3] जयतिलकसूरि कृत सुलसा चरित महाकाव्य, पद्मप्रभसूरि कृत मुनिसुव्रत चरित, अभयदेवसूरि कृत जयन्तविजय काव्य, भावदेवसूरि एवं धर्मप्रभसूरि कृत कालिकाचार्य कथा, पूर्णभद्रगणि कृत कृतपुण्यक चरित, सिंहासन द्वात्रिंशिका ।

लेख— आबू वस्तुपाल मंदिर-देवकुलिका प्रशस्ति[4], ऊनानगर प्रतिमालेख[5], बीजापुर शिलालेख[6] ।

इन उल्लेखनीय ग्रन्थों में छोटे-मोटे प्रचलित प्रकरणों आदि का समावेश नहीं किया गया है। साथ ही इस सूची में आगत श्री देवचन्द्रसूरि कृत स्थानाङ्ग टीका, तीर्थोद्धार प्रकीर्ण, महानिशीथ

---

१ स० शा० पृ० ६७, ७१ । २ स०शा० पृ० ४ । ३ स०शा० पृ०७ । ४-५-६ स० शा० पृ० २४ ।

चूर्णि, यतिजीत कल्पसूत्र बृहद्वृत्ति, विशेष कल्पचूर्णि, देवर्धिकृत आवश्यक चूर्णि, श्राद्धविधि प्रकरण भाष्य, आमदेवसूरि कृत प्रभावक चरित, विजयचन्द्रसूरि कृत तपागच्छ प्रबन्ध, भावड्डा गुरुपर्वक्रम, छापरीया पूनमीया-साधुपूनमीया गच्छ की पट्टावलियें, देवसुन्दरसुरि कृत समाचारी, बृहद्गच्छी समाचारी, उमास्वाति कृत आचारवल्लभ और प्रतिष्ठा-कल्प, पादलिप्ताचार्य कृत प्रतिष्ठा कल्प, नागपुरीय तपागच्छ का प्रत्याख्यान भाष्य, पीपलिया उदयरत्न कृत जीवानुशासन, मानदेवसूरि कृत कुलक, वर्धमानसूरि कृत कथाकोष, देवधर प्रबन्ध आदि ग्रन्थ आज उपलब्ध नहीं है। अतः मनीषियों का कर्त्तव्य है कि इन अप्राप्त ग्रन्थों का अनुसधान करें।

वैधानिकता

जिस चैत्यवास का खण्डन कर आचार्य जिनेश्वर ने सुविहित-विधिपक्ष-खरतर गच्छ का निर्माण किया था और जिसकी नींव दृढ़ करने के लिये आचार्य जिनवल्लभ, आचार्य जिनदत्त, आचार्य मणिधारी जिनचन्द्र[१] और आचार्य जिनपति ने वैधानिक ग्रन्थ निर्माण किये थे। आचार्य जिनप्रभ ने विधि प्रपा और रुद्रपल्लीय आचार्य वर्धमान ने आचार दिनकर रचकर जिसके अनुष्ठानों की वैधानिकता स्थापित की थी। वही गच्छ ४-५ शताब्दियों पश्चात् पुनः शैथिल्य के पन्जे में फँस चुका था—जिसका उद्धार युगप्रधान आचार्य जिनचन्द्रसूरि ने किया था, किन्तु जिसकी वैधानिक शास्त्रीय परम्परा पुनः स्थापित न कर पाये थे और इधर अन्य गच्छीयों ने (जिसमें विशेषकर तपागच्छ वालों ने) इस गच्छ की मान्य परम्पराओं पर कुठाराघात करना प्रारम्भ किया था। उसकी रक्षा के लिये तथा मर्यादा अक्षुण्ण और प्रतिष्ठित रखने के लिये

१ पद-व्यवस्था कुलक।

कवि ने अभूतपूर्व साहस कर इस गच्छ की रक्षा की थी। उसी का फल था समाचारी शतक का निर्माण।

समाचारी शतक में 'महावीर के षट् कल्याणक थे, अभयदेवसूरि खरतरगच्छ के थे, पर्व दिवस में ही पौषध करना चाहिये, सामायिक में पहले 'करेमिभंते' के पश्चात् इर्यापथिकी आलोचना करनी चाहिये, 'आयरिय उवज्झाय' श्रावकों को ही पढ़ना चाहिये, साध्वी को व्याख्यान देने का अधिकार है, देवपूजा शास्त्रीय है, तरुण स्त्रियों के लिये मूलनायक का स्नात्र-विलेपन निषिद्ध है, प्रासुक जल ग्रहण करना चाहिये, ५० वें दिन संवत्सरी पर्व मानना चाहिये, तिथियों की क्षय-वृद्धि में लौकिक पञ्चांगों को मान्यता देनी चाहिये, पौषध में भोजन नहीं करना चाहिये और साधु को पानी ग्रहण करने के लिये मिट्टी का घड़ा रखना चाहिये' आदि चार्चिक प्रश्नों का समाधान करते हुये शिष्टता के साथ शास्त्रीय-प्रमाणों को सन्मुख रखकर गच्छ की परम्परा को वैधानिक स्वरूप प्रदान किया है तथा अनुष्ठानीय कर्मकाण्ड-उपधान, दीक्षा-शान्ति-स्नात्र, प्रतिक्रमण, लुञ्चन, देवपूजन आदि का विधान निर्मित कर कवि ने स्थायित्व प्रदान किया है।

इस भगीरथ प्रयत्न में कहीं भी कवि ने अन्य विद्वानों की तरह कि 'मेरा सत्य है, तेरी मान्यता झूठी और अशास्त्रीय है' आदि अशिष्ट वाक्यों का प्रयोग कर, अन्य गच्छीयों का खण्डन कर; स्व मत के मण्डन का कहीं भी प्रयत्न नहीं किया है। किन्तु सैद्धान्तिक परम्परा को सन्मुख रखकर सभी जगह यह दिखाया है कि यह शास्त्रसिद्ध और सत्य है। इस प्रकार कवि को हम व्यावहारिक जीवन और प्ररूपक जीवन में देखते हैं तो वह विधानकार के रूप में दिखता हुआ 'वैधानिक' अनुष्ठानों का मूर्तिमान स्वरूप ही दिखाई पड़ता है।

व्याकरण

यह सत्य है कि कवि ने अपनी कृतियों में अन्य विद्वानों की तरह पण्डिताउपन दिखाने के लिये स्थल-स्थल पर, शब्द-शब्द पर व्याकरण का उपयोग नहीं किया है। किन्तु यह नहीं कि कवि का व्याकरण ज्ञान शून्य हो! कवि की समग्र देववाणीमय रचनाओं को देख जाइये; कहीं भी व्याकरण ज्ञान की क्षति प्राप्त नहीं होगी। कवि को 'सिद्धहेमचन्द्र शब्दानुशासन, पाणिनीय व्याकरण, कलापव्याकरण, सारस्वत व्याकरण और विष्णुवार्तिक* आदि व्याकरण ग्रन्थों का भी विशद ज्ञान था। कवि की प्रकृति को देखते हुये ऐसा प्रतीत होता है कि उनका विचार था कि ऐसी वाणी का प्रयोग किया जाय जो सर्वग्राह्य हो सके और संस्कृत भाषा का सामान्य छात्र भी उसको समझ सके। यदि स्थल-स्थल पर व्याकरण का उपयोग किया गया तो वह कृति केवल विद्वद्भोग्या ही बनकर रह जायगी। यदि उस विद्वद्भोग्या कृति का सामान्य विद्यार्थी अध्ययन करेगा तो व्याकरण के दल-दल में फँसकर, सम्भव है देवगिरा के अध्ययन से पराङ्मुख हो जाय। अतः जहां विशेष मार्मिक-स्थल या अनेकार्थी या असिद्धाभास से स्थल हों, वहीं व्याकरण से सिद्ध करने की चेष्टा की जाय। इसी भावना को रखते हुये, व्याकरण के दल-दल में न फँसकर, कृति को निर्दोष रखते हुये जिस सरलता को अपनाया है; वह व्याकरण के सामान्य-अभ्यासी के अधिकार के बाहर की बात है। इस प्रकार का प्रयत्न पूर्ण वैयाकरणी ही कर सकता है और वह प्रतिभा इस कवि में विद्यमान है।

---

* अने० पृ० ५६

अनेकार्थ और कोष

कहा जाता है कि एक समय सम्राट अकबर की विद्वत्सभा में किसी दार्शनिक विद्वान ने जैनों के आगम सम्बन्ध की 'एगस्स सुत्तस्स अनंतो अत्थो' 'एक सूत्र के अनन्त अर्थ होते हैं' पर व्यंग कसा ¶। उससे तिलमिलाकर, कवि ने अपने शासन की सुरक्षा और प्रभावना, सर्वज्ञ के सर्वज्ञता और आगम साहित्य की अक्षुण्णता रखने के लिये सम्राट से कुछ समय प्राप्त किया। इसी समय में कवि ने "रा जा नो द द ते सौ ख्यम्" इन आठ अक्षरों पर ८ आठ † लाख अर्थों की रचना की। इस ग्रन्थ का नाम कवि ने 'अर्थरत्नावली' रखा और सं० १६४९ श्रावण शुक्ला १३ की सांय को जिस समय अकबर ने काश्मीर विजय ‡ के लिये श्रीराज श्री-रामदासजी की वाटिका में प्रथम-प्रवास किया था, वहीं समस्त

¶ उ० रूपचन्द्र (रत्नविजय) लिखित एक पत्रानुसार।

† मूलतः अर्थ १० लाख किये थे किन्तु पुनरुक्ति आदि का परिमार्जन कर ८ लाख ही अर्थ सुरक्षित माने गये हैं।

‡ "संवति १६४९ प्रमिते श्रावण सुदि १३ दिनसन्ध्यायां 'कश्मीर' देशविजयमुद्दिश्य श्रीराज-श्रीरामदासवाटिकायां कृत प्रथमप्रयाणेन श्रीअकब्बरपातिसाहिना जलालुद्दीनेन अभिजातसाहिजात-श्रीसलेमसुरत्राणसामन्तमण्डलिकराजराजितराजसभायां अनेक-विधवैयाकरणतार्किकविद्वत्तमभटसमक्षं अस्मद्गुरुवरान् युगप्रधानखरतरभट्टारकश्रीजिनचंद्रसूरीश्वरान् आचार्यश्रीजिनसिंहसूरि-प्रमुखकृतमुखसुमुखशिष्यव्रातसपरिकरान् असमानसन्मानबहु-मानदानपूर्वं समाहूय अयमष्टलक्षार्थी ग्रन्थो मत्पार्श्वाद् वाचयाञ्चक्रे ऽवक्रेण चेतसा। ततस्तदर्थश्रवणसमुत्पन्नप्रभूतनूतनप्रमोदातिरेकेण सञ्जातचित्तचमत्कारेण बहुप्रकारेण श्रीसाहिना

राजाओं, सामन्तों और विद्वानों की परिषद् में कवि ने अपना यह नूतन ग्रन्थ सुनाकर सबके सन्मुख यह सिद्ध कर दिखाया कि मेरे जैसा एक अदना व्यक्ति भी एक अक्षर का एक लाख अर्थ कर सकता है तो सर्वज्ञ की वाणी के अनन्ते अर्थ कैसे न होंगे? यह ग्रन्थ सुनकर सब चमत्कृत हुये और विद्वानों के सन्मुख ही सम्राट ने इस ग्रन्थ को प्रामाणिक ठहराया।

वस्तुतः कवि की यह कृति जैन-साहित्य ही क्या, अपितु समग्र भारतीय वाङ्मय में ही अद्वितीय है। क्योंकि, वैसे अनेकार्थी कृतियें अनेकों ¶ प्राप्त हैं किन्तु एक अक्षर के हजार अर्थों के ऊपर किसी ने भी अर्थ कर रचना की हो, साहित्य-संसार को ज्ञात नहीं। अतः इस अनेकार्थी रचना पर ही कवि का नाम साहित्य जगत में सर्वदा के लिये अमर रहेगा।

इस कृति को देखने से ऐसा मालूम होता है कि कवि का व्याकरण, अनेकार्थी कोष, एकाक्षरी कोष और कोषों पर एकाधिपत्य था और एकाक्षरी तथा अनेकार्थी कोषों को तो कवि मानो घोट-घोट कर पी गया हो। अन्यथा इस रचना को कदापि सफलता के साथ पूर्ण नहीं कर पाता। कवि इस कृति में निम्न कोषों का उल्लेख करता है:—

अभिधान चिन्तामणि नाममाला कोष, धनञ्जय नाममाला, हेमचन्द्राचार्य कृत अनेकार्थ संग्रह, तिलकानेकार्थ, अमर एकाक्षरी नाममाला, विश्वशम्भु एकाक्षरी नाममाला, सुधाकलश

बहुप्रशंसापूर्वं 'पठतां पाठ्यतां सर्वत्र विस्तार्यतां सिद्धरस्तु।' इत्युक्त्वा च स्वहस्तेन गृहीत्वा एतत् पुस्तकं मम हस्ते दत्वा प्रमाणीकृतोऽयं ग्रन्थः। [अने० पृ० ६५]

¶ हीरालाल र० कापडिया लिखित 'अनेकार्थरत्नमंजुषा-प्रस्तावना'

एकाक्षरी नाममाला, वररुचि एकाक्षरी निघंटु नाममाला *,
जयसुन्दरसूरि कृत एकाक्षरी नाममाला † (?)

और इस प्रकार की अनेकार्थी तो नहीं किंतु द्वयर्थी कृतियें स्तोत्र और गीत रूप में कवि की और भी प्राप्त हैं; जो 'साहित्य-सर्जन' अध्याय में अनेकार्थी--साहित्य की तालिका में उल्लिखित हैं।

छन्द

कवि प्रणीत 'भावशतक' और 'विविधछन्द जातिमय वीतरागस्तव' को देखने से स्पष्ट है कि कवि का 'छन्द' साहित्य पर भी पूर्ण अधिकार था। अन्यथा स्तोत्रों में छन्दनाम सह द्वयर्थी रचना करना सामान्य ही नहीं, अपितु अत्यन्त दुष्कर कार्य है। कवि ने जिन जिन छन्दों का प्रयोग किया है उनमें से कतिपय तो साहित्य में अप्रयुक्त ही हैं, हैं तो भी कचित् ही। कवि प्रयुक्त छन्द निम्न हैं:—

आर्या, गीतिका, पथ्यावक्त्रा, वैतालीय, पुष्पिताग्रा, अनुष्टुब्, उपजाति, इन्द्रवज्रा, इन्द्रवंशा, सोमराजी, मधुमती, हंसमाला, चूडामणि, विद्युन्माला, भद्रिका, चम्पकमाला, मत्ताक्रीडा, दोधक, तोटक, मणिनिकर, मृदङ्गक, रथोद्धता, स्रग्विनी, शालिनी, स्रग्विणी, द्रुतविलम्बित, प्रमाणिका, वसन्ततिलका, मालिनी, हरिणी, मन्दाक्रान्ता, शिखरिणी, शार्दूलविक्रीडित, स्रग्धरा।

अलङ्कार:—रस

कवि की खण्डकाव्य अथवा महाकाव्य के रूप में रचनायें प्राप्त नहीं हैं, हैं तो भी केवल पादपूर्ति रूप 'जिनसिंहसूरि पद

* अने० पृ० ५४।

महोत्सव काव्य' और ऋषभ भक्तामर काव्य। इस काव्य में कवि ने शब्दालङ्कारों के साथ अर्थालङ्कारों में उपमा, रूपक, प्रतीप, वक्रोक्ति, अतिशयोक्ति, अन्योक्ति, स्वभावोक्ति, विभावना, निदर्शन, दृष्टान्त, सदेह और सङ्कर तथा संसृष्टि अलङ्कारों का सन्निवेश रस-परिपाक की दृष्टि से बहुत ही सुन्दर किया है।

स्तोत्र साहित्य में श्लेष और यमकालङ्कारों की प्रधानता कवि की शब्दालङ्कार प्रियता को प्रकट करती है।*

आनन्दवर्धनाचार्य ने 'काव्यस्यात्मा ध्वनिः' कहकर ध्वनि को काव्य की आत्मा स्वीकार की है। आचार्य मम्मट ने अपने काव्य-प्रकाश नामक लक्षणग्रन्थ में इसी ध्वनि को आश्रित करके वाच्या-तिशायी व्यङ्ग के पूर्णकाव्य को उत्तम काव्य स्वीकार किया है। उसी उत्तम काव्य के कतिपय भेदों पर कवि ने 'भावशतक' † में विशदता से विचार किया है और इसके द्वारा ही रस-परिपुष्टि सिद्ध करता हुआ उत्तम काव्य की महत्ता पर विशद प्रकाश डाला है।

चित्रकाव्य

साहित्यशास्त्र की दृष्टि से चित्रकाव्य अधम काव्य माना गया है। परन्तु इसमें सन्देह नहीं कि चित्रकाव्य की रचना में छन्द-शास्त्र, व्याकरण, निर्वचन तथा कोष आदि पर पूर्ण अधिकार होना आवश्यक है। कवि ने भी अपने कतिपय स्तोत्रों में ऐसे ही पाण्डित्य का परिचय दिया है। इन चित्रकाव्यमय स्तोत्रों को भावाभिव्यक्ति या रसनिष्पत्ति की दृष्टि से चाहे उत्कृष्ट काव्य न मानें, किन्तु विचार वैदग्ध्य और रचना-कौशल की दृष्टि से इन स्तोत्रों को उत्कृष्ट काव्य मानना ही होगा। कवि प्रणीत चित्रकाव्यमय स्तोत्र निम्न हैं:—

* कु० पृ० १८७, १८८, १६२। † भावशतक पद्य २।

१. पार्श्वनाथ शृङ्खलामय लघुस्तव ¶, २. जिनचन्द्रसूरि कपाट-लोह शृङ्खलाष्टक ‡, ३. पार्श्वनाथ हारबन्धचलच्छृङ्खलागर्भित स्तोत्र †, ४. पार्श्वनाथशृङ्गाटकबन्धस्तव * ।

कवि का रचना-चातुर्य देखियेः—

"निखिल-निर्वृत-निश्वन-नर्दितं, नतजनं सम-नर्म्मद-दम्भमम्।
दमपदं विमदं घन-नव्यभं, नभवनं हससं शिवसंभवम् ।२।
सतत-सज्जन-नंदित-नव्यभं, नयधनं वरलब्धिधरं समम् ।
रदन-नक्रमन-श्वलन-प्रियं, नलिन-नव्यय-नष्टवनं कलम् ।३।"

[पार्श्वनाथ-शृङ्गाटक-बन्धस्तव]

"श्रीजिनचन्द्रसूरीणां, जयकुञ्जरशृङ्खला ।
शृङ्खला-धर्मशालायां, चतुरे किमसौ स्थिता ।१।
शृङ्खला-धर्मशालायां, वासितां पापनाशिनाम् ।
शिवसद्मसमारोहे, किमु सोपानसन्तति ।२।"

[जिनचन्द्रसूरि-कपाटलोहशृङ्खलाष्टक]

कवि के उत्तम चित्रकाव्य के द्वारा पाठकों का रसास्वादन और मनोरंजन करने के लिये हारबन्ध स्तोत्र का उदाहरण पर्याप्त है। ×

पादपूर्ति और काव्य

कवि कृत ग्रन्थों में उद्धृत काव्यग्रन्थों की तालिका देखते हुये यह तो निश्चित है कि कवि साहित्य-शास्त्र के पूर्ण ज्ञाता थे।

¶ कु० पृ० १८६। ‡ कु० पृ० ३५६। † कु० पृ० १६४। * कु० पृ० १६३
× देखिये, सामने पृष्ठ पर।

पञ्चमहाकाव्य, खण्डप्रशस्ति, चम्पू, मेघदूत, महाभारत आदि ग्रन्थों के अध्येता और अध्यापक भी थे। निष्णात होने के कारण ही ऐसे पादपूर्तिरूप और स्तोत्रात्मक स्वतन्त्र काव्यों की वे रचना कर सके। इनके काव्यों में शब्दमाधुर्य, लालित्य और ओज के साथ अलङ्कारों का पुट आदि सब ही गुण प्राप्त हैं। इनके काव्य रसाभिव्यक्ति के साथ ही अन्तस्तलस्पर्शी भी हैं। इनकी आश्चर्यकारी रचनाकौशल को देखिये:—

"भक्त्या जे···हं जरागणमदानन्दादयध्वंसकं,
लक्ष्मीदीप्रतनुं दयागुणभुवं तातां सतां देव रम्।
कृष्णस्फीतरुचिं नरा नमत भो! जीवामतीति क्षिपं,
त्यागश्रेष्ठयशोरसं कृतनतिं नेमिं मुदा त्रायक।६।"

देखिये, कवि इसी पद्य के अक्षरों को ग्रहण कर अनुष्टुब् का नया श्लोक निर्माण करता है:—

"भजेऽहं जगदानन्दं, सकलप्रभुतावरम्॥
कृत राजीमतीत्यागं, श्रेयः सन्ततिदायकम्।६।"
[नेमिनाथस्तव० कु० पृ० ६१६]

अनेकविध श्लेष और भङ्गश्लेष तथा यमकमय काव्य होते हुये भी इनकी स्वाभाविक सरलता और माधुर्य देखिये:—

"केवलागममाश्रित्य, युष्मद्व्याकरणे स्थिताः।
सिद्धिं प्रकृतयः प्रापुः, पार्श्व! चित्रमिदं महत्।४।"
[चिन्ता० पार्श्व० स्तोत्र श्लेष, कु० पृ० १८८]

"जय प्रभो! कैतवचक्रहारी, यस्य स्मृतेस्त्वं तव चक्रहारी।
मायामहोदारहलोभवामं, स्वर्गाधिपामार हलो भवाम।४।
× × ×

त्वां नुवे यस्य तं शंकरे मे मते, देवपादाम्बुजेशं करे मे मते।
मन्मन(?)चश्वरोकोपसंतापते, नाभिभूपाङ्गभूः को-पसंतापते।१३।"
[श्लेषमय आदिनाथस्तोत्र कु० पृ० ६१४]

"ततान धम्मं जगनाह तार, मदीदह दुःखततीं-हतार।
अचीकरच्छर्म सतां जनानां, जहार दीप्तारशितांजनानाम्।३।
वेगाद्व्यनीषी दरिकाममादं, श्रियापि नो यो भविकाममादम्।
नुत प्रभुं ते च नता रराज, शिवे यशः कैरवताररराज।४।"
[यमकबद्ध पार्श्वस्तोत्र, कु० पृ० १८७]

"अमर-सत्कल-सत्कलसत्कलं, सुपदयाऽमलया मलयामलम्।
प्रबलसादर-सादरसादरं, शमदमाकर-माकर-माकरम्।२।"
[यमकबद्ध पार्श्वस्तोत्र कु० पृ० १६२]

एक ही स्वरसंयुक्त पद्य का रसास्वादन करियेः—
"पदकजनत सदमरशरण, वरकमलवदनवरकरचरण!।
शमदमधर नरदरहरण! जय जलज-धरपमरकरकरण!।११"।

× × ×

प्राच्य कवि के रचित काव्य के एक चरण को ग्रहण कर तीन नये चरणों का निर्माण-पादपूर्ति कहलाता है। यह कार्य अति-दुष्कर है। क्योंकि इसमें कवि को प्राच्य कवि के भाव, भाषा, शब्दयोजना को अक्षुण्ण रखते हुये, अपने भाव और विचारों का सन्निवेश करना होता है। यह कार्य्य प्रतिभा, पटुता और शब्द-योजना सम्पन्न कवि ही कर सकता है। इसीलिये कहा जाता है कि 'नवीन काव्य का निर्माण करना, पादपूर्ति साहित्य की अपेक्षा अत्यन्त सरल है।'

कवि की लेखिनी इस साहित्य पर भी स्वाभाविक गति से अविराम चलती हुई दिखाई पड़ती है। कवि प्रणीत दो ग्रन्थ प्राप्त हैं :—

१. जिनसिंहसूरि पदोत्सव काव्य,
२. ऋषभ भक्तामर,

इसमें प्रथम काव्य महाकवि कालिदास कृत रघुवंश महाकाव्य के तीसरे सर्ग के चतुर्थ चरण की पादपूर्ति रूप में है। इस काव्य में कवि अपने गणनायक, काकागुरु महिमराज के आचार्य पदोत्सव का वर्णन करता है। यह पद सम्राट अकबर के आग्रह पर यु० जिनचन्द्रसूरि ने दिया था—और इसका महामहोत्सव महामन्त्री स्वनामधन्य श्री कर्मचन्द्र बच्छावत ने किया था। इस प्रसङ्ग का वर्णन कवि ने बड़ी कुशलता के साथ, कालिदास की पंक्ति के सौन्दर्य को अक्षुण्ण रखते हुए किया है। उदाहरण स्वरूप देखिये:-

"यदूर्ध्वरेखाभिधर्महिपङ्कजे, भवान्ततः पूज्यपदं प्रलब्धवान्।
प्रभो! महामात्यवितीर्णकोटिशः-सुदक्षिणाऽदो हृद!
लक्षणं दधौ ।१।

अकब्बरोक्त्या सचिवेशसद्गुरुं, गणाधिपं कुर्विति मानसिंहकम्।
गुरोर्यकः सूरिपदं यतिव्रतिप्रियाऽऽप्रपेदे प्रकृतिप्रियं वद ।२।

× × ×

श्लेष का चमत्कार देखिये,

"अरे! महाम्लेच्छनृपाः पलाशिनः,
पशुव्रजां मां हत चेद्धितैषिणः।

त्वमाच्छमैवं निशि तान्, भृशं गुरो !
नवावतारं कमला-दिवोत्परम् ।३८।"

दूसरी कृति, आचार्य मानतुङ्गसूरि प्रणीत भक्तामर स्तोत्र के चतुर्थ चरण पादपूर्ति रूप है। इसमें कवि ने आचार्य मानतुङ्ग के समान ही भगवान आदिनाथ को नायक मानकर स्तवना की है। यह कृति भी अत्यन्त ही प्रोज्ज्वल और सरस-माधुर्य संयुक्त है।

कवि का स्तव के समय भावुक स्वरूप देखिये और साथ ही देखिये शब्द योजनाः—

"नमेन्द्रचन्द्र ! कृतभद्र ! जिनेन्द्रचन्द्र !
ज्ञानात्मदर्श-परिहृष्ट-विशिष्ट ! विश्व ! ।
त्वन्मूर्तिरर्त्तिहरणी तरणी मनोज्ञे—
वालम्बनं भवजले पततां जनानाम् ।१।"

कवि की उपमा सह उत्प्रेक्षा देखियेः—

"केशच्छटां स्फुटतरां दधदङ्गदेशे,
श्रीतीर्थराजविबुधावलिसंश्रितस्त्वम् ।
मूर्धस्थकृष्णलतिका-सहितं च शृङ्ग—
मुच्चैस्तटं सुरगिरेरिव शातकौम्भम् ।३०।"

न्याय

कवि ने अपने प्रमुख शिष्य वादी हर्षनन्दन को नव्यन्याय का मौलिक एवं प्रमुख ग्रन्थ 'तत्त्वचिन्तामणि' का अध्ययन करवा

कर हर्षनन्दन को 'चिन्तामणिविशारदैः' बनाया था। इससे स्पष्ट है कि कवि का 'न्यायशास्त्र' के प्रति उत्कट प्रेम था। इतना ही नहीं, कवि ने हर्षनन्दन के प्रारम्भिक अध्ययन के लिये सं० १६५३ आषाढ शुक्ला १० को इलादुर्ग (ईडर) में 'मङ्गलवाद' की रचना भी की थी।

'मङ्गलवाद' का विषय है—केशव मिश्र ने 'तर्कभाषा' में शास्त्रीय-परम्परा के अनुसार मङ्गलाचरण क्यों नहीं किया? इसी प्रश्न को चर्चात्मक, अनुमान, फल-प्रभाव, कार्य-कारण, विघ्न-समाप्ति, शिष्टाचार-पद्धति से बढ़ाकर नैयायिक ढङ्ग से ही उत्तर दिया है और सिद्ध कर दिखाया है कि मिश्र ने हार्दिक मङ्गल किया है।

'मङ्गलवाद' न्याय का विषय और उत्तर देने की नैयायिकों की प्रणाली होने पर भी कवि ने इसको अत्यन्त ही सरल बनाया है। इससे यह सिद्ध है कि कवि न्यायशास्त्र के भी प्रकाण्ड पण्डित थे।

ज्योतिष

जैन साधुओं के जीवन में दीक्षा और प्रतिष्ठा ऐसे संबंधित विषय हैं जिनका की अध्ययन अत्यावश्यक है। क्योंकि व्यावहारिक ज्योतिष से जैन-ज्योतिष में तनिक अन्तर सा है। अतः इनका ज्ञान होने पर ही इस सम्बन्ध के मुहूर्त आदि निकाले जा सकते हैं। इसी दृष्टि को ध्यान में रखकर कवि ने अपने पौत्र-शिष्य जयकीर्ति को इस ज्योतिष शास्त्र का अच्छा विद्वान बनाया था। कवि स्वयं कहता है कि 'ज्योतिःशास्त्र-विचक्षण-वाचकजयकीर्तिः' और भविष्य में परम्परा के श्रमण भी ज्ञान-पूर्वक इस कार्य को सफलता से कर सकें, इसलिये 'नारचन्द्र, रत्नकोष, रत्नमाला, विवाह

पटल, शीघ्रबोध और सारंगधर आदि ग्रन्थों के आधार पर कवि ने 'दीक्षा-प्रतिष्ठा शुद्धि' नामक ज्योतिष ग्रन्थ की रचना अत्यन्त ही सरल भाषा में की है। साथ ही कल्पसूत्र टीका, गाथा सहस्री आदि ग्रन्थों में कई वर्ण्य-स्थलों पर इस सम्बन्ध का अच्छा विशद-विवेचन किया है और वह भी पृथक्-पृथक् भेदों के साथ। अतः यह स्पष्ट सत्य है कि कवि ज्योतिष्-शास्त्र के भी विशारद और निष्णात थे।

टीकाकार के रूप में—

काव्य, अलङ्कार, छन्द, आगम, स्तोत्र आदि प्रत्येक साहित्य पर कवि ने टीकाओं की रचना की है। जिसकी सूची हम 'साहित्य-सर्जन' में दे आये हैं; अतः यहां पुनरुक्ति नहीं करेंगे। इन टीका ग्रन्थों को देखने से यह तो निर्विवाद है कि टीकाकार का जिस प्रकार पाण्डित्य, बहुश्रुतज्ञता और योग्यता होनी चाहिये, वह सब कवि में मौजूद है। कवि का ज्ञान-विशद और भाषा प्राञ्जल होते हुये भी आश्चर्य यह है कि कहीं भी 'मूले इन्द्र बिडौजा टीका' उक्ति के अनुसार अपने पाण्डित्य का प्रदर्शन करता या बघारता हुआ नहीं चलता है। अपितु शिष्यों के हितार्थ अतिसरल होते हुये भी वैदग्ध्यपूर्ण प्राञ्जल भाषा में लिखता हुआ नजर आता है। कवि, प्रसिद्ध टीकाकार मल्लिनाथ की अपेक्षा भी मूल काव्यकार के भावों को, अर्थगांभीर्य को सरस-रसप्रवाह युक्त प्रकट करने में अधिक सफल हुआ है। कवि की शैली खण्डान्वय है। खण्डान्वय होते हुये भी, अतिप्रचलित प्रत्येक वाक्यों की व्याख्या नहीं करता है। जहां मूल अति सरल होता है वहां कवि सारांश (भावार्थ) कह देता है और अन्य वाक्यों की व्याख्या। अप्रचलित विषयों पर विशदता से भी लिखता है जिससे विषय का प्रतिपादन कहीं

अस्पष्ट न रह जाय। सामान्यतः इस सम्बन्ध के एक दो उद्धरण ही देकर हम सन्तोष करेंगे। देखिये:—

'अथ' अधुना 'प्रजानामधिपः' दिलीपो राजा 'ऋषेः' वशिष्ठस्य 'धेनुं' गां प्रभाते वनाय मुमोच। किंविशिष्टां धेनुं ? 'जायाप्रतिग्राहितगन्धमाल्याम्' गन्धश्च माल्यं च गन्धमाल्ये यस्याः सा, कोऽर्थः ? राजा स्वयं गन्धमाल्ये गृह्णाति राज्ञीं च ग्राहति। पुनः किंविशिष्टां धेनुम् ? 'पीतप्रतिबद्धवत्सां' पूर्वं पीतः पश्चात् प्रतिबद्धो वत्सो यस्यां सा पीत इति, कोऽर्थः ? पायितः पूर्वं, पश्चात् प्रतिबद्धो वत्सो यस्यां सा तां पी०। अथवा अयमपि अर्थः पीतः–शंकुरदाहृत इत्युक्तत्वात् पीति शंको प्रतिबद्धो वत्सो यस्याः सा पी० ताम्। किंविशिष्ट प्रजानामधिपः ? 'यशोधनः' यशः एव धन यस्य स यशोधनः।१। [रघुवंश टीका, द्वि. स. प्र. श्लो.]

"हे अधीश !–हे स्वामिन् ! अस्मादृशा मन्दमतयः तव स्वरूपं वर्णयितुं सामान्यतोऽपि, आस्तां विशेषतः, प्रतिपादयितुं कथं अधीशाः–समर्था भवन्ति ? अपि तु न। अत्र दृष्टान्तमाह—'यदि वा' इति दृष्टान्ते। कौशिकशिशुः–घूकस्य बालो दिवसे अन्धः सन् 'किं घर्मरश्मेः' सूर्यस्य रूपं-भास्करबिम्बस्वरूपं 'किल' इति प्रसिद्धवार्तायां किं प्ररूपयति–यथावस्थितं कथयति ? अपितु नेत्यर्थः। किंविशिष्टः कौशिकशिशुः ? धृष्टोऽपि दृढहृदयतया प्रगल्भोऽपि।३।" [कल्याणमन्दिर स्तोत्र श्लो. ३ टीका]

इसी स्तोत्र के पांचवे पद्य की व्याख्या के पूर्व भूमिका की विशदता देखिये:—

"ननु यदि भगवतो गुणान् प्रति स्तोतुं शक्तिर्नास्ति तदा स्तवं कर्तुं कथमारब्धवान् ? न चैवं वक्तव्यम्। यत एकान्तेन एवं नास्ति –यदुत सम्पूर्णशक्तावेव सत्यां कार्यं कर्तुमारभ्यते, यतो गरुडवदा-

काशे उड्डयितुमसमर्थोपि कीटिका किं स्वकीयेन चारेण न चरति ? चरन्त्येव, चरन्ती न केनापि वार्यते । अतो जिनयोग्यस्य सद्भूतस्य सम्पूर्णस्य स्तवस्य करणशक्तेरभावेऽपि भक्तिभरप्रेरितस्य मम स्वकीयशक्तेरनुसारेण स्तोत्रकरणे प्रवृत्तस्य दोषो नाशङ्कनीयस्तदेवाऽऽह—"

व्याख्या का चातुर्य देखना हो तो देखें, मेघदूत प्रथम श्लोक की व्याख्या।

कवि ने केवल संस्कृत-प्राकृत भाषा-ग्रथित ग्रन्थों पर ही टीका नहीं की है अपितु 'रूपकमाला' जैसे भाषा काव्य पर भी संस्कृत में अवचूरि की रचना की है। वस्तुतः कवि कृत अवचूरि पठन योग्य है।

औपदेशिक और कथासाहित्य

कवि स्वयं तो सफल प्रचारक और उपदेशक थे ही। 'अन्य श्रमण भी प्रचार और उपदेश में सफलता प्राप्त करें' इसी विचारधारा से कवि ने औपदेशिक और कथा साहित्य की सृष्टि की।

व्याख्याता का 'जनरञ्जन' करना सर्वप्रथम कर्त्तव्य है और जनरञ्जन तब ही सम्भव है जबकि उपदेश के बीच-बीच में प्रासंगिक और औपदेशिक श्लोकों की छटा बिखेरी जाय और चुलबुले चुटकले या कहानियों का जाल बिखेरा जाय।

गाथा-सहस्री इसी औपदेशिक और प्रासंगिक श्लोकों की पूर्ति-स्वरूप ही बना है इसमें अनेकों ग्रन्थों के चुने हुये फूलों के समान सौगन्ध्य बिखेरते हुये उत्तम-उत्तम पद्यों का चयन किया गया है; और वे भी सब ही विषयों के हैं। इससे कवि की भ्रमर की तरह चयन शक्ति का श्रेष्ठ परिचय प्राप्त होता है।

कथा-साहित्य के भण्डार को समृद्ध करने की दृष्टि से 'कथा-कोष' रचा गया। इसमें छोटे-मोटे, रसपूर्ण, अनेकों आख्यायिकायें हैं जो श्रोता को मुग्ध करने में अपनी सानी नहीं रखती हैं। किन्तु अफसोस है कि यह चुटकलों और आख्यायिकाओं भण्डार आज हमें प्राप्त नहीं है; है तो भी अपूर्ण रूप में। अतः तज्ज्ञों का कर्त्तव्य है कि इसकी प्राप्ति के लिये अनुसन्धान करें।

संस्कृत भाषा सर्वग्राह्य न थी, क्योंकि सामान्य उपदेशक भी इससे अनभिज्ञ थे। अतः कवि ने सर्वग्राह्य दृष्टि से प्रान्तीय भाषाओं में 'रासक और चतुष्पदियों' की रचना की है; जिसकी तालिका हम ऊपर दे आये हैं। ये 'रास' संस्कृत के काव्यों की तरह ही काव्य शास्त्रों के लक्षणों से युक्त प्रान्तीय भाषा के कलेवर से सुसज्जित किये गये हैं। कवि के रासक साहित्य में 'सीताराम चतुष्पदी' और 'द्रौपदी चतुष्पदी' महाकाव्यों की तरह ही विशद और अनुपम सौन्दर्य को धारण किये हुये हैं। इनके रासक जनरञ्जन के साथ विद्वज्जनों के हृदय को आह्लादित कर रसाभिव्यक्ति करने में भी समर्थ हैं। कवि ने 'कथा' के साथ प्रसङ्ग-प्रसङ्ग पर जो धार्मिक अनुष्ठानों की, उपदेशों की बहार दिखाई है, उससे रसाभिव्यक्ति के साथ जीवन की उत्कट श्रद्धा और विश्व-प्रेम का भी अभ्युदय होता दिखाई देता है।

कई संस्कृतनिष्ठ विद्वान भाषा-साहित्य की उपहास किया करते हैं, वे यदि कवि के रासक-साहित्य का अध्ययन करें तो उन्हें अपनी विचार-सरणि अवश्य बदलनी पड़ेगी।

भाषा-विज्ञान की दृष्टि से तो ये 'रास' बड़े ही उपयुक्त हैं। *१७ वीं शती के भाषा के स्वरूप को स्थिर करने के लिये इन रासों* में काफी सामर्थ्य है। आवश्यकता है केवल वैज्ञानिक दृष्टि से अनुसंधान करने की।

सङ्गीत-शास्त्र

विश्व को आकर्षित और अभिभूत करने का जितना सामर्थ्य संगीत-शास्त्र में है उतना सामर्थ्य और किसी साहित्य में नहीं। यही कारण है कि महाकवियों ने अपने काव्यग्रन्थों को 'छन्दस्यूत' किये हैं। पद्य में छन्दों का निर्माण संगीतशास्त्र की नैसर्गिकता और अनिर्वचनीयता प्रगट करता है। ताल, लय, गण, गति और और यति आदि संगीत के ही प्रमुख अंग हैं और ये ही छन्दज्ञों ने स्वीकार किये हैं। इसी कारण पद्य काव्य श्रव्य काव्य कहलाते हैं।

भाषा-साहित्यकारों ने जनता को आकृष्ट करने के लिये गेय पद्धति अपनाई। प्रसिद्ध-प्रसिद्ध देशीयें, ख्याल, तर्जें आदि का प्रमुखता से अपनी रचनाओं में स्थान दिया। यह अनुभव सिद्ध है कि जनता ने अपने हृदय में जितना स्थान इन 'गेयात्मक' काव्यों को दिया, उतना और किसी को नहीं।

संगीत में प्रमुख ६ राग और छत्तीस रागिनियाँ हैं और इन्हीं के भेदानुभेद, मिश्रभाव और प्रान्तीय आदि से सैंकड़ों नयी रागिनियों का निर्माण माना गया है।

कवि भी संगीत की प्रभावशालिता को पहिचान कर इसका आश्रय ग्रहण करता है और स्वछन्दता के साथ गंगा-प्रवाह के समान मुक्त रूप से गेय गीतों और काव्यों की रचना करता है। कवि का गेय साहित्य इतना प्रवाहशील और व्यापी है कि परवर्ती कवियों को यह कहना पड़ा कि "समयसुन्दर रा गीतड़ा, कुम्भे रांणे रा भीतड़ा।"

कवि का वर्चस्व इस साहित्य पर भी फैला हुआ है। कहीं तो कवि गुरुवर्णन* करता हुआ ६ राग और छत्तीस रागिणी के

* कु० पृ० ३६५.

के नाम देता है, तो कहीं भगवान ¶ की स्तुति करता हुआ द्व्यर्थी रूप ४४ रागों के नाम गिनाता है, तो कहीं एक ही स्तव १७ रागों ‡ में बनाकर अपनी योग्यता प्रकट करता है, कहीं प्रत्येक पृथक् पृथक् रागों में मुक्तक-काव्यों की रचना करता दिखाई दे रहा है।

कवि ने अपने गीत और रासक साहित्य में प्राय: प्रत्येक राग-रागिनियों समावेश किया है। केवल राग-रागिनियें ही नहीं; सिन्ध, गुजरात, दूंढाड़, मारवाड़, मेड़ती, मालवी आदि देशों की प्रसिद्ध देशियों का समावेश कर अपने ग्रन्थों को 'कोष' का रूप प्रदान किया है। कवि के द्वारा गृहीत व निर्मापित देशियों की टेकपंक्तियों को आनन्दघन, कवि ऋषभदास, नयसुन्दर आदि अनेक परवर्ती कवियों ने उपयोग किया है।

कवि की राग-रागिनियों की विशदता का आस्वादन करने के लिये देखिये, सीताराम चौपाई आदि रासक और तत्संबंधीय उल्लेख, जैन गुर्जर कविओ भाग १।

अनेक भाषा-ज्ञान

प्राकृत, संस्कृत, सिन्धी, मारवाड़ी, राजस्थानी हिन्दी, गुजराती आदि भाषाओं पर कवि का अच्छा अधिकार था। कवि ने इन प्रत्येक भाषाओं में अपनी रचनायें की हैं। इन प्रत्येक भाषाओं के ज्ञान का महत्व भाषा-विज्ञान की दृष्टि से अत्यधिक है।

भाषा पर अधिकार होने के पश्चात् रचना करना सरल है किन्तु दो भाषाओं में संयुक्त रूप में रचना करना अत्यन्त ही दुष्कर है। समसंस्कृत और प्राकृत भाषा में रचना करना वैदग्ध्य का सूचक है। कवि इन दोनों ही भाषाओं में समान रूप से अपनी पटुता दिखलाता है:—

¶ कु० पृ० ६३। ‡ कु० पृ० १४६।

"लसएणाण–विणाण–सणाण–मेहं,
कलाभिः कलाभिर्युतात्मीयदेहम् ।
मणुएणां कलाकेलिरूवाणुगारं,
स्तुवे पार्श्वनाथं गुणश्रेणिसारम् ।१।
सुआ जेण तुम्हाण वाणी सहेणं,
गतं तस्य मिथ्यात्वमात्मीयमेयम् ।
कहं चंद मज्झिल्ल पीउसपाणं,
विषापोहकृत्ये भवेन्न प्रमाणम् ।२।
लुद्दप्पायपंके रुद्दे जे अ भत्ता,
लभे ते सुखं नित्यमेकाग्रचित्ताः ।
कहं निप्फला कप्परुक्खस्स सेवा,
भवेत्प्राणिनां भक्तिभाजां सदेवा ।३।
[पार्श्वनाथाष्टक कु० पृ० १८२]

समसंस्कृत-प्राकृत की रचनायें साहित्य में नहीं के समान ही हैं। इस प्रकार की रचनाओं का प्रादुर्भाव आचार्य हरिभद्र की 'संसार दावा' स्तुति से होता है और विस्तार आचार्य जिनवल्लभ के 'भावारिवारण स्तोत्र' और 'प्रश्नोत्तर षष्ठिशतक' काव्य में। इस प्रकार की कवि की यह एक ही रचना है। केवल संस्कृत-प्राकृत मिश्र ही नहीं, हिन्दी और संस्कृत मिश्र कृति का भी चमत्कार देखियेः—

"भलूँ आज भेट्युं, प्रभोः पादपद्मं,
फली आस मोरी, नितान्तं विपद्मम्।

गयुँ दुःखनासी, पुनः सौम्यदृष्ट्या,
थयुं सुक्ख भाभूँ, यथा मेघवृष्ट्या ।१।
जिके पार्श्व केरी, करिष्यन्ति भक्तिं,
तिके धन्य बारु, मनुष्या प्रशक्तिम् ।
भली आज वेला, मया वीतरागाः,
खुशी मांहि भेट्या, नमद्देवनागाः ।२।
तुमे विश्वमांहे, महाकल्पवृक्षा,
तुमे भव्य लोकां, मनोऽभीष्टदक्षा ।
तुमे माय बाप, प्रियाः स्वामिरूपाः,
तुमे देव मोटा, स्वयंभू स्वरूपाः ।३। आदि.
[पार्श्वनाथाष्टक, कु० पृ० १६६]

कवि जन्मतः राजस्थानी होता हुआ भी 'सिन्धी' भाषा पर अच्छा अधिकार रखता है । देखिये कवि की पटुताः—

"मरुदेवी माता इवै आखइ, इद्धर उद्धर कितनुं भाखइ ।
आउ आषाढइ कोल ऋषभजी, आउ असाढइ कोल ।१।

× × ×

मिट्ठा वे मेवा तैकुं देवां, आउ इकट्ठे जेमण जेमां ।
लावां खूब चमेल ऋषभजी, आउ असाढइ कोल ।२।

× × ×

आवो मेरे बेटा दूध पिलावां, बही बेड़ा थोदी में सुख पावां ।
मञ असाढ़ा बोल ऋषभजी, आउ असाढा कोल ।७।

तुं जगजीवन प्राण आधारा, तूँ मेरा पुत्ता बहुत पियारा।
तैथूँ वंजा घोल ऋषभजी, आउ असाड़ा कोल।८।"
[कु० पृ० ६१]

❀ ❀ ❀

"साहिब मइडा चंगी सूरति, आ रथ चढीय आवंदा हे भइणा।
नेमि मइकुं भावंदा हे।
भावंदा हे मइकुं भावंदा हे, नेमि असाड़े भावंदा हे।१।
आया तोरण लाल असाड़ा, पसुय देखि पछिताउंदा हे भइणा।२।
ए दुनिया सब खोटी यारों, घरमउ ते दिलु धाउंदा हे भइणा।३।
कूड़ी गल्ल जीवां दइ कारणि, जादुं कितकूँ जावंदा हे भइणा।४।
घोडु असाड़इ संयम गिद्धा, सचा राह सुणावंदा हे भइणा।६।
इंवै राजुल राणी आखै, संयम मइकुं सुहावंदा हे भइणा।७।

❀ ❀ ❀

[नेमिस्तव कु० पृ० १३२]

इसी प्रकार मृगावती चतुष्पदी तृतीय खण्ड नवमी ढाल, सिन्धी भाषा में ही ग्रथित है।

कवि ने सर्व प्रथम राजस्थानी में ही लेखनी उठाई, किन्तु ज्यों ज्यो उसके भ्रमण का क्षेत्र विस्तृत होता गया त्यों-त्यों उसका भाषा-ज्ञान भी विस्तृत होता गया और वह प्राचीन हिन्दी, गुजराती सिन्धी आदि में भी साहित्य के भण्डार को भरता गया। प्राचीन हिन्दी, राजस्थानी और गुजराती सम्मिश्रित तो प्रस्तुत ग्रन्थ है ही।

प्रस्तुत-संग्रह

प्रस्तुत संग्रह क्या भक्त की दृष्टि से, क्या उपदेशक की दृष्टि से, क्या उपदेश-पदों की दृष्टि से, क्या क्रियावादियों की दृष्टि से, क्या वर्णनात्मक दृष्टि से, क्या लोकोक्तियों की दृष्टि से, क्या ऐतिहासिकों की दृष्टि से, क्या संस्कृत-प्राकृत के विद्वानों की दृष्टि से अर्थात् सर्वांग दृष्टि से अत्यन्त ही महत्वपूर्ण है। भक्त की दृष्टि से देखिये तो चौवीसी, वीसी, तीर्थंकरों के स्तव, तीर्थ-स्तव, प्राचीन महर्षियों के गीत, सद्गुरुओं के गीत आदि की सामग्री इतनी भरी पड़ी है कि भक्त इसी गंगा की पावन-धरा में डुबकियां लगाता चला जाय, आराध्यों और सद्गुरुओं को प्रसन्न करता चला जाय अर्थात् इस संग्रह में इतनी सामग्री है कि सबका अध्ययन कर, हृदयंगम करने में भक्त असमर्थ ही रहेगा। भक्त की भक्ति के लिये संग्रह के कुछ गीत और स्तवन ही पर्याप्त हैं। उदाहरण स्वरूप सुविधिनाथ का स्तवन ही देखिये :—

प्रभु तेरे गुण अनन्त अपार।
सहस रसना करत सुरगुरु, कहत न आवे पार। प्र०।१।
कोण अम्बर गिणै तारा, मेरु गिरी को भार।
चरम सागर लहरि माला, करत कोण विचार। प्र०।२।
भगति गुण लवलेश भाखुं, सुविध जिन सुखकार।
समयसुन्दर कहत हमकुं, स्वामी तुम आधार। प्र०।३।
(सुविधि जिन स्तवन, राग-केदार, पृ० ७)

प्रभु के सौन्दर्य का वर्णन करते हुये कवि की लेखनी का आस्वादन कीजिये :—

पूरण चन्द जिसौ मुख तेरो, दंत पंक्ति मचकुंद कली हो।
सुन्दर नयन तारिका शोभत, मानु कमल दल मध्य अली हो।२।
(अजितजिन स्तवन)

भक्त कवि के कोमल-हृदय का अवलोकन कीजिये:—

तुम मूँ विचि अन्तर घणउ, किम करूँ तोरी सेव।
देव न दीधी पांखड़ी, पणि दिल में तूँ इक देव ॥२॥
(सीमन्धर गीत)

दियां पांख बिना किम वांदूं, पणि माहरूँ मन त्यांह रे ॥२॥
(बाहुजिन गीत)

पणि मुझ नइ संभारज्यो, तुम्ह सेती हो घणी जाण पिछाण।
तुमे नीरागी निसप्रीही, पणि म्हारइ तो तुमे जीवन प्राण ॥
(अजितवीर्य जिन गीतम्)

अहो मेरे जिन कुँ कुण ओपमा कहूं।
काष्ठकलप चिन्तामणि पाथर, कामगवी पशु दोष ग्रहुँ।अ०।१।
चन्द्र कलंकी समुद्र जल खारउ, सूरज ताप न सहूं।
जल दाता पणि श्याम वदन घन, मेरु कृपण तउ हुं किम सदहुं।२।
कमल कोमल पणि नाल कंटक नित, संख कुटिलता बहुं।
समयसुंदर कहइ अनंत तीर्थंकर, तुम मइं दोष न लहुँ। अ०।३।
(अनन्तजिन गीतम्)

प्रभु-दर्शन से कवि का मन-मयूर नाच उठता है:—

तुम दरसण हो मुझ आणंद पूर कि,
जिम जगि चन्द चकोरड़ा ।

तुम दरसण हो मुझ मन उछरंग कि,
मेह आगम जिम मोरड़ा। मो०।१२।
तुम नामइ हो मोरा पाप पुलाइ कि,
जिम दिन ऊगइ चोरड़ा।
तुम नामइ हो सुख संपति थाय कि,
मन वंछित फलइ मोरड़ा। मो० १३।
हुँ मांगूँ हो हिव अविहड़ प्रेम कि,
नित नित करूँय निहोरड़ा।
मुझ देज्यो हो सामी भव भव सेव कि
चरण न छोड़ूं तोरड़ा। मो०।१४।

(शीतलनाथ स्तवन)

कवि अपने को वीतराग के पथ पर चल सकने के अयोग्य अनुभव करते हुए भी, जो आत्म विश्वास प्रकट करता है वस्तुतः वह स्तुत्य है:—

सुधउ संजम नवि पलइ, नहिं तेहवउ हो मुज दरसण नाण।
पण आधार छइ एतलउ,एक तोरउ हो धरूँ निश्चल ध्यान। वी.१६।

(वीर स्तवन)

तूं गति तूं मति तूं धणी जी, तूं साहिब तूं देव।
आण धरूं सिर ताहरी जी, भव भव ताहरी सेव।३१। कु०।

(आदिनाथ स्तव)

कवि केवल भगवद् स्वरूप को ही भक्ति का आधार मानकर नहीं चल रहा है, अपितु बाल्यक्रीड़ा को भी भक्ति का एक अङ्ग स्वीकार कर वात्सल्य-भावना में रस विभोर हो जाता है :—

पालणइइ पउढ्यउ रमइ म्हारउ बालुयड़उ,
हींडोलइ अचिरा माय म्हारउ नान्हड़ियउ ॥१॥
पग घूघरड़ी घमघमइ म्हारउ बालुयड़उ,
ठम ठम मेल्हइ पाय म्हारउ नान्हड़ियउ ।

(शान्तिनाथ हुलरामणा गीतम्)

मिट्ठा बे मेवा तैं कूँ देवां, आउ इकट्ठे जेमण जेमां ।
लावां खूब चमेल ऋषभजी, आउ असाड़ो कोल ।२।
कसबी चीरा पै बांधूँ तेरे, पहिरण चोला मोहन मेरे ।
कमर पिछेवड़ा लाल ऋषभजी, आउ असाड़ा कोल ।३।
काने केवटिया पैरे कड़िया, हाथे बंगा जवहर जड़िया ।
गल मोतियन की माल ऋषभजी, आउ असाड़ा कोल ।४।
बांगा लाटू चकरी चंगी, अजब उस्तादां बहिकर रङ्गी ।
आंगण असाड़े खेल ऋषभजी, आउ असाड़ा कोल ।५।
नयण वे तैंडै कज्जल पावां, मन भावइदां तिलक लगावां ।
रूढड़ा कैंदे कोल ऋषभजी, आउ असाड़ा कोल ।६।
आवो मेरे बेटा दूध पिलावां, बही बेड़ा गोदी में सुख पावाँ ।
मक्ष असाड़ा बोल ऋषभजी, आउ असाड़ा कोल ।७।

(आदि स्तव)

× × ×

भक्ति की तन्मयता में कवि जीवन का अनुराग पक्ष भी नहीं भूलता है। राजीमति के शब्दों में अनुराग को किस खूबी से प्रकट करता है। देखिये:—

दीप पतंग तणइ परि सुपियारा हो,
एक पखो मारो नेह; नेम सुपियारा हो।
हुं अत्यन्त तोरी रागिणी सुपियारा हो।
तुं काइ घे मुझ छेह; नेम सुपियारा हो।१।
संगत तेसुं कीजिये, सु० जल सरिखा हुवे जेह; ने० सु०।
आवटणुं आपणि सहै, सु० दूध न दाझण देय; ने० सु०।२।
ते मिल्या गुणवंतजी, सु० चंदन अगर कपूर; ने० सु०।
पीडंता परिमल करै, सु० आपइ आणंद पूर; ने० सु०।३।
मिलतां सुं मिलीयै सही, सु० जिम बापीयडो मेह; ने० सु०।
पिउ पिउ शब्द सुणी करी, सु० आम मिले सुसनेह; ने० सु०।४।
हुं सोना नी मूँदडी, सु० तुं हिव हीरो होय; ने० सु०।
सरिखइ सरिखइ जउ मिलइ, सु. तउ ते सुंदर होय; ने० सु०।५।

(नेमिस्तव)

× × ×

अनुराग के साथ साथ कवि राजीमती एवं गौतम के शब्दों द्वारा जिस सरणि से वियोग एवं विछोह का वर्णन करता है; वह सचमुच में साहित्य-निधि में एक अनमोल रत्न है। वियोग सम्बन्धित अनेकों गीत इस संग्रह में संग्रहीत हैं। पाठकों को अवलोकन कर रसास्वादन कर लेना चाहिये।

कवि के हृदय में गुरु भक्ति और गच्छनायक के प्रति अटूट श्रद्धा थी। कवि ने दादा साहब श्री जिनदत्तसूरि और श्री जिन-कुशलसूरि जी के बहुत से स्तवन बनाए हैं। श्री जिनकुशलसूरि जी

के परचों का चमत्कारी * उल्लेख भी अपनी कृतियों में किया है। श्री जिनचन्द्रसूरि जी के बहुत से गीत, अष्टक आदि में ऐतिहासिक सामग्री के साथ-साथ गुरु-भक्ति भी प्रत्यक्ष दृष्टिगोचर होती है। इसी प्रकार श्री जिनसिंहसूरि, श्री जिनराजसूरि और श्री जिनसागरसूरि के पद अष्टकादिक भी बनाये हैं। श्री जिनचन्द्रसूरि अष्टक व आलजा गीत आदि अनेक गीत भावपूर्ण व धारावाही मुक्तकों में बद्ध हैं। श्री जिनसिंहसूरि के प्रति अगाध भक्ति पूर्ण पंक्तियाँ उदाहरण स्वरूप देखियेः—

मुझ मन मोह्यो रे गुरुजी, तुम्ह गुणे जिम बाबीहड़उ मेहो जी।
मधुकर मोह्यो रे सुन्दर मालती, चन्द चकोर सनेहो जी। मु.।१।
मान सरोवर मोह्यो हंसलउ, कोयल जिम सहकारो जी।
मयगल मोह्यो रे जिम रेवा नदी, सतिय मोहो भरतारो जी। मु.।२।
गुरु चरणे रंग लागउ माहरउ, जेहवउ चोल मजीठो जी।
दूर थकी पिण खिण नवि वीसरइ, वचन अमीरस मीठो जी। मु.।३।
सकल सोभागी सह गुरु राजियउ, श्री जिनसिंघ सूरीसो जी।
समयसुंदर कहइ गुरु गुण गावतां, पूजइ मनह जगीसो जी। मु.।४।

(कुसुमाञ्जलि पृष्ठ ३८७)

गुरु दीवउ गुरु चन्द्रमा रे, गुरु देखाड़इ बाट।
गुरु उपगारी गुरु बड़ा रे, गुरु उतारइ घाट ॥२॥

(जिनसिंहसूरि गीत)

× × ×

उपदेशक की दृष्टि से देखिये, तो पृष्ठ ४२० से ४६३ तक औपदेशिक गीत ही गीत मिलेंगे। पृष्ठ २४७ से पृष्ठ ३४३ तक पूर्व

* "आयो आया जी समरता दादौ आयौ"—कुसुमाञ्जलि पृष्ठ ३५०

के महा महर्षि और महासतियों के स्वाध्याय और गीत प्राप्त होंगे। इन दोनों के आधार पर ही उपदेशक यदि चाहे, तो कुछ दिन या मास तो क्या, वर्षों व्यतीत कर सकता है और सफलता सह उपदेशों के साथ अपने धर्मों का प्रचार भी कर सकता है।

उपदेशक-पदों की दृष्टि से—मुमुक्षुओं के त्याग-वैराग्य में वृद्धि हो एवं प्रसंग आने पर वे क्रोध-कषाय आदि शत्रुओं से दूर रहकर आत्मगुण प्राप्ति के भिन्न-भिन्न साधनों द्वारा आत्मोन्नति कर सकें, इसके लिये कविवर ने पद-रचना कर पर्याप्त उपकार किया है। इस प्रकार के पदों का स्वाध्याय करने वाले की आत्मा कुव्यापारों से बचकर सदाचार की ओर अग्रसर होती है। इस प्रकार के गीतों में भिन्न-भिन्न राग-रागनियों के चमत्कार के साथ-साथ बोध देने वाली चेतावनी भी दी गई है। क्रोध, मान, माया, लोभ, निन्दा, स्वार्थ, मात्सर्य इत्यादि नाना विषयों के परिहार के साथ-साथ जीव प्रतिबोध, पारकी होड़ निवारण, बड़ी लाखीणी, उद्यम, भाग्य, घड़ियाली, जीवदया, मरण-भय सन्देह, वीतराग-सत्यवचन, पठन-प्रेरणा, क्रिया-प्रेरणा, दान, शील, तप, भावना, स्वर्ग प्राप्ति, नरक प्राप्ति आदि नाना प्रकार के विषयों पर पदों की रचना कर कवि ने सुन्दरतम भाव व्यक्त किये हैं।

क्रियावादियों की दृष्टि से—इसमें तनिक भी सन्देह नहीं कि आप ज्ञान के प्रबल पक्षपाती और उपासक थे आपकी दीर्घायु ज्ञानोपार्जन, ग्रन्थप्रणयन, स्वाध्याय, पठन-पाठन व धर्मोपदेश में व्यतीत हुई। आप ज्ञान के साथ-साथ क्रिया को भी बड़े आदर पूर्वक करते रहने का मनोभाव सर्वत्र व्यक्त करते रहे हैं। तपश्चर्या, पर्वाराधन आदि स्तवनों से यह स्पष्ट है। पञ्चमी स्तवन में "क्रिया सहित जो ज्ञान, हुवइ तो अति परधान। सोनो ने सुरो ए, सङ्ख दूधे भरयो ए" कहकर क्रिया की महत्ता स्वीकार की है। क्रिया प्रेरक स्वाध्याय में क्रिया की सजीवता देखिये :—

क्रिया करउ, चेला क्रिया करउ,
क्रिया करउ जिम तुम्ह निस्तरउ । क्रि० ।१।
पड़िलेहउ उपग्रण पातरउ,
जयणा सुं काजउ ऊधरउ । क्रि० ।२।
पड़िकमतां पाठ सुध उचरउ,
सहु अधिकार गमा सांभरउ । क्रि० ।३।
काउसग्ग करता मन पांतरउ,
चार आंगुल पग नउ आंतरउ । क्रि० ।४।
परमाद नइ आलस परिहरउ,
तिरिय निगोद पड़ण थी डरउ । क्रि० ।५।
क्रियावंत दीसइ फूटरउ,
क्रिया उपाय करम छूटरउ । क्रि० ।६।
पांगलउ ज्ञान किस्यउ कामरउ,
ज्ञान सहित क्रिया आदरउ । क्रि० ।७।
समयसुन्दर दइ उपदेश खरउ,
मुगति तणउ मारग पाधरउ । क्रि० ।८।

ज्ञान क्रिया के सम्बन्ध में आपके उपरोक्त विचार आज भी समाज के लिये मार्ग दर्शक हैं ।

वर्णनात्मक दृष्टि से—कवि ने पौराणिक चरित्रों के वर्णन में भी अपने युग की छाप अङ्कित की है, जिससे व्याख्यानादि में बड़ी ही सजीवता और रोचकता आ जाती है । मृगावती चौपाई में चित्रकार का वर्णन करते हुए अपने युग के भित्ति चित्रों का सुन्दर चित्रण किया है । राम, सीता, गणेश, काबुली,

फिरङ्गी आदि की वेशभूषा का भी सुन्दर निदर्शन किया है। इसी प्रकार स्त्रियों को आभूषण की कितनी चाह होती है, इस पर गौर्जरीय नारियों की मनोवृत्ति का दिग्दर्शन भी कराया है। कवि द्वारा प्राकृतिक सुषमा का चित्रण, प्रतिहारी का चित्रण, पुजारी, ब्राह्मणादि का और ज्योतिषी का चित्रण तो अपना स्वतन्त्र अस्तित्व रखता है। अन्तरङ्ग शृङ्गार गीत, नेमि शृङ्गार वैराग्य और चारित्र्य चूनड़ी आदि गीतों में तो उस युग के आभूषणों का भी उल्लेख किया है। उदाहरण स्वरूप देखिये:—

सिर राखड़ी, काने उगणियाँ, चुनी, कुण्डल, चूड़ा, हार, पमारड़उ, लोलणउ, चन्दलउ, नख फूल, बिन्दली, बीटी, कटिमेखला, वेडणी, काजल, महँदी, बिछिया, पुणछिया, गलइ दुलड़ी, चूनड़ी, नेउरी, तिलक आदि।

मुहावरों की दृष्टि से—कवि ने अपने युग में प्रचलित लोकोक्तियों का भी अपनी कृतियों में स्थान-स्थान पर, सुन्दर पद्धति से समावेश किया है। इससे उन कहावतों की प्राचीनता पर भी अच्छा प्रकाश पड़ता है। उदाहरण स्वरूप देखिये:—

आपणी करणी पार उतरणी, आप मुयाँ बिन
सरग न जाइयइ, बातें पापड़ किमही न थाइ,
सूता तेह विगूता सही जागतां काऊ उर भय नाहि,
सूँतारी पाडा जिणइ एह बात जग जाणे रे,
आप डूबे सारी डूब गई दुनियां,
दाहिनी आँख सखीमोरी फरकी "रंगमें भंग जणावइ हो"

संगीत-शास्त्र की दृष्टि से—केवल छः राग और छत्तीस रागिनियों का ही इसमें समावेश नहीं है, प्रत्युत इसके

साथ ही सिन्ध, मारवाड़, मेड़ता, मालव, गुजरात आदि के प्रान्तों की प्रसिद्ध-प्रसिद्ध देशीयें, रागिनियाँ, ख्याल आदि सभी इसमें प्राप्त हो जायेंगे। गेय-प्रेमी इस सङ्गीत-पद्धति से अत्यन्त ही प्रसन्न हो उठेगा, इसमें तनिक भी सन्देह नहीं है। उदाहरण स्वरूप जैसलमेर मण्डन पार्श्वनाथ का स्तवन ही देखिये, जो सत्रह रागों में खचित है—(पृ० १४६)।

ऐतिहासिकों की दृष्टि से—तीर्थमालाएँ (पृष्ठ ५४ से ६०) और तीर्थों के 'भास', तीर्थों के 'स्तवन', घंघाणी पार्श्वनाथ स्तवन, सेत्रावा स्तवन, राणकपुर स्तव, युग-प्रधान जिनचन्द्रसूरि—जिनसिंहसूरि-जिनराजसूरि-जिनसागरसूरि गीत और संघपति सोमजी वेलि आदि कृतियाँ बहुत ही महत्व रखती हैं। यदि अनुसन्धान किया जाय, तो हमें बहुत कुछ नये तथ्य और नई सामग्री प्राप्त हो सकती है।

भाषा-विज्ञान की दृष्टि से तो यह संग्रह महत्त्व का है ही। १७वीं शताब्दी की प्राचीन-हिन्दी, मारवाड़ी, गुजराती, सिन्धी आदि भाषाओं के स्वरूप को समझने के लिये और शब्दों के वर्गीकरण के लिये यह अत्यन्त सहायक होगा।

संस्कृत और प्राकृत के विद्वानों को भी उनके काल को मनोविनोद में व्यतीत करने के लिये इसमें प्रचुर सामग्री प्राप्त होगी। पहले-प्राकृत भाषा के काव्यों को ही लीजिये—

स्तम्भन पार्श्वनाथ स्तोत्र (पृ० १५५), नेमिनाथ स्तव (पृ० ६१५), पार्श्वनाथ लघुस्तव (पृ० १८५), यमकबद्ध पार्श्वनाथ लघुस्तव (पृ० ६१८),

समसंस्कृत-प्राकृत भाषा में—पार्श्वनाथाष्टक (पृ० १६६)।

सम हिन्दी-संस्कृतभाषा में—पार्श्वनाथाष्टक (पृ० १८६)।

संस्कृत भाषा में—शान्तिनाथ स्तव (पृ० १०३), चतुर्विंशति तीर्थंकर गुरुनाम गर्भित पार्श्वनाथ स्तव (पृ० १८४), पार्श्वनाथ-

यमकबद्ध-श्लेषबद्ध-शृङ्गाटकबद्ध-चलितशृङ्खलाबन्ध-कपाटशृङ्खला-बन्ध स्तवन-द्विअर्थीयुक्तस्तव (पृष्ठ १८६ से १६६, ३५७, ६१४)। नानाविध श्लेषमय आदिनाथ स्तोत्र (पृ० ६१५), नानाविध काव्य जातिमय नेमिनाथ स्तव (पृ० ६१६), समस्यामय पार्श्वनाथ बृहत्स्तव (पृ० ६१६), यमकमय पार्श्वनाथ लघुस्तव (पृ० ६२१), यमकमय महावीर बृहत्स्तव (पृ० ६२२)।

अष्टक और पादपूर्ति साहित्य भी देखने योग्य है :—

तृष्णाष्टक, रजोष्टक, उदच्छत्सूर्यबिम्बाष्टक, समस्याष्टक, समस्या-पूर्ति (पृष्ठ ४६४ से ५०० तक), पादपूर्ति रूप ऋषभ भक्तामर काव्य (पृष्ठ ६०३)

समस्या-पूर्ति में कवि-कल्पना की उड़ान तो देखिये:—

प्रभुस्नात्रकृते देवा नीयमानान् नभे घटान् ।
रौप्यान् दृष्ट्वा नराः प्रोचुः शतचन्द्रनभस्तलम् ॥१॥
रामया रममाणेन कामोद्दीपनमिच्छता ।
प्रोक्तं तच्चारु यद्येवं शतचन्द्रनभस्तलम् ॥२॥
हस्त्यारोहशिरस्त्राणश्रेणिमालोक्य संगरे ।
पतितो विह्वलोऽवादीत् शतचन्द्रनभस्तलम् ॥४॥
भुक्तधत्त रपूरत्वाद्भ्रान्तदृष्टिरितस्ततः ।
अपश्यत्कोऽपि सर्वत्र शतचन्द्रनभस्तलम् ॥६॥

इस प्रकार अनेक विध दृष्टियों से देखने के पश्चात् हम निर्विवाद कह सकते हैं कवि असाधारण मेधा-सम्पन्न सर्वतोमुखी प्रतिभावान था और था एक साहित्य-यज्ञ का महास्रष्टा भी। इस स्रष्टा की न जाने कितनी कृतियाँ इस साहित्य-ससार से विदा हो चुकी होंगी और न जाने आज जो प्राप्त हैं, वे भी सरस्वती-

भण्डारों में किस रूप में पड़ी-पड़ी बिलख रही होंगी! नाहटा बन्धुओं ने कवि के फुटकर संग्रह को सगृहीत करने का और परिश्रम उठाकर प्रकाश में लाने का जो प्रयत्न किया है एतदर्थ वे साहित्य-समाज की ओर से अभिनन्दनीय हैं।

उपसंहार

अन्त में मैं कवि की प्रतिभा के सम्बन्ध में वादीन्द्र हर्षनन्दन, कवि ऋषभदास और पंडित विनयचन्द्र कृत स्तुति द्वारा पुष्पाञ्जलि अर्पित करता हुआ अपनी भूमिका समाप्त करता हूँ:—

"तच्छिष्य-मुख्यदत्ताः, विद्वद्वर-समयसुन्दराह्वयः।
कलिकालकालिदासाः, गीतार्था ये उपाध्यायाः।
प्राग्वाटशुद्धवंशाः, षड्भाषागीतिकाव्यकर्त्तारः।
सिद्धान्तकाव्यटीका—करणादज्ञानहर्त्तारः।

(उत्तराध्ययन टीका)

× × ×

वचनकला-काव्यकला, रूपकला-भाग्यरञ्जनकलानाम्।
निस्सीमावधिभूयान्, सदुपाध्यायान् श्रुताध्यायान्।

× × ×

तेषां शिष्या मुख्या, वचन-कला कविकलासु निष्णाताः।
तर्क-व्याकृति-साहित्य-ज्योतिः समयतत्त्वविदः।
प्रज्ञाप्रकर्षः प्राग्वाटे, इति सत्यं व्यधायि यः।
येषां हस्तात् सिद्धिः, सन्ताने शिष्य-शिष्यादौ।
अष्टौ लक्षानर्थानेकपदे प्राप्य ये तु निर्ग्रन्थाः।
संसारः सक सुभगाः, विशेषतः सर्वराजानाम्।

(मध्याह्नव्याख्यान पद्धति)

× × ×

येषां वाणिविलासानां, गीतकाव्यादियोजना।
प्रकाशते कवीशत्वं, स्वगच्छ-परगच्छभिः।

× × ×

तेषां मुख्या शिष्याः, चतुर्थपरमेष्ठिनः कलाचतुराः।
कलिकालकालिदासा; उत्थालसरस्वतीरूपाः।

× × ×

सुसाधु हंस समयो सुरचन्द, शीतल वचन जिम शारद चन्द।
ए कवि मोटा, बुद्धि विशाल, ते आगलि हुँ मूरख बाल॥

(कवि ऋषभदास)

ज्ञानपयोधि प्रबोधि वारे, अभिनव शशिहर प्राय,
